रांची, शुक्रवार
10:11:2023
web: www.rashtriyakhabar.com

देश/विदेश 11 हमले में अवकीवका शहर पूरी तरह तबाह .. .. ..
झारखंड 9 दो महिला समेत चार आरोपी गिरफ्तार .. ..
अभिव्यक्ति 6 मुफ्त अनाज यानी खराब अर्थव्यवस्था
तनीषा मुखर्जी ने झलक .. 10



अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 12 अंक » 306 | epaper.rashtriyakhabar.com | कार्तिक, कृष्णपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

पितृं पैतामहं राज्यं प्राप्तवान्स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिताद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः॥

भावार्थ : पूर्वजों से प्राप्त राज्य भी अपने अनीतिपूर्ण कार्यों द्वारा राजा वैसे ही बरबाद कर लेता है जैसे वायु के तेज झोंके से मेघ विदीर्ण हो जाते हैं।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 28.00 °c | 16.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 17 .05 बजे
सूर्योदय (कल) » 05 .59 बजे

## महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश

**नई दिल्ली**: तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा को सांसद के रूप में बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और उनकी सदस्यता समाप्त कर दी जानी चाहिए। उनके खिलाफ कैश-फॉर-क्वेरी आरोपों की जांच कर रही संसदीय आचार समिति ने सिफारिश की है। समिति ने महुआ मोइत्रा के कार्यों को अत्यधिक आपत्तिजनक, अनैतिक, जघन्य और आपराधिक बताते हुए कहा कि वह कड़ी सजा की मांग करती है। इस 500 पेज की रिपोर्ट सार्वजनिक कैसे हुई, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन मीडिया को इस रिपोर्ट की जानकारी मिली है। इस रिपोर्ट के मूल हिस्से में समिति ने यह भी सिफारिश की है कि पूरे मामले की कानूनी, गहन, संस्थागत और समयबद्ध जांच की जाए। समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि महुआ मोइत्रा ने अनधिकृत व्यक्तियों के साथ यूजर आईडी साझा की थी, व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से नकदी और सुविधाएं ली थीं और यह उनकी ओर से गंभीर दुष्कर्म था जिसके लिए गंभीर सजा की आवश्यकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, श्रीमती महुआ मोइत्रा और श्री दर्शन हीरानंदानी के बीच क्विड प्रो क्वो के एक हिस्से के रूप में नकद लेनदेन की जांच भारत सरकार द्वारा कानूनी, संस्थागत और समयबद्ध तरीके से की जानी चाहिए।

## रूस ने पाकिस्तान से हथियार वापस मांगे

**मॉस्को**: यूक्रेन में लंबे समय से चल रहे संघर्ष के कारण रूस मुश्किल स्थिति में है। इसने अपने सैन्य हथियारों को फिर से भरने के प्रयास में सहायता के लिए पूर्व रक्षा सहयोगियों की ओर रुख किया है। मॉस्को विशेष रूप से पाकिस्तान पर केंद्रित है। कई सालों से भारत के पड़ोसी देश ने रूसी सैन्य उपकरण खरीदे हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, रूस ने इस्लामाबाद से हेलीकॉप्टर के इंजन वापस करने को कहा है। ये एक खास हेलीकॉप्टर के लिए आवश्यक हिस्से हैं, जिसका यूक्रेन में व्यापक उपयोग देखा गया है। हालाँकि, पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया है कि रूस ने ऐसे किसी अनुरोध के साथ उससे संपर्क किया था। पाकिस्तान के साथ रूस की भागीदारी से संकेत मिलता है कि देश को अपने सैन्य प्रयासों में तत्काल सहायता की आवश्यकता है, जो अंतरराष्ट्रीय सैन्य गठबंधनों और रक्षा उद्योग पर संघर्ष के व्यापक प्रभावों का संकेत है।

## सीरिया के आतंकवादियों पर दोहरा हमला

**दमिस्क**: इजरायली और अमेरिकी सशस्त्र बलों ने बुधवार को एक-दूसरे के घंटों के भीतर सीरिया में ईरानी समर्थित समूहों को निशाना बनाते हुए अलग-अलग हवाई हमले किए, जिसमें कुल 12 लड़ाके मारे गए। सीरियाई राज्य मीडिया ने कहा कि इजरायली हवाई हमलों ने दक्षिणी सीरिया में सैन्य स्थलों पर हमला किया, जिससे भौतिक क्षति हुई। आधिकारिक समाचार एजेंसी साना ने एक सैन्य सूत्र के हवाले से कहा, आज दोपहर लगभग 22:50 बजे, इजरायली दुश्मन ने लेबनान में बालबेक की दिशा से दक्षिणी क्षेत्र में कुछ सैन्य बिंदुओं को निशाना बनाकर हवाई हमला किया, जिससे कुछ भौतिक नुकसान हुआ। इजरायली हवाई हमलों में तीन ईरान समर्थक लड़ाके मारे गए, क्योंकि उन्होंने सीरिया की राजधानी दमिश्क के पास हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह से संबंधित ठिकानों पर हमला किया था। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) युद्ध मॉनिटर के प्रमुख रामी अब्देल रहमान ने कहा, अकराबा और सैय्यदा जैनब के पास हिजबुल्लाह से संबंधित खेतों और अन्य साइटों पर इजरायली हमलों में तीन गैर-सीरियाई, ईरान समर्थक लड़ाके मारे गए।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

राजनीति

# चुनावी रण में मोदी और राहुल कर रहे हैं लगातार वार

## कांग्रेस का दुर्भाग्य की देश का पीएम चौकीदार है: मोदी

**मध्यप्रदेश के चुनावी रण में कांग्रेस और भाजपा दोनों ने अपनी ताकत झोंक दी है**



राष्ट्रीय खबर

**सतना**: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक बार फिर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के करप्शन काल में बिचौलियों की मौज थी, लेकिन पार्टी का दुर्भाग्य रहा कि जनता ने 2014 में दिल्ली में एक चौकीदार को बैठा दिया, जिसने कांग्रेस के इन सभी क्रियाकलापों पर ताला लगा दिया। श्री मोदी मध्यप्रदेश के सतना में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश का चुनाव बड़ा दिलचस्प है। इस बार प्रदेश का भविष्य माताएं बहनें तय करने वाली है। मतदान में अभी दिन बचे हैं, पर इसके पहले ही कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा पंचर होकर फूट गया है। उसकी हवा निकल गई है। उन्होंने कहा कि जब गुब्बारे की हवा निकलती है तो वो इधर उधर जाता है, वैसे ही हालत कांग्रेस के नेताओं की भी हो गई है। उन्होंने कहा कि वे आजकल जहां भी जाते हैं, वहां भव्य श्री राम मंदिर की चर्चा चलती है। उन्होंने इसी क्रम में सुंदरकांड की पंक्ति राम काजु कीन्हें बिनु, मोहि कहां विश्राम का संदर्भ देते हुए कहा कि यही पंक्ति बार-बार उनके मन में आती है और इससे उन्हें प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जिस भक्ति से राम मंदिर बनाती हैं, उसी भक्ति से चार करोड़ घर बनाती है। अगर सरकार भव्य संसद परिसर बनाती

» पेज 2 भी देखें

इस क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राहुल गांधी सहित कांग्रेस को निशाने पर ले रहे हैं। दूसरी तरफ राहुल गांधी ने उनके पुराने वादों को दोहराते हुए उन्हें लगातार झूठ बोलने का अभ्यस्त बताया है। मोदी भले ही इस बात की चर्चा नहीं कर रहे लेकिन जब भी मौका मिलता है, राहुल गांधी अडाणी के मुद्दे पर बोलने से नहीं चूकते। इससे साफ है कि वह इस मुद्दा को जिंदा रखना चाहते हैं। इसके अलावा भी ओबीसी का मुद्दा भी एक हथियार बना हुआ है। एक तरफ नरेंद्र मोदी यह कह रहे हैं कि कांग्रेस को देश का ओबीसी प्रधानमंत्री पसंद नहीं है। दूसरी तरफ राहुल गांधी कह रहे हैं कि बार बार खुद को ओबीसी बताने से बेहतर है कि नरेंद्र मोदी देश में जातिगत जनगणना कराये।

## राहुल ने दोहराया : हिंदुस्तान में जाति आधारित जनगणना होगी

राष्ट्रीय खबर

**अशोकनगर**: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज दृढ़ता के साथ दोहराते हुए कहा कि वे देश में जाति आधारित जनगणना के पक्ष में हैं और पार्टी की सरकार बनने पर ऐसा होकर ही रहेगा। जाति आधारित जनगणना का अनेक अवसर पर समर्थन कर चुके श्री गांधी ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अशोकनगर जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह बात दृढ़ता के साथ फिर दोहरायी। उन्होंने कहा कि चाहे जो भी हो जाए, देश में जाति आधारित जनगणना होकर रहेगी और इसके बाद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलित और आदिवासी वर्ग को उनका हक दिलाया जाएगा। श्री गांधी का कहना है कि वर्तमान में ओबीसी, दलित और आदिवासियों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है। इसकी वजह यह है कि देश में इनकी संख्या कितनी है, इसके बारे में वास्तविक स्थिति पता नहीं है। जाति आधारित जनगणना होने पर यह स्थिति साफ हो जाएगी और फिर तीनों वर्गों को उनकी संख्या के हिसाब से उनके साथ न्याय किया जाएगा। श्री गांधी ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे अंग्रेजी भाषा भी सीखें। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता हिंदी भाषा में पढ़ाई की बात करते हैं, लेकिन अपने बच्चों को शानदार अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ाते हैं। उन्होंने कांग्रेस शासित राज्य छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक

» पेज 2 भी देखें

अब मोबाइल उपभोक्ताओं के लिए अद्वितीय आईडी की सिफारिश

## साइबर धोखाधड़ी रोकने के लिए नई पहल

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली**: सरकार साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए मोबाइल उपयोगकताओं के लिए अद्वितीय आईडी पेश करेगी। साइबर धोखाधड़ी से निपटने के एक और उपाय में, दूरसंचार विभाग ने इस साल के अंत तक प्रत्येक मोबाइल उपभोक्ता के लिए एक विशिष्ट पहचान संख्या शुरू करने का निर्णय लिया है। विभाग के एक अधिकारी ने बताया, हालांकि एक व्यक्ति के पास कई फोन नंबर हो सकते हैं, लेकिन उसके पास एक ही यूनिक आईडी होगी। यूनिक आईडी आयुष्मान भारत मिशन के तहत जारी 14-नंबर वाली डिजिटल आईडी के समान होगी। उसने जोड़ा। यूनिक आईडी आने के बाद जब भी किसी फोन नंबर का इस्तेमाल साइबर क्राइम के लिए किया जाएगा तो उसके असली मालिक की पहचान आसानी से की जा सकेगी। अधिकारी ने कहा, यूनिक आईडी उस व्यक्ति के नाम पर मौजूद अन्य सिम कार्ड, उन्हें खरीदे जाने के स्थान, वर्तमान में सिम कार्ड के उपयोग के स्थान और अन्य विवरणों का पता लगाने में भी मदद करेगी।

नई आईडी लागू होने पर सिम कार्ड के मालिक को यह भी बताना होगा कि क्या इसे किसी रिश्तेदार के इस्तेमाल के लिए खरीदा गया था। देश में मौजूदा नियमों के तहत, एक व्यक्ति अधिकतम नौ सिम कार्ड रख सकता है, जम्मू कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों को छोड़कर, जहां यह संख्या छह है। किसी भी अतिरिक्त सिम को सरेंडर करना होगा। यदि यह पाया जाता है कि किसी व्यक्ति के पास आवंटित संख्या से अधिक सिम कार्ड हैं, तो अधिकारी पुनः सत्यापन भी करेंगे। इस बीच, दूरसंचार विभाग ने सिम कार्ड खरीदते समय उपभोक्ताओं द्वारा दूरसंचार कंपनियों को सौंपी गई तस्वीरों की जांच करने के लिए अपने ह्यएस्ट्राह्र सॉफ्टवेयर का उपयोग भी शुरू कर दिया है, ताकि अधिकतम सीमा से अधिक सिम कार्ड वाले लोगों की पहचान की जा सके। इसके बाद इस पहल के तहत अब तक करीब 64 लाख सिम कार्ड रद्द किए जा चुके हैं। संबंधित विकास में, एक नया नियम जो केवल पंजीकृत डीलरों द्वारा सिम कार्ड की बिक्री की अनुमति देता है, 1 दिसंबर से लागू होगा।

कांगचुप में एक महिला समेत दो लोगों की गोली मारकर हत्या

## शव की आंखों पर पट्टी, हाथ पीछे से बंधे, सिर पर गोली लगी

- सेना के जवान के परिवार के तीन का अपहरण
- म्यांमार की सीमा को सुरक्षा बलों ने सील किया
- तलाशी में म्यांमार के चालीस घुसपैठिये गिरफ्तार

भूपेन गोस्वामी




**गुवाहाटी** : मणिपुर पुलिस ने राज्य के कांगचुप इलाके से 8 नवंबर को आधी रात को दो अज्ञात व्यक्तियों, एक पुरुष और एक महिला के शव बरामद किए हैं। खबरों के अनुसार, संदेह है कि ये शव कुकी शादी समारोह का हिस्सा थे, जिन्हें कथित तौर पर कांगचुप इलाके से अगवा किया गया था। खबरों में कहा गया है कि इम्फाल पश्चिम के लामसांग पुलिस स्टेशन के तहत तैरेनपोकपी और एटम खुमान के बीच के क्षेत्र में महिला का शव बरामद किया गया, जिसके सिर पर गोली लगी थी। शव को उठाया गया और कल (8 नवंबर) शवगृह में जमा कर दिया गया।

एक अन्य घटना में इरिबुंग पुलिस ने कल इंफाल पूर्व में ताखोक मापल माखा पुरुकसौबी लूकोन पल्ली से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया।मणिपुर के कांगपोकपी जिले में कांग्चुप चिंगखोंग गांव के पास 7 नवंबर को एक चेक पॉइंट पर मैतेई लोगों की भीड़ ने एक वाहन रोककर उसमें सवार चार कुकी लोगों को अगवा कर लिया था। मणिपुर की राज्य पुलिस ने कहा कि कांगपोकपी जिले में भीड़ द्वारा अगवा किए गए भारतीय सेना के एक जवान के परिवार के तीन सदस्य अब तक नहीं मिले हैं। इनमें से तीन लोग एक सैनिक के परिवार के हैं। इनमें सैनिक की मां भी शामिल है।

जैसे ही लोगों के अगवा होने की खबर फैली, कुछ कुकी लोग हाथों में हथियार लिए घटनास्थल पर पहुंचे और कांग्चुप की तरफ फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में दो पुलिसकर्मियों और एक महिला समेत नौ लोग घायल हो गए। घायलों को इंफाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक, वाहन में एक 65 साल के बुजुर्ग

» पेज 2 भी देखें




पीके फिल्म की सोच अब सार्थक भी साबित होगा

# दिमाग से आपस में संवाद स्थापित करना संभव होगा

- प्रारंभिक प्रयोग उत्साहजनक रहा है
- कुछ शब्दों को समझने में दिक्कत आयी
- इस विधि को और विकसित करने का काम

राष्ट्रीय खबर



**लोग प्रति मिनट लगभग 150 शब्द बोलते हैं**

किसी ऑडियोबुक को आधी गति से सुनने की कल्पना करें। यह वर्तमान में उपलब्ध सर्वोत्तम भाषण डिकोडिंग दर है, जो लगभग 78 शब्द प्रति मिनट की गति से चलती है। हालाँकि, लोग प्रति मिनट लगभग 150 शब्द बोलते हैं। बोली जाने वाली और डिकोड की गई वाक दरों के बीच का अंतराल आंशिक रूप से अपेक्षाकृत कम मस्तिष्क गतिविधि सेंसरों के कारण होता है, जिन्हें मस्तिष्क की सतह के ऊपर रखे कागज जैसे पतले टुकड़े पर जोड़ा जा सकता है। कम सेंसर डिकोड करने के लिए कम समझने योग्य जानकारी प्रदान करते हैं।

**रांची**: प्रसिद्ध हिंदी फीचर फिल्म पीके का एक दृश्य है। इसमें थाना हाजत में आमिर खान और अनुष्का शर्मा आपस में बात कर रहे हैं। इसमें आमिर खान अपने गोले (घर) का जिक्र करते हुए कहता है कि वहां के लोग आपस में बात नहीं करते हैं। वे तो दिमाग से संपर्क स्थापित कर लेते हैं। इसलिए बोलने की जरूरत ही नहीं पड़ती। यह एक काल्पनिक कथा थी, जो भविष्य में सच साबित हो सकती है। दरअसल मस्तिष्क प्रत्यारोपण अकेले विचारों से संचार को सक्षम कर सकता है। प्रोस्थेटिक मस्तिष्क के वाक केंद्र से संकेतों को डिकोड करके यह अनुमान लगाता है कि कोई व्यक्ति क्या कहना चाह रहा है। ड्यूक न्यूरोसाइंटिस्ट, न्यूरोसर्जन और इंजीनियरों की एक सहयोगी टीम द्वारा विकसित एक स्पीच प्रोस्थेटिक

» पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

### दलित को प्रताड़ित करनेवाले कितने लोगों को कराया दंडित:मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छात्रों पर भारत बंद के दौरान हुए मुकदमा को उठाने संबंधी बयान को केवल दिखावा करार दिया। कहा कि मुख्यमंत्री को मुकदमा उठाने के साथ उनके चार वर्षों के कार्यकाल में आदिवासियों, दलितों पर अत्याचार करने वालों पर कठोर कार्रवाई भी करनी चाहिए थी। ईडी की जांच में फंसे मुख्यमंत्री हताश, परेशान हैं। पिछले चार वर्षों से आदिवासी, दलित समाज पर कहर बरसाने वाले, उनकी जमीन को लूटने-लुटवाने वाले मुख्यमंत्री मुकदमा उठाने की घोषणा कर रहे हैं। इसका स्वागत है पर मुख्यमंत्री बतायें कि आदिवासी दारोगा संध्या टोपनो को गो तस्करों के द्वारा ट्रक से कुचल कर मारनेवाले पर क्या कारवाई हुई। उनके विधायक प्रतिनिधि पर रूपा तिर्की के परिजनों के द्वारा लगाये गये आरोप पर क्या कारवाई हुई।आदिवासी, दलित बच्चियों के साथ हुए हजारों दुष्कर्मों पर क्या कार्रवाई हुई। पहाड़िया बेटी को टुकड़ों में काटनेवाले पर क्या कार्रवाई हुई।

**आभार** आदिवासी -मूलवासी संगठन ने हेमन्त सोरेन का जताया आभार, किया जोरदार स्वागत

# आदिवासियों मूलवासियों दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को पूरे मान- सम्मान के साथ दे रहे हक और अधिकार:मुख्यमंत्री

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** राज्य सरकार द्वारा 2 अप्रैल 2018 को भारत बंद के दौरान एसटी/ एससी विद्यार्थियों पर किए गए मुकदमे वापस लेने का निर्णय लिए जाने पर आदिवासी छात्र संघ और समस्त आदिवासी - मूलवासी संगठन और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का जोरदार स्वागत करते हुए आभार जताया जताया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने झारखंडी आत्मा की लड़ाई लड़ी थी। आप पर लाठी डंडे चले थे। आपके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए। इसे देखकर हमें भी काफी तकलीफ हुई थी। ऐसे में जब हमारी सरकार बनी तो इस तरह के मामलों में पूरी संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए झारखंड के आदिवासी -मूलवासी के हित में लगातार निर्णय ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका जोश और उत्साह को देखकर



सरकार को भी ताकत मिलती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 40 वर्षों के संघर्ष और आंदोलन के बाद हमें अलग झारखंड राज्य मिला । इस दौरान हजारों लोगों ने अपनी शहादत दी। लेकिन, अलग राज्य बन जाने के 20 वर्षों के बाद भी आदिवासी -मूल वासियों को उनका हक और अधिकार नहीं मिला। स्वाभिमानी झारखंडियों को हमेशा दिग्भ्रमित करने का प्रयास होता रहा। लेकिन, जब हमारी सरकार बनी तो यहां के आदिवासियों मूलवासियों दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार दे रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कोई ऐसा गिरोह है जो आदिवासियों -मूलवासियों को भ्रमित कर रहा है और सरकार की कार्यशैली को भी प्रभावित करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे गिरोह से हमें अलर्ट रहना है। उन्होंने कहा कि यहां काम करने वाले सभी लोगों को आदिवासी-मूलवासी के साथ मिलकर रहना सीखना होगा और उनकी भावनाओं का ख्याल करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार झारखंड और झारखंड वासियों के हितों, उम्मीदों, आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर लगातार कई निर्णय ले रही है । हमारे इन निर्णयों का परिणाम देखने को मिलना शुरू हो गया है और आने वाली पीढ़ी इसका और मजबूती के साथ फायदा उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के गठन के पूर्व जेपीएससी और जेएसएससी के द्वारा आयोजित होने वाले परीक्षाओं के लिए आवेदन शुल्क काफी ज्यादा होता था, जिसे हमारी सरकार ने कम करने का निर्णय लिया। अब प्रतियोगिता परीक्षाओं के आवेदन शुल्क को पूरी तरह माफ करने पर सरकार जल्द ही निर्णय लेगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप पढ़ाई पर पूरी तरह ध्यान रखें। आपको प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए सरकार की ओर से आर्थिक मदद की जा रही है। विदेश में भी पढ़ाई के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप सरकार दे रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे सरकारी क्षेत्र हो या निजी। नौजवानों को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है।

स्वागत में खड़े झारखंडवासी

## पीएम से कई घोषणाओं की अपेक्षा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** राज्य की स्थापना दिवस पर पीएम मोदी का राज्य में स्वागत है। उनके आने का यहां के आदिवासी पिछड़े, दलित समेत सभी लोगों को बेताबी से इंतजार है। लोगों के मन में है कि पीएम मोदी अगर राज्य स्थापना के विशेष मौके पर आते हैं, तो राज्य के लिए विशेष पैकेज का भी अपेक्षा रखते हैं। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में एचइसी की हालत गंभीर कर दिया है। हालात खास्ता है। इसके पुर्नविकास के लिए पैकेज देते,तो शायद राज्य के आदिवासियों,मूलवासियों को राहत महसूस होगी। भट्टाचार्या ने कहा कि 15 नवंबर राज्य के लिए विशेष उत्सव का दिवस है। इस दिन उनके आने से राज्य में काफी गहमागहमी रहेगी। यहां की जनता स्थापना दिवस के उत्साह में रहेंगे या फिर उनके स्वागत में खड़े रहेंगे। अगर संभव हो तो पीएम को उनके झारखंड आने का इस दिवस के चयन पर पुनर्विचार करना चाहिए। भट्टाचार्या ने पीएम से आग्रह किया है कि राज्य के मद में केंद्र सरकार के पास पड़ी बकाये की 36 लाख करोड़ रुपये भी मौके पर रिलीज कर देते,तो राज्य के दलित,आदिवासी,पिछड़ों के लिए लंबित योजनाएं पूरी करने में सहयोग मिलता। उन्होंने यह भी आशंका जाहिर की है कि झारखंड से सटे राज्य मध्य प्रदेश और छतीसगढ़ में चुनाव है। उनकी घोषणाओं से चुनाव प्रभावित न हो, इसका भी ध्यान रखेंगे, यही उनसे आग्रह है। आचार संहिता को देखते हुए यहां आकर घोषणा करेंगे, तो बेहत्तर होगा।

भाजपा जिला कार्य समिति सह विश्वकर्मा योजना की बैठक संपन्न

# कार्यकर्ता योजना का लाभ जनता तक पहुंचायें: कर्मवीर सिंह

**राष्ट्रीय खबर**

**देवघर:** झारखंड के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने क्या कहा कर्मवीर सिंह ने कहा की आज से ही आप सभी एक-एक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में लग जाए और देश के प्रधानमंत्री के द्वारा किए गए कार्यों को जनता को बतलावे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा विश्वकर्म योजना का लाभ जनता को कैसे अधिक से अधिक मिले इस पर सभी कार्यकताओं को अपने-अपने गांव में अपने-अपने मोहल्ले में जाकर लोगों को विश्वकर्म योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा दिलवा में और आत्मनिर्भर बनने एवं बनाने का संकल्प ले। वे गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी देवघर जिला की कार्य समिति की बैठक जसीडीह में संपन्न में बोल रहे थे। विधायक नारायण दास ने कहा आप सभी



कार्यकर्ता अब चुनाव की तैयारी में लग जाए और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं झारखंड में इस बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बनावे। राज्यसभा के पूर्व सांसद ने कहा अभयकांत प्रसाद ने कहा की साथियों अब लोकसभा एवं विधानसभा का चुनाव बहुत ही नजदीक आ गया है हम सभी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर गांव में जाकर किस प्रकार केंद्र एवं राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बनावे एवं अधिक से अधिक वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में पड़े उसे पर हम सभी कार्य करें इस कार्यक्रम के मन संचालन कर रहे है। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नारायण दास ने की, सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मालिया अर्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम के गीत से शुरू हुई। इस बैठक में प्रदेश के किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ,ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष पूर्व राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद, पूर्व विधायक बालेश्वर दास भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। विधायक नारायण दास ने सभी अतिथियों एवं कार्यकताओं का स्वागत भाषण देकर सम्मान एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। जनसंघ काल के पूर्व विधायक बालेश्वर दास, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सचिन रवानी, जिला मंत्री जूनियर बाबूलाल, मीडिया प्रभारी सचिन सुल्तानिया, कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह, आईटी सेल अमृत मिश्रा, विकास कुमार राय, विजया सिंह, अतुल सिंह, संतोष मुर्मू , राजेंद्र दास, विश्वनाथ रवानी, चंद्रशेखर खवाड़े, अनिरुद्ध झा, रवि रामानी, महेंद्र भोक्ता, कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद थे।

# अमर बाउरी ने मिट्टी के बर्तन की दुकान पर जाकर दीपावली की खरीदारी की

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:**दीपोत्सव के इस पावन पर्व पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ह्ववोकल फॉर लोकल मिशन को अपनाते हुए गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने रांची के हरमू रोड स्थित सड़क किनारे लगने वाले मिट्टी के बर्तन की दुकान पर जाकर दीपावली की खरीदारी की। इस दौरान उन्होंने डिजिटल पेमेंट के माध्यम से दुकानदार को भुगतान किया।वहीं मौके पर उपस्थिति मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए लोकल फॉर वोकल और डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने का आह्वान किया है।इसी दौरान हम सभी भारत के नागरिक होने के नाते स्थानीय कुम्हार के द्वारा बनाए गए मिट्टी के बर्तन खिलौने दीया, सजावटी सामग्री आदि की खरीदारी कर देश की अर्थव्यवस्था में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित कर रहे हैं। यह कार्य नेता प्रतिपक्ष के नाते नहीं बल्कि भारत के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते कर रहे हैं।वहीं उन्होंने देशवासियों से भी आग्रह किया कि वे भी लॉकल फॉर वोकल, डिजिटल पेमेंट को आगे बढ़ते हुए इस दीपावली स्थानीय व क्षेत्रीय कारीगरों सही खरीदारी करें और उनके घरों को भी रोशन बनाएं।

## हेमंत सरकार का निर्णय महत्वपूर्ण एवं सामाजिक न्याय भरा कदम :विजय शंकर नायक

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** दलित आदिवासी युवाओं पर वर्ष 2018 में एससी एसटी एक्ट संशोधन के विरुद्ध भारत बंद के दौरान भाजपा सरकार द्वारा किए गए केस को हेमंत सरकार के द्वारा उठाना एक महत्वपूर्ण एवं सामाजिक न्याय भरा कदम है। उपरोक्त बातें आज आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने राज्य के मुख्यमंत्री के द्वारा साल 2018 में एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम कानून में संशोधन के विरूद्ध किये भारत बंद के दौरान झारखण्ड के युवाओं पर राज्य की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा षड्यंत्र के तहत मुकदमे दर्ज किए गए थे को केस वापस लेने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहीं इन्होंने आगे कहा कि यह कदम दलित आदिवासी समाज के युवा वर्गों के साथ सामाजिक न्याय है । इस महत्वपूर्ण कदम के लिए आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को बधाई देता है ।श्री नायक ने आगे कहा कि हेमंत की झारखण्डी सरकार द्वारा केस वापस लिया जाना इन युवा वर्ग के लिए एक सुखद संदेश है इस महत्वपूर्ण कदम के लिए आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच उनका आभार व्यक्त करता है।

**नया कलेवर** समय के साथ जर्जर हो चुका राजधानी रांची का नेहरू पार्क अब नये कलेवर में

# सीएम हेमंत सोरेन ने नेहरू पार्क का किया उद्घाटन, राजस्थान का गजीबो बना आकर्षण का केंद्र

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** समय के साथ जर्जर हो चुका राजधानी रांची का नेहरू पार्क अब नये कलेवर में नजर आ रहा है। इस पार्क की सूरत बदल गई है। गुरुवार 9 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जीर्णोद्धार के बाद एचईसी स्थित इस नेहरू पार्क का उदघाटन किया।नगर विकास विभाग के द्वारा करीब 3.38 करोड़ की लागत से तैयार इस पार्क की रौनक देखते बन रही है। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत



सोरेन और सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की आदमकद मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर हेमंत सोरेन के समर्थन में जमकर जिंदाबाद के नारे भी लगे। झारखंड मंत्रालय के पास इस पार्क की जर्जर स्थिति को देखकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अगस्त 2020 में यहां आकर निरीक्षण किया था। इसके बाद इस पार्क के जीर्णोद्धार का जिम्मा नगर विकास विभाग के जुडको को दिया गया था।जीर्णोद्धार के बाद नेहरू पार्क में राजस्थान का गजीबो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां आने के बाद आपको राजस्थान के महल में बने गजीबो याद आने लगेगा। इसके अलावा रंग बिरंगी लाइट इस पार्क को शाम होने के बाद दूर से ही खासा आकर्षित करता है। म्यूजिकल फाउंटेन और लाइटिंग यहां आने वाले लोगों को खासा आकर्षित करता है। जर्जर हो चुके इस नेहरू पार्क में सौदर्यीकरण के दौरान पेड़ पौधे भी लगाए गए हैं, जो पार्क को खुबसूरत बना रहा है।

**पेज एक का शेष**

### कांग्रेस का दुर्भाग्य .. .. ..

है, तो 30 हजार पंचायतों के भवन भी उसी संविधान की श्रद्धा से बनाती है। उन्होंने कहा कि तीन दिसंबर को भाजपा सरकार के लौटते ही प्रधानमंत्री आवास योजना का काम और तेज हो जाएगा। गरीब के बेटे को जनता ने दिल्ली भेजा है तो वो गरीब के लिए तो काम करेगा ही। उन्होंने कहा कि मोदी ने चार करोड़ घर बनाए, पर खुद के लिए घर नहीं बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले जनता का पैसा 2 जी, कोयला, कॉमनवेल्थ, हेलीकॉप्टर घोटाले में जाता था, लेकिन भाजपा सरकार आते ही मोदी ने ये सब बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का दुर्भाग्य रहा कि जनता ने 2014 में दिल्ली में एक चौकीदार को बैठा दिया और कांग्रेस के फर्जी लाभार्थी घोटाले पर ब्रेक लग गया। सरकार ने 100 करोड़ फर्जी लाभार्थी बाहर कर दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतना बड़ा नुकसान हो गया, इसीलिए वे उन्हें इतनी गालियां देते हैं। श्री मोदी ने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि जहां कांग्रेस आई तबाही लाई। मध्यप्रदेश कांग्रेस के दोनों बड़े नेताओं कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के संदर्भ में उन्होंने कहा कि दशकों से कांग्रेस चला रहे ये दोनों अब कपड़ा फाड़ नेता बन गए हैं। इन्हें बस राज्य कांग्रेस पर अपने बेटों को कब्जा करवाना है।

### राहुल ने दोहराया .. .. ..

में हुए कार्यों को गिनाया और कहा कि मध्यप्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने पर इन कामों को यहां भी किया जाएगा। श्री गांधी ने कहा कि किसानों का कर्जा माफ किए जाने के साथ ही काफी रियायती दरों पर बिजली और रसोईगैस सिलेंडर लोगों को मुहैया कराए जाएंगे। भाजपा सिर्फ बड़े और कुछ उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रहे हैं। गरीब, किसान और युवाओं के हित भाजपा की प्राथमिकता में शामिल नहीं हैं।

### शव की आंखों पर पट्टी .. .. ..

भी सवार थे, जिन्हें मौके पर मौजूद सुरक्षाबलों ने अगवा होने से बचा लिया। उनकी पहचान मंगलून हाओकिप के नाम से हुई है। उन्हें कई गंभीर चोटें आईं थीं, जिसके चलते उन्हें नगालैंड के दीमापुर में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बाकी चार लोगों की पहचान नेंगकिम (60), नीलम (55), जॉन थंगजिम हाओकिप (25) और जमखोतंग (40) के तौर पर हुई है। इनमें से एक महिला का शव मिल गया है।पुलिस ने बताया कि पांच कुकी लोग चुराचांदपुर से कांगपोकपी की तरफ जा रहे थे, जब कांगपोकपी बॉर्डर पर इंफाल वेस्ट में दाखिल होते ही मैतेई समुदाय के कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। जानकारी के मुताबिक, सैनिक मणिपुर के बाहर पोस्टेड है। जहां ये वारदात हुई, वो जगह कुकी-जो बहुल कांगपोकपी और मैतेई बहुत इंफाल वेस्ट जिले से लगी हुई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दो दिन पहले कांगपोकपी जिले के पास सेकमाई इलाके से दो मैतेई छात्र गायब हो गए थे, जिसके बाद मैतेई समुदाय के लोगों ने कुकी लोगों पर हमला किया है।पुलिस को दोनों छात्रों के फोन सेनापति जिले के पास एक पेट्रोल पंप से काली पॉलिथीन में लिपटे हुए मिले हैं।वहीं, मणिपुर पुलिस के डीआईजी जोगेश चंद्र हाओबिजाम के नेतृत्व में आईआरबी के 11 जवानों और 7 कमांडो की टीम ने सीमावर्ती इलाके से म्यांमार के 40 घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। इधर, मोरेह में इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) पर अज्ञात लोगों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किए जाने के बाद म्यांमार ने भारत-म्यांमार सीमा को सील कर दिया है। म्यांमार के सागांग राज्य के नामफालोंग जिले से मोरेह को जोड़ने वाले गेट नंबर 1 और गेट नंबर 2 को बंद कर दिया गया है। दरअसल, 5 नवंबर को आईसीपी पर हमला हुआ था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

### दिमाग से आपस में संवाद .. ..

किसी व्यक्ति के मस्तिष्क के संकेतों का अनुवाद कर सकता है जो वे कहना चाह रहे हैं।

नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में 6 नवंबर को छपी नई तकनीक एक दिन न्यूरोलॉजिकल विकारों के कारण बात करने में असमर्थ लोगों को मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस के माध्यम से संवाद करने की क्षमता हासिल करने में मदद कर सकती है।

ड्यूक यूनिवर्सिटी में न्यूरोलॉजी के प्रोफेसर, पीएचडी, ग्रेगरी कोगन ने कहा, ऐसे कई मरीज हैं जो एएलएस (एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस) या लॉक-इन सिंड्रोम जैसे दुर्बल मोटर विकारों से पीड़ित हैं, जो उनकी बोलने की क्षमता को खराब कर सकते हैं। स्कूल ऑफ मेडिसिन और परियोजना में शामिल प्रमुख शोधकताओं में से एक। लेकिन उन्हें संवाद करने की अनुमति देने के लिए उपलब्ध मौजूदा उपकरण आम तौर पर बहुत धीमे और बोझिल हैं।

पिछली सीमाओं में सुधार करने के लिए, कोगन ने साथी ड्यूक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रेन साइंसेज के संकाय सदस्य जोनाथन विवेंटी, के साथ मिलकर काम किया, जिनकी बायोमेडिकल इंजीनियरिंग लैब उच्च-घनत्व, अति-पतली और लचीली मस्तिष्क सेंसर बनाने में माहिर है। इस परियोजना के लिए, विवेंती और उनकी टीम ने लचीले, मेडिकल-ग्रेड प्लास्टिक के एक डाक टिकट के आकार के टुकड़े पर प्रभावशाली 256 सूक्ष्म मस्तिष्क सेंसर पैक किए। रेत के एक कण मात्र की दूरी पर मौजूद न्यूरॉन्स में भाषण का समन्वय करते समय बेहद अलग-अलग गतिविधि पैटर्न हो सकते हैं, इसलिए इच्छित भाषण के बारे में सटीक भविष्यवाणी करने में मदद के लिए पड़ोसी मस्तिष्क कोशिकाओं से संकेतों को अलग करना आवश्यक है।

नया इम्प्लांट बनाने के बाद, कोगन और विवेंटी ने कई ड्यूक यूनिवर्सिटी अस्पताल के न्यूरोसर्जनों के साथ मिलकर काम किया, जिनमें डेरेक साउथवेल, एम.डी., पीएच.डी., नंदन लाड, एम.डी., पीएच.डी., और एलन फ्रीडमैन, एम.डी. शामिल थे, जिन्होंने चार मरीजों को भर्ती करने में मदद की।

प्रत्यारोपण का परीक्षण करने के लिए. प्रयोग के लिए शोधकताओं को उपकरण को अस्थायी रूप से उन रोगियों में लगाने की आवश्यकता थी जो किसी अन्य स्थिति के लिए मस्तिष्क की सर्जरी करा रहे थे, जैसे कि पार्किंसंस रोग का इलाज करना या ट्यूमर निकालना। कोगन और उनकी टीम के लिए ओआर में अपने डिवाइस का परीक्षण करने के लिए समय सीमित था। कोगन ने कहा, हम ऑपरेशन प्रक्रिया में कोई अतिरिक्त समय नहीं जोड़ना चाहते थे, इसलिए हमें 15 मिनट के भीतर अंदर और बाहर जाना था। जैसे ही सर्जन और मेडिकल टीम ने कहा जाओ!, हम तुरंत कार्रवाई में जुट गए और मरीज ने कार्य पूरा कर लिया। यह कार्य एक सरल सुनने और दोहराने की गतिविधि थी। प्रतिभागियों ने एवा, कुग, या वीआईपी जैसे कई बकवास शब्द सुने और फिर हर एक को जोर से बोला। डिवाइस ने प्रत्येक मरीज के स्पीच मोटर कॉर्टेक्स की गतिविधि को रिकॉर्ड किया क्योंकि यह लगभग 100 मांसपेशियों का समन्वय करता है जो होंठ, जीभ, जबड़े और स्वरयंत्र को हिलाते हैं। बाद में, नई रिपोर्ट के पहले लेखक और ड्यूक में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग स्नातक छात्र सुसींद्रकुमार दुरईवेल ने सर्जरी सूट से तंत्रिका और भाषण डेटा लिया और इसे मशीन लर्निंग एल्गोरिदम में डाला यह देखने के लिए कि यह कितनी सटीक भविष्यवाणी कर सकता है कि कौन सी ध्वनि हो रही है केवल मस्तिष्क गतिविधि रिकॉर्डिंग के आधार पर बनाया गया। कुछ ध्वनियों और प्रतिभागियों के लिए, कुछ शब्द कठिन साबित हुए। डिकोडर ने 84 प्रतिशत मामलों में इसे सही पाया जब यह तीन की एक स्ट्रिंग में पहली ध्वनि थी जो एक दिए गए बकवास शब्द को बनाती थी। हालाँकि, सटीकता कम हो गई, क्योंकि डिकोडर ने किसी निरर्थक शब्द के बीच में या अंत में ध्वनियों को पार्स कर लिया। यदि दो ध्वनियाँ समान हों, जैसे अंग्रेजी के शब्द पी, बी तो इसमें भी कठिनाई होती थी। कुल मिलाकर, डिकोडर 40 प्रतिशत समय सटीक था। यह एक साधारण परीक्षण स्कोर की तरह लग सकता है, लेकिन यह काफी प्रभावशाली था क्योंकि मस्तिष्क से वाणी तक की समान तकनीकी उपलब्धियों के लिए घंटों या दिनों के डेटा की आवश्यकता होती है। हालाँकि, इस्तेमाल किया गया भाषण डिकोडिंग एल्गोरिदम ड्यूरैवेल 15 मिनट के परीक्षण से केवल 90 सेकंड के बोले गए डेटा के साथ काम कर रहा था।

## शहर >> अपडेट

### नए सत्र के छात्र छात्राओं का स्वागत

**रांची:** मोती राज देवी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज सांडी नवनामांकित बीएड के प्रशिक्षुओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप प्राचार्या आरफा सदफ तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उप प्राचार्या ने एमआरडी बीएड कॉलेज के नीति एवं नियमों को विद्यार्थियों के सामने रखा। उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा बीएड करने के उद्देश्य को तथा किस तरह इस कोर्स को दो वर्ष में सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकता है। इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक एक विद्यार्थी भी होता है। शिक्षकों के व्यक्तित्व में विषय का ज्ञान, शिक्षण में दक्षता, समयनिष्ठ तथा ईमानदारी जैसे गुणों का समावेश होता है।

**उत्साह** करीब 2000 करोड़ का व्यवसाय होने की लगाई जा रही उम्मीद

# धनतेरस को लेकर सजा सर्राफा बाजार

▶▶ग्राहकों का उत्साह देखते हुए आभूषण की दुकान सज चुकी हैं

▶▶लक्ष्मी गणेश की तस्वीर वाले चांदी के सिक्कों की डिमांड देखी जा रही है



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** धनतेरस को लेकर रांची सहित झारखंड के बाजारों में रौनक बढ़ी हुई है। आमतौर पर धनतेरस के मौके पर लोग सोना चांदी के साथ-साथ गाड़ियों की खरीदारी करते रहे हैं। इस साल बाजार की स्थिति ठीक होने की वजह से सरार्फा बाजार के व्यवसायी खासा उम्मीद लगाए बैठे हैं। ग्राहकों का उत्साह देखते हुए आभूषण की दुकान सज चुकी हैं। दुकानों पर एक से बढ़कर एक छोटे बड़े सोने चांदी के ज्वेलरी ग्राहकों को लुभाने के लिए तैयार है। इस साल रांची के बाजार में चांदी के कलश और कमल का फूल खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसके अलावा लाइट वेट ज्वेलरी के साथ-साथ लक्ष्मी गणेश की तस्वीर वाले चांदी के सिक्कों की डिमांड देखी जा रही है।नए सिक्कों के अलावा चांदी के पुराने सिक्के भी दुकान में रखे गए हैं। आभूषण व्यवसायी विद्या कुमारी कहती हैं कि धनतेरस के मौके पर हर कोई अपनी क्षमता के अनुसार सोना चांदी खरीदना चाहता है। इसके पीछे वजह यह है कि बदलते समय के साथ अन्य सामान की तुलना में यह निवेश के रूप में देखा जा रहा है। जिस वजह से लोग इसे खरीदना पसंद करते हैं।

**2000 करोड़ का व्यवसाय होने की उम्मीद:**

एक अनुमान के मुताबिक इस बार रांची सहित पूरे झारखंड में लगभग 2000 करोड़ का व्यवसाय होने की उम्मीद जताई जा रही है। ग्राहकों का उत्साह को देखते हुए सरार्फा व्यवसाय एक से एक सोने चांदी के ज्वेलरी बाजार में उतारे हैं।

झारखंड सोना चांदी व्यवसायी समिति के उपाध्यक्ष संतोष सोनी कहते हैं कि कोरोना की वजह से दो साल व्यवसाय प्रभावित रहा है। पिछले साल मार्केट में सुधार दिखा।पिछले साल रांची और जमशेदपुर में धनतेरस के मौके पर करीब 800 करोड़ की बिक्री हुई थी, इस साल दोनों जिला में इससे ज्यादा होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि इस साल करीब एक हजार करोड़ का कारोबार होगा। बहरहाल धनतेरस के मौके पर सोना-चांदी से बने एक से बढ़कर एक समान मार्केट में उतारे गए हैं।

## न्यूज फटाफट

### जनजातीय गौरव दिवस के जयंती पर दो दिवसीय बिरसा महोत्सव 2023 कार्यक्रम का शुभारंभ

**रांची:** झारखंड के रांची में गुरुवार को कांके रोड स्थित डी ए वी गांधीनगर स्कूल (सी सी एल) एव रिलेशनस के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आगामी 15 नवम्बर को झारखंड राज्य स्थापना दिवस एव राज्य के वीर सपूत स्वंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित दो दिवसीय बिरसा महोत्सव 2023 कार्यक्रम का शुभारंभ आज मोराबादी स्थित जोहार जनजातीय संग्रहालय में डी ए वी गांधीनगर के शिशु विहार के सैकड़ों बच्चो का शैक्षणिक भ्रमण कराके किया गया। इस अवसर पर बच्चो ने आदिवासी समुदाय के चित्र और उनके रहन सहन , पहनावा, भाषा और संस्कृति के बारे में विस्तृत से जाना।मौके पर बच्चों ने पूरे परिसर का भ्रमण कर भगवान बिरसा मुंडा जी की जीवनी को समझा और जाना। सभी बच्चो ने आने वाली पीढ़ी को समाज और देश में उनके योगदान से अवगत कराने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डी ए वी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य एस के सिन्हा, रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, निराकार आचार्य, ब्रजेश सिन्हा, प्रमोद सहाय, जया जयसवाल, कृष्णा प्रसाद,लक्ष्मी सिन्हा, जउली सेन, शिखा शर्मा, आयुश आदि कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

### बच्चों ने दीपावली पर सुंदर रंगोली बना कर दिखायी अपनी प्रतिभा

**रांची :**कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स डोरंडा और हटिया केंद्र एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में दीपोत्सव-2023 मनाया गया। दिपावली के अवसर पर संस्थान के छात्रों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर 3 वर्ष से लेकर 50 वर्ष तक के 200 छात्रों ने रंगोली, दीया पेंटिंग, कैंडल स्टैंड, दिवाली कलरिंग और पेंटिंग आदि बनाया। कलाकृति के शिक्षकों के द्वारा बच्चों दीपावली के अवसर पर सजाने वाले विविन्न कलात्मक चीजों को बनाने की कला सिखाई। इस अवसर पर बच्चों ने सुंदर सुंदर रंगोली बना कर अपनी कला प्रदर्शित की। सभी छात्रों ने प्रकाश पर्व पर दिपावली उत्सव को प्रदुषण मुक्त रखने के लिए पटाखे कम से कम जलने का संकल्प लिया। संस्था के तरफ से सभी बच्चों को उपहार स्वरूप मिट्टी के दीये भेंट किये गये। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की उपनिदेशिका श्रीमती रजनी कुमारी के अलावा छात्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसमें आरती, कोमल, शिखा, ईशा, रिंकी, निजात, जया, अमीषा तथा आनया आदि शामिल थे।

### कृष्णा नगर कॉलोनी में 12 को मनाया जाएगा बंदी छोड़ दिवस

**रांची:** गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, स्री सत्संग सभा द्वारा 12 नवंबर को सुबह आठ बजे से बंदी छोड़ दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर विशेष दीवान सजाया जायेगा। विशेष दीवान में श्री जपुजी साहिब जी के दो पाठ, श्री चौपाई साहिब जी के दो पाठ तथा श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ समूह साध संगत द्वारा सामूहिक रूप से पढ़ा जाएगा। इसके बाद स्त्री सत्संग सभा द्वारा शबद गायन किया जायेगा। श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुक्मनामा के साथ सुबह साढ़े दस बजे दीवान की समाप्ति होगी। दीवान समाप्ति के बाद संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया जाएगा। सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बंदी छोड़ दिवस के बारे जानकारी देते हुए बताया कि दीपावाली वाली रात इसी दिन छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज ने मुगल सम्राट जहांगीर द्वारा ग्वालियर के किले में कैद कर रखे गए 52 राजाओं को मुक्त करवाया था। उन्हें अपने साथ लेकर पंजाब की धरती पहुंचे थे। बताया कि गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, स्री सत्संग सभा में इसी दिन श्री गुरु नानक देव जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व को मुख रखते हुए श्री सहज पाठ साहिब जी की आरंभता होगी।

## अग्रसेन स्कूल के तीन खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग में जीता सिल्वर

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के तीन खिलाड़ियों ने जमशेदपुर में 5 से 8 नवंबर तक खेले गए सीबीएसई ईस्ट जोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है। इस जीत के साथ ही तीनों खिलाड़ी 17 दिसंबर से हरियाणा के महेंद्रगढ़ में होनेवाले नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर गए हैं। सिल्वर मेडल जीतने वालों में विनेश उरांव, रोहित कुमार सिंह और चिराग बेदिया शामिल हैं। विनेश ने अंडर 17 के 60-65 किलोग्राम वर्ग में हुए मुकाबले में रोहतास और रांची के खिलाड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। इसी प्रकार रोहित ने अंडर 17 के 65-70 किलोग्राम वर्ग में वाराणसी और झांसी, चिराग बेदिया ने अंडर 19 में हैवीवेट में वाराणसी और इलाहाबाद के बॉक्सरों को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। टीम के कोच दिव्यांश कुमार ने बताया कि तीनों अब हरियाणा में नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेंगे। आज स्कूल में आयोजित सादे समारोह में तीनों खिलाड़ियों और कोच को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है। प्रत्येक मुकाबले में खिलाड़ी को अपने कमजोर और मजबूत पक्ष का पता चलता है। अपनी कमियों पर वर्क करते हुए उसे दूर कर हमें आगे बढ़ते रहना चाहिए। प्राचार्य विवेक प्रधान ने खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बड़ी उपलब्धि से विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। नेशनल चैंपियनशिप में भी खिलाड़ी दमदार प्रदर्शन जारी रखेंगे। खिलाड़ियों की सफलता पर स्कूल के शिक्षकों ने बधाई दी है।

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने गाइडलाइन जारी किया

# गाइडलाइन के अनुसार शाम 8 बजे से रात के 10 बजे तक ही आतिशबाजी



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** दिवाली के दौरान अगर आप आतिशबाजी की योजना बना रहे हैं तो सावधान हो जाइए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने इसके लिए गाइडलाइन जारी कर दिया है। इस गाइडलाइन के अनुसार ही आप आतिशबाजी कर पाएंगे।झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार दीपावली के दिन पटाखा मात्र 2 घंटे यानी शाम 8 बजे से रात के 10 बजे तक ही चलाए जा सकेंगे। इसके अलावा उन्हीं पटाखों की बिक्री होगी, जिनकी ध्वनि सीमा 125 डीबी से कम हो। आप इस निर्देश का उल्लंघन करते हुए पाए जाएंगे तो आप पर आईपीसी की धारा 188 और वायु प्रदूषण निवारण और नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 37 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई जिलों के उपायुक्त द्वारा की जाएगी। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय हरित अधिकरण यानी एनजीटी नई दिल्ली के 1 दिसंबर 2020 के आदेश का हवाला देते हुए यह आदेश जारी किया है।झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार दीपावली छठ, क्रिसमस और नववर्ष जैसे त्योहार के समय भी पटाखा मात्र दो घंटे तक ही चलाया जा सकेंगे। दीपावली और गुरु पर्व पर रात 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक छठ में सुबह 6:00 बजे से प्रातः 8:00 बजे तक, क्रिसमस और नववर्ष के दिन मध्य रात्रि 11:55 से मध्य रात्रि 12:30 बजे तक ही आतिशबाजी हो सकेगी।झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के क्षेत्रीय पदाधिकारी राम प्रवेश सिंह ने दीपावली के मौके पर लोगों से ग्रीन पटाखा और ग्रीन दीया का प्रयोग करने के साथ साथ एक पेड़ लगाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के लिए यह आवश्यक है। 12 नवंबर को दीपावली है।

राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में इस मौके पर जमकर आतिशबाजी होती है। आतिशबाजी की वजह से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। इसे ध्यान में रखते हुए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद गाइडलाइन जारी करती रही है। इसके बावजूद भी लोग निर्धारित ध्वनि क्षमता से अधिक के पटाखे देर रात तक चलाते रहते हैं। ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि जहां आम लोग इसकी गंभीरता को समझें और शासन प्रशासन भी इस पर मुस्तैदी के साथ निगरानी रखें।

### आजाद हाई स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**रांची:** आजाद हाई स्कूल कर्बला चौक के 8वीं और 10वीं के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। छात्रों ने बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी में शैक्षणिक भ्रमण कर भरपूर आनंद लिया। शिक्षक कुर्बान अली ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम और शैक्षणिक भ्रमण अति आवश्यक है। इससे बच्चों का मानसिक विकास होता है। बच्चों को पेड़ पौधे और जानवरों के बारे में भी जानकारी दी गई । छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण कर अपनी खुशी जाहिर की। मौके पर जैव विविधता के पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार, गाइड शिक्षक कुर्बान अली, इंद्रदेव प्रसाद, रूबी सिंह समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

झारखंड में सरकारी स्कूल के बच्चे बेहाल!

# बैंक खाता नहीं खुलने से नहीं मिल पा रहा सरकारी योजनाओं का लाभ



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए कई कदम उठाये हैं। स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर मिले, इसके लिए भी प्रयास किये गये हैं, लेकिन इन दिनों इन योजनाओं का लाभ मिलना मुश्किल हो गया है। बच्चों और उनके अभिभावकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।दरअसल, राज्य सरकार ने स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए अपना बैंक खाता रखना अनिवार्य कर दिया है। बैंक खाता खोलने के लिए आधार अनिवार्य है और आधार के लिए नगर पालिका द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र आवश्यक है। ऐसे में उन अभिभावकों की परेशानी बढ़ गई है जिनके पास अपने बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं है। ऐसे बच्चों को सरकारी योजना का लाभ मिलने में काफी परेशानी हो रही है।जगन्नाथपुर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश रंजन कहते हैं कि आधार नहीं होने के कारण बच्चों का बैंक खाता नहीं खुल रहा है और बैंक खाता नहीं रहने के कारण उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में परेशानी हो रही है। पहला और दूसरा वर्ग में पढ़ने वाले बच्चों को तो पोशाक सहित अन्य सुविधाएं स्कूल स्तर पर दी जाती हैं, लेकिन उससे ऊपर की कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों के लिए बैंक खाता होना अनिवार्य है।

**सेमिनार** बीएयू में फसल सुधार पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

# कम पानी में बेहतर उपज देने वाली किस्म के विकास पर जोर



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** प्रसिद्ध पौधा आनुवंशिकी विशेषज्ञ और बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अवकाशप्राप्त डीन डॉ जेडए हैदर ने कहा है कि आनेवाले समय में झारखंड में भूमिगत जल सर्वाधिक तेजी से घटेगा इसलिए कम पानी में और शीघ्र तैयार होने वाली फसल किस्मों के विकास और प्रयोग पर प्रयास केंद्रित करना चाहिए। डॉ हैदर बीएयू में ह्यफसल सुधार के लिए पौधा विज्ञान की चुनौतियां, अवसर और रणनीतियांह्न विषय पर आयोजित दोदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सेमिनार का आयोजन इंडियन सोसाइटी ऑफ जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग के रांची चैप्टर द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि राजस्थान और अफ्रीका में ज्यादा तापक्रम में अच्छी उपज देने वाली फसल किस्मों और एनबीपीजीआर के पास उपलब्ध जंगली प्रभेदों के इस्तेमाल की तकनीक पर शोध किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेमिनार की मुख्य अनुशंसाओं को राज्य सरकार को भेजा जाना चाहिए ताकि सरकार उसके आलोक में अपनी कुछ नीति और योजनाएं बना सके। मुख्य वैज्ञानिक (शुष्क भूमि कृषि) डॉ डीएन सिंह ने देश का बड़ा भूभाग अम्लीयता से प्रभावित होने के कारण पौधा प्रजनन विशेषज्ञों को मिट्टी वैज्ञानिकों के साथ मिलकर अम्लीयता सहिष्णु तथा पोषक तत्वों के प्रति रेस्पॉन्सिव फसल प्रभेदों के विकास पर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में कृषि कार्य के लिए उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन सबसे महत्वपूर्ण विषय होगा इसलिए कृषि अनुसंधान में लगे विभिन्न संस्थानों को मिलकर बहुविषयी अनुसंधान करने का मेकैनिज्म विकसित करना चाहिए। बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह ने पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बायोफोटीफाईड फसल किस्म के विकास पर जोर दिया। कृषि संकाय के डीन डॉ डीके शाही ने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित फसल किस्मों को पर्याप्त मात्रा में किसानों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार से प्रभावित संवाद करने पर बल दिया। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने तथा रांची चैप्टर की सचिव डॉ मणिगोपा चक्रवर्ती ने भी अपने विचार रखे। संचालन शालवी ऐश्वर्या राय तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीरज कुमार ने किया।



## शहर >> अपडेट

### हत्याकांड के दो आरोपी को भेजा जेल

चांडिल : कपाली के राकीव आलम हत्याकांड के दो अभियुक्त को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने मो वसीम उर्फ चन्ना वसीम तथा अरमान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वही हत्याकांड में शामिल अन्य अभियुक्ततो की गिरफ्तारी हेतु कपाली पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### इमामुल हाई खान लॉ कालेज को बेस्ट लीगल एड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन का मिला सम्मान

बोकारो : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कुमारी रंजना अस्थाना के मार्गदर्शन में गुरुवार को इमामुल हाई खान लॉ कालेज में नेशनल लीगल सर्विस डे पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा निशुल्क प्रदान की जाने वाली विभिन्न कानूनी सुविधाओं के संबंध में बताया गया। इस अवसर पर इमामुल हाई खान लॉ कालेज को बेस्ट लीगल एड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन के तौर पर डालसा द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बेस्ट पैनल अधिवक्ता प्रीति को उत्कृष्ट परिवार वाद संबंधी मामलों के लिए एवं उत्कृष्ट पारा लीगल वालेंटियर के रूप में यदु महतो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार योगेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लुसी सोसेन तिग्गा, न्यायिक दण्डाधिकारी समीरा खान, लीगल ऐड डिफेंस के चीफ आनंद वर्धन, लीगल ऐड डिफेंस के सदस्य, पारा लीगल वॉलेंटियर यदु महतो, रतिलाल कुम्भकार, दिगम्बर दुबे आदि उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जीजीपीएस के छात्रों ने स्कूलों के गरीब छात्रों के बीच बांटा पाठ्य सामग्री सहित अन्य वस्तुएं

बोकारो : गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर 5 की ओर से गुरुवार को सेक्टर 12 के विभिन्न स्कूलों के गरीब बच्चों के बीच देने की खुशी कार्यक्रम के तहत पाठ्य सामग्री सहित अन्य दैनिक जीवन में उपयोग वस्तुओं का वितरण किया। इस दौरान जयपाल नगर स्थित आसस विद्यालय, हनुमान नगर स्थित डी एस निकेतन पब्लिक स्कूल, सेक्टर 12 हवाई पट्टी स्थित बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय व गुरुनानक नगर स्थित बोकारो पब्लिक स्कूल के सभी छात्रों को जीजीपीएस के छात्रों द्वारा पेन, पेंसिल, कॉफी, साबुन सहित कई दैनिक जीवन में उपयोगी वस्तु को दिया गया। जिसमें शिक्षकों एवं छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**आंदोलन** 15 नवंबर झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर होगी आंदोलन की घोषणा

# रैयतों की मांग को लेकर मासस करेगी आंदोलन: अरूप चटर्जी

- मजदूरों को रेगुलर करने
- चिकित्सा सुविधाएं बहाल करने

राष्ट्रीय खबर



बोकारो : रैयतों के नियोजन एवं रैयत मजदूरों को नियमित करने की मांग को लेकर इलेक्ट्रो स्टील के बाद वेदांता स्टील प्लांट में भी मासस बहुत जल्द आंदोलन का आगाज करेगी। मजदूरों के साथ हो रही शोषण और अत्याचार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेगी। रैयतों को नियोजन देने के साथ साथ मजदूरों के साथ हो रहे पक्षपातपूर्ण रवैया के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका जायेगा, जिसका शंखनाद इसी महीने किया जायेगा। उक्त बातें गुरूवार को निरसा के पूर्व विधायक सह मासस के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अरूप चटर्जी ने भागाबांध गांव में आयोजित जनसभा में कहीं। स्थानीय रैयतों एवं ग्रामीणों के आग्रह पर वे भागाबांध पहुंचेगा थे। जहां उनकी आगवानी में सैंकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने की एवं गर्मजोशी से स्वागत किया। मोदीडीह गेट से होकर काफिले की शक्ल में यह स्वागत रैली भागाबांध पहुंची, जहां सभा के रूप में तब्दील हो गई। मौके पर स्थानीय लोगों नें अपनी अपनी समस्याओं को रखा एवं वेदांता प्रबंधन से न्याय दिलाने की मांग की। इस अवसर पर मुख्य रूप से रैयतों के नियोजन, नियोजित मजदूरों को रेगुलर करने एवं पानी बिजली, सड़क, चिकित्सा बुनियादी सुविधाएं बहाल करने की मांग रखी।

संबोधित करते हुए पूर्व विधायक चटर्जी ने कहा कि मासस मजदूर हित में लड़ती रही है। इलेक्ट्रोस्टील के कार्यकाल में भी मजदूरों को रैयतों को हक दिलाने का काम किया है। एके राय की विचारधारा से प्रेरित मासस मजदूरों के हक अधिकार के लिए हमेशा से संघर्षरत रही है। इस दौरान मासस के जिला सचिव गयाराम शर्मा ने कहा कि झारखंड स्थापना दिवस एवं बिरसा जयंती के दिन 15 नवंबर को मजदूर-किसानों की सभा भागाबांथ गेट पर पर होगा, एवं उसी दिन आंदोलन का बिगुल फूंका जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला सहसचिव भीम रजक, चन्दाहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जितुन अंसारी, मानिक चौधरी, कृष्णा शर्मा, महादेव शर्मा, संतोष माहथा, सुरेश महतो सहित सैंकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## डीपीएस चास के विद्यार्थी ग्रामीण जीवन शैली से हुए रूबरू

फोटो-01-

बोकारो : दिल्ली पब्लिक स्कूल के 103 विद्यार्थियों ने अंकुर-चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत गुरुवार को चास प्रखंड के खमारबेंदी गांव का भ्रमण किया। प्रायोगिक ज्ञान के दौरान विद्यार्थियों ने गांव की समस्याओं, वहां की जीवन शैली, पानी की समस्या, ईंधन की व्यवस्था, बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था, महिलाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था आदि के बारे में जाना। डीपीएस के विद्यार्थियों प्राथमिक विद्यालय खमारबेंदी भी गए। वहां के छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर वहां की पढ़ाई, खेलकूद की व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान डीपीएस के विद्यार्थियों ने गांव के चौपाल पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से कहा कि साइबर अपराधी शहरी ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी अपना शिकार बना रहे हैं। वे लोग विभिन्न प्रकार का लोभ या डराकर लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। विद्यार्थियों ने कहा कि आपके फोन पर कोई भी अनजान व्यक्ति आपका आधार नंबर, ओटीपी, पैन नंबर मांगे, तो यह नंबर कभी न बताएं। नंबर बताने पर आपके बैंक खाते से सारे रुपए गायब हो सकते हैं। भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ शिक्षक गौतम डे, विद्या भूषण, कौशिक चटर्जी, मधू कुमारी, राहुल प्रताप, शिक्षकेत्तर कर्मचारी आशीष झा सहित अन्य मौजूद रहे।

साईनाथ, इकफाई युनिवर्सिटी एवं अन्य लिगल लिट्रेसी क्लब में

## डालसा ने मनाया विधिक सेवा दिवस



राष्ट्रीय खबर

रांची : न्यायमूर्ति एस. चंद्रशेखर, कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त रांची के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा 01.11.2023 से 09.11.2023 तक विधिक सेवा सप्ताह रांची के विभिन्न लिगल लिटेसी क्लब में मनाया गया एवं आज विधिक सेवा दिवस के अवसर पर साईनाथ एवं इकफाई युनिवर्सिटी में जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव राकेश रंजन, साईनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति, एस. पी. अग्रवाल व अन्य लोग मौके पर उपस्थित थे।

विधिक सेवा सप्ताह के अवसर पर डालसा सचिव ने विधिक सेवा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने विधिक सेवा के क्षेत्र में डालसा के क्रियाकलापों के विषय में जानकारी दी एवं बताया कि विधिक जागरूकता में प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति एवं विधि के छात्र-छात्राओं का अपना कर्त्तव्य हैं कि वे अशिक्षित, जरूरतमंद व हासिये के लोगों को विधिक जानकारी देकर जागरूक करें ताकि वे अपने अधिकारों को जान सके एवं उसका लाभ ले सके। यह भी ज्ञात हों कि सभी जन समुदाय तक निःशुल्क विधिक सेवा पहुंचे इसके लिए नालसा के द्वारा एक टोल फ्री हेल्पलाईन नम्बर 15100 शुरू किया गया है, जिस पर डायल कर जरूरतमंद विधिक सेवा पा सकते हैं एवं उसकी समुचित जानकारी ले सकते है।

# आजसू नेता की शिकायत का बीडीओ ने लिया संज्ञान



राष्ट्रीय खबर

तमाड़: तमाड़ प्रखंड के जन वितरण प्रणाली दुकानदार के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार प्रजापति की अध्यक्ष्यता में एक बैठक बुधवार को प्रखंड परिसर मे आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिजीत चैल, आजसू नेता रमेश मुंडा, जगदीश गुप्ता भी शामिल थे। बैठक में अगस्त सितंबर में राशन कौटती को लेकर चर्चा हुआ। डीलर संगठन तमाड़ के अधक्ष संतोष कुमार अहीर ने कहा कि कोरोना काल में केंद्र सरकार का गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लाल, पीला कार्डधारी के प्रति सदस्य को 5 किलोग्राम चावल डीलर को आबंटन किया गया था। तमाड़ प्रखंड के 49 डीलर को माह जुलाई 2022 का पीएमजीकेआई का आबंटन तो बना पर राशन डीलर को आबंटन के अनुरूप राशन उपलब्ध नहीं हुआ जबकि ऑनलाइन में जुलाई 22 का स्टॉक डीलर के खाते में दिख रहा है। सितंबर 22 में डीलर के पास बचत स्टॉक से अधिक काटकर आबंटन उपलब्ध कराया गया जबकि वही ऑनलाइन में डीलर के आबंटन में पूरा पूरी आबंटन दिखाया गया। दिसंबर 22 में फिर कौटती कर डीलर को कम से भी कम राशन आबंटित किया गया जबकि फिर डीलर के स्टॉक में पूरा पूरा आबंटन, बचत दिखाया गया। पीएमजीकेएवाई 22 का समायोजन एनईएसए 23 में किया गया जबकि डीलर के पास ऑनलाइन द्वारा दिखाया गया बचत बिल्कुल गलत है। संगठन इसका कड़ा विरोध करते है। डीलर बिलकुल निर्दोष है। विभाग की उच्चस्त्रीय जांच होनी चाहिए दोषी पाए जाने कानूनी करवाई होनी चाहिए। आए दिन डीलर के ऊपर जबरदस्ती आरोप लगाया जाता है। जो बिल्कुल सही नहीं है। बैठक में उपस्थित प्रखंड सचिव मश्कूर अंसारी, मीडिया प्रभारी संतोष मुंडा, मंत्री राजेश उरांव, लीलावती देवी, फालिंद्र सेठ, प्रखंड के सभी डीलर, सभी महिला समूह डीलर भी प्रखंड कार्यालय सभागार में शामिल थे।

## डीपीएस बोकारो में चार दिवसीय फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का समापन

राष्ट्रीय खबर

बोकारो : गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में कलात्मक व रचनात्मक गुणों के विकास को लेकर डीपीएस बोकारो में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राइमरी विंग में आयोजित चार दिवसीय इस प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। प्रतियोगिता में शामिल नन्हे छात्र-छात्राओं की मनोहारी वेशभूषा, उनकी सुंदर रूप-सज्जा आकर्षण का केंद्र रही, जो सहसा सभी का मन मोह ले रही थी।

चार दिनों की अवधि में बच्चों ने अलग-अलग समूहों में विभिन्न श्रेणियों के तहत अपनी प्रस्तुतियां देकर सबकी भरपूर सराहना बटोरी। पहले दिन प्री-नर्सरी कक्षा के बच्चे अंग्रेजी के अक्षरों के साथ रैंप-वॉक करते और पशु-पक्षियों के वेश में नजर आए। इसके जरिए उन्होंने पर्यावरण-संरक्षण व वन्य-जीवों की रक्षा का सुंदर संदेश दिया। दूसरे दिन आत्मविश्वास से लबरेज विद्यार्थियों ने कठपुतलियों, जोकर, नर्तक और गैजेट का वेश धर उनकी महत्ता बताई। जबकि, तीसरे दिन कक्षा प्रेप के बच्चों ने प्रसिद्ध राजा-रानी और देवी-देवताओं के वेश में अपने हुनर का परिचय दिया। उन्होंने विज्ञापन सामग्री की थीम पर आधारित आकर्षक रूप-सज्जा भी प्रस्तुत की। वहीं, अंतिम दिन गुरुवार को कक्षा एक के विद्यार्थियों ने मॉडल, विभिन्न खाद्य सामग्रियों एवं किताब की कहानियों के सुंदर पात्रों को रेखांकित करती मनोरम प्रस्तुति दी। अपने मासूमियत भरे अंदाज में बच्चों की अदाकारी और तोतली जुबान में उनका संवाद-प्रेषण लुभावने बने रहे।

**कार्यक्रम** 100 डेज आउटरिच कैंपेग्न -अकेले नहीं हैं आप- के तहत

# डालसा का कांके में कार्यक्रम आयोजित

- पीएलवी ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण पर प्रकाशा डाली
- पीएलवी भारती शाहदेव ने वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन की जानकारी दी

राष्ट्रीय खबर



रांची : न्यायमूर्ति एस. चंद्रशेखर, कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा के द्वारा परिकल्पित आउटरिच योजना जो कि 100 दिनों तक होना सुनिश्चित हुआ है। इसी कड़ी में आज 09.11.2023 को कांके प्रखंड के चपली पंचायत के नया टोली रानी चकाली बस्ती में विधिक जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एलएडीसी अधिवक्ता कविता खाती, पीएलवी जमिल अख्तर, शारदा देवी, बबिता कुमारी, भारती शाहदेव, संगीता देवी एवं राजा वर्मा ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जे.जे एक्ट, पोक्सो एक्ट इत्यादि की जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच एलएडीसी अधिवक्ता कविता खाती ने प्रकाश डाला उन्होंने बाल विवाह के रोकथाम के विषय पर विस्तार से चर्चा की एवं बाल विवाह अधिनियम के बारे में बताया गया। पीएलवी ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण पर प्रकाशा डाली। इसके अलावा दहेज प्रथा कानून के बारे में विस्तार से बताया गया। स्वीकृति विनया ने एमएसीटी एक्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

जमील अख्तर ने सड़क दुर्घटना में से संबंधित कानून की जानकारी दी। इसके अलावा लोगों को बाल श्रम के प्रति जागरूक किया। पीएलवी भारती शाहदेव ने वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं। पीएलवी ने घरेलू विवाद एवं जमीन संबंधी विवाद के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मौंके पर डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट और लिफलेट का वितरण भी किया। यह भी ज्ञात हो कि आगामी 9 दिसम्बर को आयोजित होनेवाले लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता कविता खाती, पीएलवी जमिल अख्तर, शारदा देवी, बबिता कुमारी, भारती शाहदेव, संगीता देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### कुमुदिनी देवी प्रेरणा कोश के तहत छात्रों को मिला 20 हजार की राशि



चांडिल : नौरंगराय सुर्यदेवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल मे प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी कक्षा 6 से 10 तक के एक-एक छात्रा को कुमुदिनी देवी प्रेरणा कोश छात्रवृत्ति के तहत गुरुवार को बीस-बीस हजार रुपये की राशि विद्यालय की तरफ से प्रदान की गयी। पुरस्कार पाकर सभी छात्रा बहुत खुश थी। अभिभावकों की तरफ से विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया गया। प्राचार्य ने बताया की नौरंगराय सुर्यदेवी ट्रस्ट के द्वारा प्रतिवर्ष कुमुदिनी देवी प्रेरणा कोश छात्रवृत्ति पुरस्कार कक्षा 6 से 10 तक के छात्रा के बीच प्रतियोगिता परीक्षा के मध्यम से कराई जाती है। और सभी पहलुओ को ध्यान मे रखने के बाद यह राशि प्रदान की जाती है। छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले अनुष्का खां कक्षा 6, ऋतु महतो कक्षा 7, गीता कुमारी कक्षा 8, स्वीटी सेन कक्षा 9 और संतोषी महतो कक्षा 10 के शामिल है।

### संत मेरी स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता



बोकारो : संत मेरी स्कूल सेक्टर 4 में गुरुवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक फादर मैथ्यू थामस ने कहा कि भारत की सभ्यता व संस्कृति की विश्व में विशिष्ट पहचान है। दिवाली में लोग रंगोली, कंदील आदि से अपने घर को सजाते हैं। दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। कहा कि विविध रंगों के मेल से रंगोली बनाई जाती है। यह लोगों के जीवन में खुशियों के रंग बिखेरती है। विद्यार्थियों को विविध गतिविधियों के माध्यम से देश की सभ्यता व संस्कृति से परिचित कराया जा रहा है। साथ ही इनकी प्रतिभा को निखारने का काम किया जा रहा है। शिक्षकाओं ने विद्यार्थियों को दिवाली के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इन्होंने बच्चों को दिवाली पर दीप जलाने, रंगोली बनाने आदि के विषय में भी बताया। कहा कि लोग मिलजुल कर उत्सव मनाते हैं। एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियां बांटते हैं। विभिन्न त्यौहार आपसी एकता व भाईचारे का भी संदेश देते हैं। विद्यार्थियों ने विविध रंगों के मेल से आकर्षक रंगोली बनाया। इन्होंने दीपक व अन्य वस्तुओं से सजावट की। इसके माध्यम से बच्चों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

### प्रतियोगिता में बच्चों ने बनाई रंग-बिरंगे और खूबसूरत दीपक

तालगड़िया : चंदनकियारी प्रखंड के महाल स्थित नरेन किशोर शेखर एजुकेशनल फाउंडेशन द्वारा संचालित नन्हे कदम स्कूल में गुरूवार को स्कूली बच्चों के बीच रंगोली सह दीपक बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर स्कूली बच्चों ने विभिन्न प्रकार के रंग बिरंगे और खुबसूरत दीपक बनाए। साथ ही अलग-अलग थीम पर आधारित रंगोली बनाकर लोगों का मनमोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बीस सूत्री उपाध्याय देवाशिष मंडल ने कहा देश विविधताओं से भरा है। हमारी संस्कृति एक दूसरे जोड़ने में सहायक है। शिक्षा रुपी दीपक से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को नष्ट किया जा सकता है। शिक्षा जीवन को आसान बनाती है इसलिए जीवन में भी हर रंगों का समावेश जरूरी है। कहा कि विद्यालय प्रबंधन की ओर से इस सुदूर क्षेत्र में अच्छी शिक्षा का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में रचनात्मकता का विकास होता है। जिप सदस्य अम्बिका देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्ता युक्त शिक्षा जरूरी है। हम शिक्षा के जरिए ही चंदनकियारी को आगे बढ़ा सकते हैं। इस दौरान प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके पर समाज सेवी रामपद दास, अध्यक्ष नरेन किशोर शेखर, निदेशक प्रताप शेखर, अंजली प्रमाणिक, नमिता बाउरी, प्रियंका रजवार, नितेश आचार्य, तन्नु श्री महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

**श्रम अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार**

(संयुक्त श्रम भवन, करकट, लातेहार Email id-boclatehar@gmail.com)

**प्रेस विज्ञप्ति**

ई-श्रमपोर्टल में निबंधित वैसे श्रमिक जिनकी दुर्घटना मृत्यु दिनांक-26.08.2021 से दिनांक-31.03.2022 के बीच हुई हो, के संबंध में अनुदान राशि के भुगतान हेतु ई-श्रमपोर्टल के अंतर्गत एक ऑनलाईन मॉडयुल तैयार किया गया है जिस पर अर्हता प्राप्त आवेदन को अपलोड किया जा सकेगा। इस पूरी प्रक्रिया अर्थात जिला स्तर पर ई-श्रम के तहत अनुदान राशि के भुगतान का अनुश्रवण करने हेतु उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में एक जिलास्तरीय समिति का गठन किया गया है। सहायता राशि के अंतर्गत दुर्घटना मृत्यु एवं पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 200000/- रू0 एवं आंशिक विकलांगता की स्थिति में 100000/-रू0 का भुगतान किया जाएगा।

उक्त अनुदान की राशि के भुगतान हेतु निम्न दस्तावेजों को ऑनलाईन मॉडयुल पर अपलोड किया जाना है :-

1.आवेदक का आधार
2.मृतक का ई-श्रमकार्ड
3.मृत्यु प्रमाण-पत्र/विकलांगता प्रमाण-पत्र
4.मृत्यु का चिकित्सा प्रमाण-पत्र
5.FIR रिपोर्ट
6.पोस्टमार्टम रिपोर्ट
7.जिला न्यायालय द्वारा निर्गत अभिभावक प्रमाण-पत्र (आवेदक के अल्पवयस्क होने की स्थिति में)

अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए आवेदक को मार्च 2024 के पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा।
अनुदान राशि के लिए आवेदन हेतु श्रम अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार में सम्पर्क किया जा सकता है।

श्रम अधीक्षक,
लातेहार।

PR 311088 Labour Employment and Traning(23-24)D

**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू**

**भर्ती कैम्प सूचना**

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 11/11/2023 दिन शनिवार को जिला नियोजनालय परिसर, डालटनगंज में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक एकदिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजक के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :-

| S.No | Company Name | Name of the Post | Category | No. of Vacancy | Qualification | Age | Salary | | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | Net Pay after deduction | Monthly CTC | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 9 |
| 1 | SIS Ltd, Garhwa | Security Guard | Male | 100 | 10th | 21-37 | 12,000/- to 18,000/- | 13,500/- to 19,500/- | All India |
| 2 | | Security Supervisor | Male | 25 | 12th | 21-36 | 15,000/- to 22,000/- | 16,500/- to 23,500/- | |

भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियो के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। भर्ती-कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। कैम्प में Covid SOP का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

नोट :- रिक्ति संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 311070 District (23-24)_D

राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### जागरूकता शिविर का आयोजन

**पाकुड़ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सह प्रभारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ राकेश कुमार के निर्देश पर अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अजय कुमार गुड़िया एवम् जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव शिल्पा मुर्मू के उपस्थिति में डालसा सभागार में 9/11/23 को लीगल सर्विस डे कार्यक्रम आयोजित की गई।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक

**बेरमो :** बेरमो प्रखंड के कुरपनिया आंगनबाड़ी केंद्र में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक हुई जिसमें बेरमो पश्चिमी पंचायत के समिति का विस्तार किया गया जिसमे पंचायत का संरक्षक में दुर्गा महतो को, संतोष कुमार महतो को अध्यक्ष, इस्तियाक और भुनेश्वर गंजू को उपाध्यक्ष बनाया गया और सचिव आफताब खान को बनाया गया साथ ही 25 कार्यकारणी सदस्य बनाए गए।

### सभी पंचायतों में सप्ताहिक पंचायत दिवस का किया गया आयोजन

**पाकुड़ :** उपयुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल के निर्देशानुसार जिले के सभी पंचायतों में गुरुवार को भी जिले के सभी पंचायतों में सप्ताहिक पंचायत दिवस का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की सोच है कि सभी सुयोग्य लाभुकों को सरलता पूर्वक योजनाओं का लाभ मिले। इसी सोच को लेकर जिला के सभी पंचायतों में सप्ताहिक पंचायत दिवस का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ के लिए आपको सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, प्रशासन आपको योजनाओं का लाभ देने के लिए आपके पंचायत में आ पहुंचा है। इसका उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पंचायत हर घर को मिल सकें।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मिट्टी का बर्तन बनाने वाले कुम्हार का अस्तित्व खतरे में

**बेरमो :** मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार दुखन प्रजापति ने बताया कि एक समय था की 25 से 30000 हजार दिया बेच दिया करते थे। लेकिन मुश्किल से अभी 3000 दिए ही बिकते हैं इसका कारण यह है कि लोग चाइनीज लाइट तथा मोमबत्तियों का इस्तेमाल करने लगे हैं। जिसके कारण हम लोगों का धंधा चौपट होते चला गया और आर्थिक स्थिति बिगड़ती चली गई।इन्होने बताया कि सरकार की ओर से नौकरी करने वाले बिजनेस करने वाले लोगों को लोन तथा अन्य प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराती है सरकार। परंतु हम जैसे कुम्हार को किसी का कोई सहयोग नहीं प्राप्त होता है जिस कारण दिन प्रतिदिन हम लोगों के मिट्टी के बर्तन बनाने वाले लोगों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। अगर सरकार इन चाइनीज लाइट तथा मोमबत्तियों पर रोक नहीं लगाती है तो एक ऐसा समय आएगा कि हम लोग समाप्त हो जाएंगे।

### श्री सत्य साइ के जन्मोत्सव पर फलों का वितरण किया

**पाकुड़ :** श्री सत्य साई सेवा समिति पाकुड़ द्वारा सदर अस्पताल पाकुड़ में भगवान श्री सत्य साई बाबा के जन्मोत्सव पर अस्पताल में भर्ती सभी 100 रोगियों को फूड पैक्ड ओर रोगियों के आदमी, अस्पताल के सभी डॉक्टर, नर्स, एवं 500 लोग को साई बाबा का प्रसाद वितरण किया गया। स्टेट एस आर पी और स्टेट मेडिकल कोऑर्डिनेटर श्री सत्य साइन सेवा संगठन झारखंड के डॉक्टर देवकांत ठाकुर ने बताया कि भगवान श्री सत्य साई बाबा का जन्मोत्सव नवंबर माह के पहले तारिक से ही संगठन द्वारा मनाया जा रहा है। जिसमें नए भक्त के घर में भजन, नारायण सेवा, ग्रामों में फ्री मेडीकल कैंप, प्रतिदिन साई मंदिर बैंक कॉलोनी से नगर संकृतन, वस्त्र वितरण जैसी कार्यक्रम किया जा रहा है।

**आस्था** ›

## दुग्दा में काली पूजा को लेकर मंदिर में रंग रोंगन कार्य जोरों पर

# मां दक्षिणेश्वरी तीन दिवसीय काली पूजा 11 नवंबर नहाय खाय संजोत से होगी आरंभ



▶▶ 12 नवंबर उपवास को बारी लाने की अद्भुत और अविश्वसनीय परंपरा है

▶▶ माता को खुश करने के लिए बकरे की बली दी जाती है

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** मां दक्षिणेश्वरी महाकाली की पूजा दुग्दा बस्ती के फुलझरिया में 200 बरस से भी अधिक वर्षों से चली आ रही है।

मान्यता है कि यहां जो भी भक्तजन सच्चे दिल से मन्नत मांगते है। मां काली उनकी मनोकामना अवश्य पूरी करती हैं। जिस कारण मां काली पर भक्त जनों की असीम आस्था है। मां काली पूजा इस वर्ष 11 नवंबर संजोत के साथ प्रारंभ होगी। 12 नवंबर उपवास को बारी लाने की अद्भुत और अविश्वसनीय परंपरा है। जिसे देखने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ती है। एवं रात्रि से माता को खुश करने के लिए बकरे की बली दी जाती है। यहां पर माता की पूजा अर्चना शुरू से ही चक्रवर्ती परिवार के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। पूजा की तैयारी को लेकर मंदिर की रंग-रोंगन के साथ साफ



सफाई कार्य कालो बाबा की देखरेख में जोरो से चल रही है। जहां स्थानीय मुखिया रीतलाल रजक की सराहनीय योगदान भी रहता है।इस मौके पर वृंदावन चक्रवर्ती, असीम चक्रवर्ती, अशोक चक्रवर्ती, उत्तम चक्रवर्ती मनोज चक्रवर्ती, आदित्य चक्रवर्ती, गांधी चक्रवर्ती, गोपाल चक्रवर्ती, जनार्दन चक्रवर्ती, पिंटू चक्रवर्ती, मंटू चक्रवर्ती, सरोज सिंह, मनजीत सिंह एवं श्रीकांत चक्रवर्ती का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

### समाजसेवी स्व.नवलकिशोर प्रसाद लाला की 28 वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**गोला :** बुधवार को गोला, कदमतर निवासी सह समाजसेवी स्व. नवलकिशोर प्रसाद लाला की 28 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उनके तृतीय पुत्र प्रदीप चन्द्र लाला एवं पुत्रवधू पुष्पा लाला ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। स्व. लाला सन 1978 को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अरगड्डा कोलियरी से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के पश्चात वे अपने निवास स्थान कदमतर(गोला) में मृत्युपर्यन्त रहे। वे आजीवन सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर अपनी सहभागिता प्रस्तुत किया करते थे तथा युवाओं को इसके लिए प्रेरित भी करते थे। उनके पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अलख कुमार सिन्हा, मुरारी मोहन गुप्ता, अक्षय अग्रवाल, कुँवर कुमार बक्शी, शैलेश चन्द्र लाला, उदय चन्द्र लाला, लाला चन्द्रमोहन, देवेन चन्द्र लाला, संजय लाला, संदीप लाला, प्रतीक गौरव, प्रतीक रौनक, सौरभ सिन्हा( लक्की), स्नेहा सिन्हा(रिक्की), रोहित सहित कई अन्य शामिल है।

### प्रोपराइटर रवि सिंह का मना जन्मदिन

**बेरमो :**बेरमो के हृदय सम्राट के नाम से विख्यात सैमसंग स्मार्ट प्लाजा फुसरो के प्रोपराइटर रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह का जन्मदिवस बड़े ही धूमधाम के साथ फुसरो मे मनाया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि रवि सिंह बेरमो मे सभी के दिलों पर राज करते है। इनका सेंस ऑफ ह्यूमर कमाल का है। इनकी हर बातें समझदारी से भरी होती हैं। चाहे कोई भी विषय हो। मौके पर भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह, भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, फुसरो मंडल महामंत्री टुनटुन तिवारी, निवर्तमान महामन्त्री दिनेश कुमार सिंह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वैभव चौरसिया,एसी मोर्चा के अध्यक्ष चंदन राम ,ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष लाल मोहन महतो, भाजयुमो महामंत्री शनि सिंह, ओम प्रकाश रजा आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

### शिक्षको का यू डाईस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन हुआ संपन्न

**गुवा :**नोवामुंडी इंटर कॉलेज में पश्चिम सिंहभूम जिला शिक्षा विभाग द्वारा झारखण्ड सरकार के तत्वाधान में विभिन्न क्षेत्रीय स्कूलों के शिक्षको का यू डाईस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन संपन्न हुआ ।,आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नोवामुंडी के बीईईओ देव शंकर महापात्रा ने की । बीपीओ किशोर कुमार सिंकू, एमआईएस ताज हुसैन एवं सीआरपी गौरव आनंद एवं ठाकुरा मध्य विद्यालय के प्राचार्य प्रभाष्क दास के द्वारा की गई।नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत संचालित 56 स्कूलों के शिक्षकों के प्रतिनिधि को प्रशिक्षित किया गया । आयोजित कार्यक्रम के तहत झारखंड सरकार के दिशा निदेर्शानुसार यू डाईस भरने की जानकारी के साथ-साथ संचालित हो रहे विद्यालयकी गतिविधियों एवं समस्याओं की रिपोर्ट दर्ज की गई । सरकार के साथ-साथ निजी एवं प्राइवेट स्कूलोंके भी शिक्षकों की भी अनिवार्य रूप से उपस्थिति बनाकर प्रशिक्षण दिया गया । प्राथमिक विद्यालय लिपुंगा उप्रावि ईचागुटू एक एवं दो,उप्रवि जोजोकोबीर, प्रावि ठाकुरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नुईया उच्च विधालय गुवा, आदर्श मध्य विधालय बड़ाजामदा, उप्रवि विचाईकिरी उप्रवि हिरजी हाटिंग, मध्य विद्यालय गुवासाई, उमवि राईका, उप्रवि कैलाशनगर उप्रवि बिरसानगरां के अतिरिक्त करीब अन्य 35 स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाओं की शामिल देखा गया। कार्यक्रम मे नोवामुंडी के बीईईओ देव शंकर महापात्रा ने खून की कमी सेहोने वाले एनीमिया नामक बीमारीपर चर्चा की उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में बच्चों को जागरूक कर अनीमिया मुक्त भारत बनाना है । जानकारी के तहत उन्होंने बताया कि अनीमिया शरीर में लाल रक?त कोशिकाओं की कमी या खराब लाल रक?त कोशिकाओं के कारण होता है । इसके कारण शरीर के अंगों में ऑक?सीजन पहुंचना कम हो जाता है । अत: बच्चों को जानकारी दे अनीमिया से उन्हें बचाना है।शिक्षकों मे नीमचन्द महतों, सुखदेव प्रधान, अनिरुद्ध दता, श्रवण कु पाण्डेय व अन्य दर्जनों को शामिल देखा गया।प्रखंड स्तरीय आयोजित कार्यक्रम के समायोजन एवं आयोजन में नोवामुंडी इंटर कॉलेज के प्राचार्य मोनोनीत विश्वास का अग्रणी योगदान रहा ।

## संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने प्रदर्शन कर बीएण्ड के प्रबंधन को सौंपा मांग पत्र

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा सीसीएल बोकारो एवं करगली प्रक्षेत्र द्वारा क्षेत्र के मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं संबंधित 5 सूत्री मांगों को लेकर महा प्रबंधक कार्यालय के समझ धरना प्रदर्शन किया गया तत्पश्चात मांग पत्र शॉप कर समस्याओं पर जल्द सकारात्मक पहल करते हुए समाधान की मांग की गई अन्यथा बाध्य होकर औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 (22) के तहत क्षेत्र का उत्पादन एवं प्रेषण को ठप करने की चेतावनी दिया गया। इसकी तमाम जवाबदेही प्रबंधन की होगी। मांगें में फरवरी 2021 के बाद सेवानिवृत्त हुए वैसे सेवानिवृत्त कर्मी जो कम्पनी के आवास में रहना चाहते हैं, उन्हें आवास जमा करने की बाध्यता को खत्म कर ग्रेच्युटी एक्ट 1972 के तहत, ग्रेच्युटी भुगतान करने, केंद्रीय अस्पताल ढोरी से रेफरल सम्बन्धित प्रक्रिया को सरल किया जाए एवं क्षेत्रिय अस्पताल करगली, बोकारो कोलियरी अस्पताल, जवाहरनगर, खासमहल, डीसपेन्सरी में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों सहित चिकित्सा से सम्बन्धित उपकरण, दवा इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, कर्मचारियों के ट्रांसफर पॉलिसी एवं प्रमोशन पॉलिसी में एकरूपता लाई जाए ताकि किसी प्रकार का कोई भेदभाव ना हो। मैन पावर बजट के ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों की सहभागिता दिलाई जाए। सभी परियोजना अपने-अपने परियोजनाओं के लम्बित ग्रेच्युटी एवं पीएफ पेंशन की जानकारी सार्वजनिक करें।

## हेरिटेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, मयंक व अश्विनी प्रथम



राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर :** चितरपुर स्थित जरीना खातून संग्रहालय में इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरीटेज रामगढ़ सब चैप्टर तथा जरीना खातून संग्रहालय सह शोध केंद्र द्वारा जिला स्तरीय हेरिटेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से मौजूद चैप्टर के कन्वेनर फैयाज अहमद ने कहा कि इंटेक बच्चों में अपने विरासत के प्रति जागरूकता लाना चाहती है। यही कारण है कि पूरे भारत में इंटेक इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष करती है। इस क्विज के माध्यम से राष्ट्रीय, राजकीय एवं क्षेत्रीय मूर्त और अमूर्त विरासत को प्रश्नपत्र में शामिल किया गया था। आयोजित प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा, एनटीएस बरकाकाना ,एपेक्स पब्लिक स्कूल मारंगमर्चा , मैकोस पब्लिक स्कूल चितरपुर, गर्ल्स उर्दू हाई स्कूल चितरपुर तथा एंजेल पब्लिक स्कूल चितरपुर से बच्चों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता वर्ग सप्तम से दशम तक के लिए किया गया था। प्रतियोगिता 2 चरणों में संपन्न हुआ। जिसमे दिव्यांश सिंह, आर्यन सोनी, मयंक दुबे, अश्वनी कुमार, आदित्य श्री, कश्यप राहत, सानिया जहांगीर, रेशम इस्लाम, उस्मानिया आलम, खुशी जाहिद, जिशान रजा, अंशु कुमार, सहित 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा में डीएवी बरकाकाना के मयंक दुबे एवं अश्वनी कुमार ने प्रथम स्थान तथा अदिति श्री, कश्यप राहत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन दोनो ग्रुप को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। क्विज प्रतियोगिता का संचालन कमर सिद्दीक ने किया।

## डॉ0 एस0 राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हुआ मिलन समारोह



राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर :** डॉ० एस० राधाकृष्णन-शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा-लारी के बहुउद्देशीय सभागार में पूर्ववर्ती धात्रेय पुत्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ० राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की विशिष्ठ अतिथि डॉ. सरोज रंजन प्रबंधन, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, अतिथि मनोज झा सहायक प्राध्यापक चितरपुर इंटर कॉलेज, चितरपुर, अतिथि संजय सिंह, प्राचार्य, रामगढ़ महिला महाविद्यालय रामगढ़ महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर एवं महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्य मनीष कुमार एवं सभी शिक्षकों के द्वारा की गई। सभी अतिथियों एवं पूर्ववर्ती प्रशिक्षुओं का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया तथा अतिथियों को मोमेन्टो, अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। शुरूआत में कुलगीत शांता ग्रुप, स्वागत गीत बबीता ग्रुप नृत्य अंजना एवं अंजली, विक्की एवं धर्मेश, चंचल, मेनका, गीता, सुबेला ग्रुप आदि के द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा के तथा विषय प्रवेश सहायक प्राध्यापक संजु रंजना होरो के द्वारा किया गया पूर्ववर्ती प्रशिक्षुओं में संस्कृति सुमन, नित्यानंद, शिवशंकर, रंजीत, आस्मां राजनिधि, शाहिद, नेहा, पूजा, भारती, जूली, नम्रता, विनीता, विनय, लक्ष्मीकांत, नीलम, प्रियंका, निकिता इत्यादि शामिल हुए एवं अनुभवों तथा विचारों को साझा किया। मंच का संचालन बी.एड. प्रशिक्षु अमित कुमार रॉय एवं निधि रॉय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की देखरेख सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, सुश्री संजु रंजना होरो, नयन कुमार मिश्रा, सोनम सिन्हा एवं संजु उरांव के द्वारा किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा, सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, नयन कुमार मिश्रा संजु रंजना होरो, डॉ० अशोक राम, सोनम सिन्हा, संजु उरांव तथा डी. एल. एड के विभागाध्यक्ष सीमा कुमारी व्याख्याता मुरारी कुमार दूबे, सुप्रिया बर्मन, बाबुचंद प्रसाद, राजेश महतो, वरूण कुमार, कुमारी प्रतिमा तथा बी.एड. एवं डी. एल. एड. के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहें। अंत में धन्यवाद ज्ञापन बी. एड. के सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो के द्वारा किया गया।

## भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का 74 वां स्थापना दिवस मनाया गया



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** सिटीजन फोरम पब्लिक स्कुल गिद्दी ए में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का स्थापना दिवस मनाया गया।सबसे पहले स्काउट्स एंड गाइड्स का झंडोतोलन किया गया ततपश्चात बैनर को सलामी दी गई।फिर शपथ ग्रहण के बाद इतिहास की जानकारी देते हुए विश्व में शांति और सहयोग के महत्व को बताया गया।इसके बाद स्व.मदन मोहन मालवीय और बाइडन पॉवेल को याद किया गया।भारत एंड स्काउट्स हजारीबाग जिला के उपाध्यक्ष उदय शंकर भट्टाचार्य ने बताया कि यह एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो कि सर बेडन पॉवेल के द्वारा स्थापित किया गया था।यह सामाजिक संगठन करीब 216 देशों में सक्रीय है।उक्त संगठन मानवता, शिक्षा,राहत कार्य एवं अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना के रूप में कार्यरत है।यह संस्था के वर्तमान ग्लोबल एम्बेस्डर बेयर ग्रिल्स डिस्कवरी चैनल्स के(मैन वर्सेस वाइल्ड सीरीज)के पुरे विश्व में इसका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।इसके कई विभाग हैं।जिसमें विद्यालय स्तर पर बुलबुल, कब्स स्काउट्स एंड गाइड्स, विश्व विद्यालय स्तर पर रोवर और रेंजर्स हैं। भारत की महामहिम इसकी अध्यक्षता कर रही हैं।भारत में इसकी शुरूआत 1909में पंडित मदन मोहन मालवीय के द्वारा की गई थी।वर्तमान में इस विद्यालय के स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयं सेवको ने कई प्रशंसा पत्र एवं राज्य स्तरीय प्रशंसा पत्र प्राप्त कर क्षेत्र का नाम उज्ज्वल करने का काम किया है।उक्त कार्यक्रम में गाइड्स अंतरा गिरी, स्काउट्स सुजल, क्रिष कुमार,करण कुमार, निशांत सिंह,मोहन कुमार एवं अमन सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे।इस संस्था की विशिस्ट पहचान है कि यह स्काउट्स बाएं हाथ से हाथ मिलाते हैं।

**कार्यक्रम** ›

## बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन

# महिलाओं में सर्वांगीण विकास करने की क्षमता सबसे अधिक होती है : प्रकाश

▶▶ धीरज पांडे ने कहा कि बालिका भविष्य की नारी हैं

▶▶ भारतीय संस्कृति में नारी को बहुत ही सम्मान दिया जाता है

राष्ट्रीय खबर




**बेरमो:** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के कस्तूरबा श्रीविद्या निकेतन ढोरी में संकुल स्तरीय बालिका व्यक्तित्व शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह,सहित भाजपा नेत्री अर्चना सिंह, विघालय सचिव घीरज पांडेय, संकुल सचिव अमित सिंह, प्राचार्या इंद्रावती मिश्रा आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यहा स्वागत गीत, एकल नृत्य ,झारखंडी नृत्य और विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा विजयी प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि नारी शक्ति के कारण आज पूरा सृष्टि का संचालन होता है। भारतीय संस्कृति में नारी को बहुत ही सम्मान दिया जाता है। कहा कि आज की बालिकाएं ही कल का निर्माण करेंगी। महिलाओं में सर्वांगीण विकास करने की क्षमता सबसे अधिक होती है।

हम अपनी सभ्यता, संस्कृति और शिक्षा को कई प्रकार से विकसित कर सकते हैं।विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा अर्चना अग्रवाल ने बालिकाओं को सर्वगुण संपन्न बताया। उन्होंने बालिकाओं में नैसर्गिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक स्त्रीत्व गुणों पर प्रकाश डाला। साथ हीं कहा कि देश के विकास में बालिकाओं की अहम भूमिका होती है।भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह और संकुल स्तरीय सचिव अमित सिंह और विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव धीरज पांडे ने कहा कि बालिका भविष्य की नारी हैं। स्कूल के बहनों के बीच नारी शक्ति पर भाषण समेत अन्य प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा, मजदूर नेता विकास कुमार सिंह,भव्या महिला मंडल के अनिता सिंह, सुनीता प्रसाद, सिमी सिंह, गायत्री सत्यार्थी, सीता साहू आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

## बड़ाजामदा माइनिंग एरिया ट्रक ओनर एसोसिएशन का हड़ताल समाप्त

राष्ट्रीय खबर

**गुवा :** बड़ाजामदा माइनिंग एरिया ट्रक ओनर एसोसिएशन ने पिछले 1 नवंबर से अनिश्चितकाल के लिए टीएसएलपीएल खदान में गाड़ियों का परिचालन अनिश्चितकाल के लिए चक्का जाम कर दिया था। यह चक्का जाम टीएसएलपीएल खदान प्रबंधन द्वारा 15 साल पुरानी गाड़ियों को नहीं चलने देने का नोटिस जारी करने को लेकर किया गया था। आठवें दिन तक हड़ताल जारी रहा। और आज 9 नवंबर गुरुवार को टीएसएलपीएल खदान प्रबंधन व बड़ाजामदा माइनिंग एरिया ट्रक ओनर एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में खदान प्रबंधन द्वारा नोटिस जारी कर कहा गया कि 31 मार्च तक गाड़ी मालिकों को नोटिस दी जा रही है अपनी पुरानी गाड़ियों को 31 मार्च तक चला सकती है। परंतु 1 अप्रैल से 15 साल पुरानी गाड़ियों का परिचालन पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी जाएगी। इस पर गाड़ी मालिकों ने सहमति जताते हुए एवं दीपावली एवं छठ पर्व को देखते हुए खदान प्रबंधन की बातों को मान लिया और अपना हड़ताल को वहीं समाप्त कर दिया। इस संबंध पर बड़ा जामदा माइनिंग एरिया ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद चौरसिया ने कहा है कि फिलहाल पूजा को देखते हुए कंपनी प्रबंधन की बातों को मान लिया गया है। परंतु 31 मार्च के बाद जैसा होगा उसके लिए बैठक कर फिर से निर्णय ली जाएगी। इस मौके पर मनोज कुमार साहू, सह सचिव रूपा खान, प्रेम बल्लभ अवस्थी, चितरंजन प्रधान, रामानुज सिंह, मदन प्रसाद गुप्ता, मोहम्मद सरफराज, हरि उपाध्याय, भगवान चौधरी, अजय साहू, प्रमोद साहू आदि एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।

संपादकीय

# मुफ्त अनाज यानी खराब अर्थव्यवस्था

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अचानक एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए देश के अस्सी करोड़ गरीबों को अगले पांच साल तक मुफ्त अनाज देने का एलान कर दिया। अगले पांच वर्षों के लिए मुफ्त खाद्यान्न योजना का विस्तार करने का केंद्र सरकार का कदम स्वागत योग्य है क्योंकि यह कमजोर लोगों के बड़े वर्ग को खाद्य सुरक्षा प्रदान करना जारी रखेगा। लेकिन चुनाव के मौके पर चुनावी मंच से ऐसा बोलना आचार संहिता का उल्लंघन भी है। उम्मीद के मुताबिक ही चुनाव आयोग ने अब तक इस पर आंख बंद कर रखा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) की पात्रता के आधार पर, योजना, प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई), अंत्योदय अन्न योजना (गरीबों में सबसे गरीब) और प्राथमिकता वाले परिवारों की श्रेणियों के तहत लगभग 80.4 करोड़ लोगों को लाभ पहुंचाती है। उन्हें हर महीने प्रति व्यक्ति पांच किलो चावल या गेहूं या मोटा अनाज मिलता रहेगा। मुफ्त खाद्यान्न का प्रावधान



अखिल भारतीय स्तर पर कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू किया गया था, हालांकि तमिलनाडु जैसे राज्यों में यह प्रचलन में था। उस समय, एनएफएसए लाभार्थियों की पात्रता दोगुनी कर दी गई और पीएमजीकेएवाई का नामकरण किया गया। अप्रैल 2020 से दिसंबर 2022 के बीच ?3.45 लाख करोड़ की सब्सिडी पर 1,015 लाख टन वितरित किए गए। 2022 के अंत में, केंद्र ने बढ़ी हुई पात्रता को बंद करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक वर्ष के लिए सामान्य पात्रता के तहत मुफ्त अनाज की घोषणा की। दूसरी ओर, जिस तरह से नवीनतम कदम को लागू करने की कोशिश की जा रही है, उससे सवाल उठते हैं। पिछले सप्ताह दुर्ग, छत्तीसगढ़ में एक चुनावी रैली में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की, जिसे आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के रूप में देखा जाना चाहिए क्योंकि श्री मोदी ने योजना के विस्तार के बारे में बात करने के लिए अपने आधिकारिक पद का उपयोग किया था। अगले महीने के अंत में समाप्त होने के लिए)। उस समय और एक चुनावी रैली में घोषणा करने की उनकी ओर से कोई जल्दी नहीं थी, खासकर जब 3 दिसंबर को होने वाले नतीजों की घोषणा के बाद भी ऐसा करने के लिए पर्याप्त समय था। ऐसा लगता है कि इसका उद्देश्य मतदाताओं को प्रभावित करना था , और राजनीतिक लाभ प्राप्त करें। पीएमजीकेएवाई के पिछले अवतार को उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत से जोड़ने वाला एक विचार है। यहां तक कि कांग्रेस, जिसने निरंतर आर्थिक संकट और बढ़ती असमानताओं का संकेत के रूप में घोषणा की आलोचना की, उसे भी कुछ गलत नहीं लगा। यह योजना पूरे देश के लिए है, न कि केवल चुनाव का सामना करने वाले पांच राज्यों के लिए - वे कुल लाभार्थियों का लगभग 17 फीसद हैं। राजकोषीय मोर्चे पर, विस्तार गंभीर समस्या पैदा नहीं कर सकता है क्योंकि खाद्य सब्सिडी बिल केंद्र सरकार की राजस्व प्राप्तियों का लगभग 7.5 फीसद है। पिछले सात वर्षों में चावल और गेहूं की आर्थिक लागत में औसतन 5.7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है। साथ ही, विस्तार पर हर साल लगभग 15,000 करोड़ रुपये अधिक खर्च होंगे, जो प्रबंधनीय है। हालाँकि, सरकारों, केंद्र और राज्यों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली में लीकेज को खत्म करना सुनिश्चित करना चाहिए ताकि विस्तार का लाभ योग्य लोगों तक पहुँच सके। लेकिन इस एलान को अगर चुनावी हथियार के तौर पर नहीं लें तो यह बताता है कि केंद्र सरकार के तमाम दावे इस एलान से झूठे साबित हो जाते हैं। बार बार दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का ढोल बजाने वाली सरकार अब भी गरीबों को अनाज क्यों चाहिए, इस पर सफाई देने की स्थिति में नहीं है। अगर वाकई अस्सी करोड़ जनता को अनाज देना जरूरी है तो यह माना जाना चाहिए कि आंकड़ों में विकास दिखने के बाद भी दरअसल गरीब की झोली अब भी खाली है। देश की अधिसंख्य जनता कोरोना महामारी के पहले ही नोटबंदी से कमजोर हो गयी थी। बाद में जीएसटी के बोझ ने जैसे जैसे छोटे कारोबारियों को कमजोर किया, देश की सामाजिक अर्थव्यवस्था और कमजोर होती चली गयी। भारत की चमकदार छवि पेश करने में जुटे भाजपा नेता इस सच को स्वीकारना नहीं चाहते। अगर यह तर्क गलत है तो यह माना जाना चाहिए कि खुद नरेंद्र मोदी को इस बार के पांच विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी का भविष्य बेहतर अथवा सुरक्षित नजर नहीं आ रहा है। इस वजह से उन्होंने अभी से ही अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तहत ऐसा बयान दिया है। देश की जनता के बहुमत को अगर दो वक्त का भोजन भी नहीं मिल पा रहा है तो यह सत्ता पर आसीन लोगों के लिए ही चुनावी चुनौती है, इस बात को स्वीकारना होगा। वैसे भी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का परिणाम सामने आते ही यह स्पष्ट हो जाएगा कि गाड़ी किस ओर बढ़ रही है।

# नीतिश उवाच! ये क्या कह गए माननीय ?



स्त्री शिक्षा के फायदे गिनाते-गिनाते नीतिश कुमार भाषा की मयार्दा इस कदर भूल गए कि याद भी नहीं रहा कि वो लोकतंत्र के मंदिर में बोल रहे हैं? अक्सर माननीयों के बिगड़े बोल सामने आते रहते हैं, लेकिन जिस तरह से नीतिश ने हाथ मटका कर, अजीब भाव भंगिमा के साथ मंगलवार को विधानसभा में जो शब्द बोले वो ज्यों के त्यों लिखे भी नहीं जा सकते। नीतिश ने जिस तरह से सेक्स शिक्षा पर बयान दिया उससे बवाल तय था। सवाल यह भी है कि क्या एक परिपक्व राजनेता को जो देश के प्रधानमंत्री का ख्वाब भी पाले हुए है, इतना भान नहीं था कि वो क्या बोल रहे हैं? कहां बोल रहे हैं? उसके मायने क्या निकलेंगे? माना कि मेडिकल साइंस की भाषा में उन्होंने गलत नहीं कहा लेकिन जिस जगह कहा वह ऐसा स्थान नहीं था जहां उस भाषा में कहा जाना था, जिसका उपयोग उन्होंने किया।जिस समय नीतिश बोल रहे थे



ऋतुपर्ण दवे
पत्रकार

उस समय सदन में कई महिला नेत्री भी बैठी हुईं थीं कुछ शर्म से सिर झुकाए हुए थीं तो एक ने नाराजगी जताते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

उनके समर्थन में शुरू-शुरू में आए लोगों ने अपने ही तर्क देने शुरू किए लेकिन जब बुधवार को नीतिश ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली तो उनके बयान से उठा तूल थमने के बजाए अलग ही रंग में रंगता दिखा। उनका कहना ‘मैं खुद पर शर्म महसूस करता हूं, मेरी बात किसी को गलत लगी तो इसके लिए माफी मांगता हूंऔर अपना बयान वापस लेता हूं। इसके लिए दुख प्रकट करता हूं।’ लेकिन सवाल यही कि क्या बुरा बोलकर माफी मांग लेना ही पर्याप्त है? क्या भारतीय राजनीति में इसे परिपाटी माना जा सकता है? शायद नहीं, कभी नहीं।

ऐसा भी नहीं है कि नीतिश देश के पहले राजनेता हैं जिनके बोल बिगड़े हों। हाँ ये बात जरूर है कि उन्होंने जिस तरह से कहा वो देश में पहली बार सुना और देखा गया है। हो सकता है कि दुनिया में भी सदन में पहली बार किसी ने कहा हो। आखिर नीतिश को इस तरह से बोलने की क्या जरूरत थी? सवाल तो बहुत से हैं लेकिन जवाब शायद किसी के पास नहीं होगा। सदन लोक प्रतिनिधित्व की पावन जगह है। यह कोई मयखाना या नशेड़ियों का अड्डा नहीं जो भी मन में आए बोल दिया। भले ही कोई मेडिकल साइंस की या जन्म दर के आंकड़े की दुहाई दे लेकिन सच तो यही है कि इस तरह की भाषा या शब्दावली के मायने चिकित्सा शिक्षा में अध्ययन या चिकित्सा के वक्तसामान्य होंगे। वहां भी इसके बोलने, समझाने का शिष्ट तरीका है। बांकी समय ऐसी भाषा नहीं बोली जाती है।

यह भी सही है कि सुशासन बाबू के नाम से भी अपनी अलग पहचान रखने वाले नीतिश कुमार की अलग छवि रही। नीतिश कुमार को कभी विकास कुमार भी कहा गया। जनचर्चा है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि अपनी नई पहचान बनाने की पिनक में उन्होंने जो मुंह से कहा वो नई पहचान के लिए तो नहीं? क्योंकि दोनों ही सदन में कहना इसे चूक नहीं कह सकते।इसे जुबान फिसलना भी नहीं कह सकते क्योंकि कोई एक-दो शब्द होते तो माना भी जा सकता था यहां तो उन्होंने बड़े तरतीब से बेहद अश्लील शब्दों में अपनी बात कही। उनकी कही गई बात सच में दुनिया के किसी भी सभ्य समाज को नागवार गुजरना था, जो गुजरा भी। जो कहा वो पूरा का पूरा या ज्यों का त्यों लिखा भी नहीं जा सकता। उन्होंने कहा 'लड़की पढ़ लेगी अगर, तो जब शादी होगी,तब पुरुष रोज रात में करता है ना। उसी में और (बच्चे) पैदा हो जाता है। लड़की अगर पढ़ लेगी तो उसको भीतर मत ..., उसको भीतर मत ..., उसको .... कर दो। इसी में संख्या घट रही है...।' नीतिश बाबू ये आप क्या कह गए? आप खुद एक नहीं कई बार सुनें और बार-बार शर्मिन्दा हों। कितनी बार शर्मिन्दा होंगे? कहते हैं कमान से निकला तीर और जुबान से निकले शब्द कभी वापस नहीं आते। देश में तो इसका विरोध हो ही रहा है दुनिया में भी शुरू हो गया है। अफ्रीकी-अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका मैरी मिलबेन ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य विधानसभा में जनसंख्या नियंत्रण पर बोलते वक्त शिक्षा और महिलाओं की भूमिका को समझाने के लिए अपमानजनक भाषा के किए इस्तेमाल पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आज भारत एक निर्णायक स्थिति का सामना कर रहा है। ऐसे में बिहार मेंजहां महिलाओं के मूल्य को चुनौती दी जा रही है? मेरा मानना है कि इस चुनौती का केवल एक ही उत्तर है वो ये कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की टिप्पणियों के बाद, किसी साहसी महिला को आगे आकर बिहार के मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा करनी चाहिए। यदि मैं भारत की नागरिक होतीतो बिहार जाती और मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ती। मेरा मानना है कि बिहार में महिला नेतृत्व को और सशक्त बनाना चाहिए तभी महिला सशक्तिकरण और विकास और प्रतिक्रिया की सच्ची भावना होगी। निश्चित रूप से अभी तो और भी कई तीखी प्रतिक्रियाएं आनी बांकी हैं।

यकीनन नीतिश ने जिस भी मकसद से अस्वीकार्य भाषा का इस्तेमाल किया वो तो वही जानें। लेकिन उनके एक बयान से पूरे देश में सियासत को नई हवा जरूर मिल गई है। निश्चित रूप से इण्डिया गठबंधन भी हक्का-बक्का होगी। विपक्ष को बैठे बिठाए वह भी पाँच राज्यों के चुनाव के दौरान बड़ा मुद्दा मिल गया। सबसे बड़ी बात यह भी कि नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाले खुद ही अनैतिक हो जाएं तो उन पर नियंत्रण कौन करेगा? उससे भी बड़ा यह कि सर्वोपरि सदन में ऐसी भाषा बोलने की हिमाकत को साधारण नहीं कहा जा सकता। ये बाद की बात है कि इसे कार्यवाही से निकाल दिया जाए। लेकिन इस पर भी सोचना होगा कि दोबारा ऐसी कोई भी घटना न पाए। नीतिश को उनके इस बोल की क्या कीमत चुकानी होगी यह वक्त ही बताएगा।माफी मांगे या शर्मिन्दगी महसूस करें लेकिन अपने घर में भी नीतिश क्या सर उठा कर परिवार वालों से नजरें मिला पाते होंगे?नीतिश अपने इस बयान के लिए कौन सी सजा के हकदार होंगे नहीं पता लेकिन निश्चित रूप से इस अभद्र बोल से राजनीति भी बुरी तरह से शर्मसार हुई है। बस यही इल्तिजा है कि सदन, सार्वजनिक स्थलों पर ऐसे बोल पहले और आखिरी हों।

10 नवम्बर धनतेरस पर विशेष

# यमराज की पूजा का पर्व है धनतेरस

धनतेरस का त्योहार दिवाली त्योहार के पहले दिन को दशार्ता करता है। यह त्योहार लोगों के जीवन में समृद्धि और स्वास्थ्य लाने के लिए माना जाता है और इसलिए इसे बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। दीपावली का प्रारम्भ धनतेरस से हो जाता है। धनतेरस पूजा को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस के दिन नई वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने की भी प्रथा है। अगर सम्भव न हो तो कोई बर्तन खरीदे। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दौरान अपने घर में 13 दीये जलाना चाहिए और अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। जिसमें से सबसे पहले दक्षिण दिशा में यम देवता के लिए और दूसरा धन की देवी मां लक्ष्मी के लिए जलाना चाहिए। इसी तरह दो दीये अपने घर के मुख्य द्वार पर एक दीया तुलसी महारानी के लिए एक दीया घर की छत पर और बाकी दीये घर के अलग-अलग कोने में रख देने चाहिए। माना जाता है कि यह 13 दीये नकारात्मक ऊर्जा और बुरी आत्माओं से रक्षा करते हैं।



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र पत्रकार

**हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दौरान अपने घर में 13 दीये जलाना चाहिए और अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए।**

धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है। वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी इसी दिन से प्रारम्भ होती है। इस दिन घरों को लीप-पोतकर, चैक, रंगोली बना सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाहन किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। धनतेरस को चांदी के बर्तन खरीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावली, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए।

धनतेरस का दिन धन्वन्तरी त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश लक्ष्मी घर लाएं जाते है। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है।

धनतेरस के दिन यमराज को प्रसन्न करने के लिए यमुना स्नान भी किया जाता है अथवा यदि यमुना स्नान सम्भव न हो तो स्नान करते समय यमुना जी का स्मारण मात्र कर लेने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं। हिन्दु धर्म की ऐसी मान्यता है कि यमराज और देवी यमुना दोनों ही सूर्य की सन्ताने होने से आपस में भाई-बहिन हैं और दोनों में बड़ा प्रेम है। इसलिए यमराज यमुना का स्नान करके दीपदान करने वालों से बहुत ही ज्यादा प्रसन्न होते और उन्हें

धनतेरस के दिन यम के लिए आटे का दीपक बनाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता हैं। इस दीप को यमदीवा अर्थात यमराज का दीपक कहा जाता है। रात को घर की स्त्रियां दीपक में तेल डालकर नई रूई की बत्ती बनाकर, चार बत्तियां जलाती हैं। दीपक की बत्ती दक्षिण दिशा की ओर रखनी चाहिए। जल, रोली, फूल, चावल, गुड़, नैवेद्य आदि सहित दीपक जलाकर स्त्रियां यम का पूजन करती हैं।

# झूठ की सजा

प्रेरक प्रसंग

एक बार एक आदमी अपने पालतू बंदर के साथ समझे जहाज में यात्रा कर रहा था ! तूफान आ जाने के कारण जहाज पलटने लगा सभी लोगों के साथ साथ में बंदर भी पानी में कूद गया ! डॉल्फिन ने बंदर को मनुष्य समझकर बचा लिया डॉल्फिन उसे अपनी पीठ पर बिठाकर किनारे को ले जा रही थी ! ग्रीस देश की सीमा पार करते डॉल्फिन ने बंदर से पूछा,क्या तुम एथेंस के रहने वाले हो ?



**बंदर ने झूठ बोल दिया, हां !**
डॉल्फिन ने फिर पूछा, क्या तुम्हें पिराकस पता है ? बंदर को लगा की यह कोई व्यक्ति का नाम है, इसलिए बोला ,‘वह मेरा अच्छा मित्र है’ ! डॉल्फिन को पता था की वह व्यक्ति का नाम नही है जबकि बंदरगाह है ! डॉल्फिन को झूठ से सक्त नफरत थी ! उसे बहुत गुस्सा आया और उसने पानी में डुबकी लगाई और बंदर पानी में डूबकर मर गया !

**निष्कर्ष :**
**झूठ से केवल क्षणिक लाभ हो सकता है ; उससे प्राय: भारी नुकसान होता है !**

जानकारी

# मनाली-लेह

पूरे मनाली-लेह राजमार्ग पर कम सभ्यता के कारण हर जगह चिकित्सा सहायता प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है। यह कुछ ही जगहों पर पाया जा सकता है. सिस्सू, केलांग और सरचू में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। आपात स्थिति में लोग सेना की पांग चिकित्सा सुविधा पर भी रुक सकते हैं। आप इन स्थानों पर प्राथमिक चिकित्सा और कुछ अन्य त्वरित चिकित्सा सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

इसलिए, मनाली से लेह तक यात्रा कार्यक्रम का मसौदा तैयार करते समय, चिकित्सा सहायता की उपलब्धता जैसी महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखना हमेशा आवश्यक होता है। यदि कोई असहज महसूस करता है, तो समस्या के लिए नियमित जांच या दवा लेने के लिए इनमें से किसी भी स्थान पर रुकें।

मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता



इस अद्भुत जगह की यात्रा के दौरान यात्रियों को एक और समस्या का सामना करना पड़ता है वह है लेह में मोबाइल कनेक्टिविटी । एयरटेल नेटवर्क का कनेक्शन केलोंग, उप्शी-लेह के पास होगा। जबकि बीएसएनएल के नेटवर्क पूरे देश में सबसे अच्छे हैं। पूरे रास्ते और यहां तक ??कि लेह-लद्दाख में भी लोगों को अच्छा कवरेज मिलेगा। जियो प्रगति पर है और किसी भी समय मौजूद रहेगा।

नोटः ध्यान रखें कि लेह-लद्दाख क्षेत्र में कहीं भी कोई प्रीपेड कनेक्शन काम नहीं करेगा।

# OnePl42 12 के लॉन्च से पहले बड़ा खुलासा

नई दिल्ली: वनप्लस अपने अगले फ्लैगशिप फोन OnePlus 12 को जल्द ही लॉन्च करने जा रहा है। कंपनी ने इसके बारे में जानकारी देना भी शुरू कर दिया है। वनप्लस 12 को कंपनी क्वालकॉम के ब्रैंड-न्यू प्रोसेसर स्नैपड्रैगन 8 Gen3 के साथ लॉन्च करेगी। जिसमें 2K LTPO OLED डिस्प्ले शामिल होगा। अब कंपनी ने अपने इस फोन को लेकर नया खुलासा किया है। जिसके अनुसार अपने इस हैंडसेट में वनप्लस 64MP पेरिस्कोप जूम कैमरा दे सकता है। हालांकि कंपनी ने इसमें मिलने वाले सेंसर के नाम का फिलहाल खुलासा नहीं किया है। तो चलिए आपको आगे इस फोन से जुड़ी अब तक सामने आई सभी जानकारी को बताते हैं। वनप्लस ने अपने इस फ्लैगशिप फोन को लेकर इससे पहले खुलासा किया था कि, OnePlus 12 स्मार्टफोन को कस्टम Sony LYTIA डुअल-लेयर स्टैक्ड CMOS प्राइमरी सेंसर के साथ पेश किया जाएगा।



वनप्लस 12 के कैमरा डिपार्टमेंट में बड़े बदलाव की उम्मीद है। इसके साथ ही इस फोन को शानदार लो लाइट फोटोग्राफी फीचर से भी लैस किया जा सकता है। यूजर इस स्मार्टफोन से ज्यादा डिटेलिंग वाली फोटोग्राफी भी कर सकेंगे। वनप्लस 12 में कंपनी BOE की ब्रैंड-न्यू LTPO X1 OLED डिस्प्ले दे सकती है। जिसके पैनल में 2ङ रेजॉल्यूशन वाली डिस्प्ले होगी। यह फोन 2600 निट्स ब्राइटनेस ऑफर करेगी। प्रोसेसर की बात करें तो वनप्लस 12 में क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 Gen 3 प्रोसेसर शामिल किए जानें की उम्मीद है। आपको बता दें, वनप्लस ने इससे अपने पुराने मॉडल OnePlus 11 को ट्रिपल कैमरा सेटअप के साथ लाया था। जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन के साथ 50MP सोनी IM 890 प्राइमरी, 48MP सोनी IM 581 अल्ट्रावाइड-ऐंगल लेंस और RGBW अरेंजमेंट के साथ 32MP 2x टेलिफोटो लेंस शामिल है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट



“चाहे जो भी हो जाए, देश में जाति आधारित जनगणना होकर रहेगी और इसके बाद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलित और आदिवासी वर्ग को उनका हक दिलाया जाएगा। श्री गांधी का कहना है कि वर्तमान में ओबीसी, दलित और आदिवासियों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है।”

राहुल गाँधी
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता



“ भोजपुरी फिल्म छठ के बरतिया 10 नवंबर को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में हमारे बहुत सारे सीनियर जूनियर लोग हैं। फिल्म के नायक अनुष्मन शरण, पंकज सिन्हा, स्मृति सिन्हा सहित कई कलाकार हैं। मैं मेरी तरफ से फिल्म की टीम को शुभकामनाएं देता हूं। और भोजपुरी दर्शकों से इस फिल्म को देखने की अपील करता हूं।”

पंकज त्रिपाठी
बॉलीवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## भारत मे बढ़ रही मानव तस्करी

सरकार और पुलिस प्रशासन को चुनौती*

देश मे बढ़ रही मानव तस्करी से सरकार भी चिंतित है ।एनआईए की दस राज्यो में छापेमारी ने अनेक संधिग्धो को गिरफ्तार किया गया है ।राज्यो की सीमा अंतरास्ट्रीय सीमाओं से सटी होने के कारण घुसपैठ बढ़ती जा रही है ।कांग्रेस के शासनकाल में पांच करोड़ रोहिंग्या मुस्लिमो को भारत मे घुसपैठ के लिए सरकार का सरंक्षण मिला था ।कांग्रेस की यह नीति निंदनीय है ।दस राज्यो में एनआईए की छापेमारी में रोहिंग्या मुसलमान और बांग्लादेशी के अनेक लोगो से पुलिस पूछताछ कर रही है ।राजस्थान से कश्मीर तक पचास जगह एनआइए ने छापेमारी कर पचास शंकास्पद को पकड़ा गया है ।मानव तस्करी भारत जैसे देश के लिए अभिशाप है । मानव तस्करी कर वेश्यावृत्ति में धकेल देते है । फिर ये तस्कर मसमोटी रकम कमाते है ।भीख मंगवाना आपराधिक मामलों में शामिल करना जबरन शादी करना घरेलू गुलामी गुर्दे,हाथ पैर फेफड़े और दिल निकालने आदि घटनाएं मानव तस्करी करने वाले घटिया कार्य को अंजाम देते है ।गरीबी से छुटकारा और बेहतर जीवन यापन करने के लिए रोहिंग्या मुसलमान और बंग्लादेशी घुसपैठिये इस आपराधिक प्रवृत्ति को अंजाम देते है । मानव तस्करी सभ्य समाज पर कलंक और एक अपराध है ।अपने फायदे के लिए नौनिहालों का जीवन बर्बाद कर उनके परिवार से हमेशा के लिए अलग करने का घिनोना अपराध करते है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### दीपों का त्यौहार सबके लिये लायें खुशियां: महेश

**कोडरमा:** शहर के पानी टंकी के पास स्थित रोटरी बाल विद्यालय में मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा के द्वारा आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत दीपावली जैसे महापर्व एवं बाल दिवस के उपलक्ष पर विद्यालय के बच्चों के बीच फूड पैकेट, फुल झाड़ियां, पटाखे, चाकलेट आदि का वितरण किया गया। तथा सभी बच्चों के साथ फुलझड़ियां जलाकर दीपावली का त्यौहार भी मनाया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### सड़क दुर्घटना में पत्नी की मौत पति घायल

**बरही :** बरही गुरुवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत खोड़ाहर में सेल्टोस कार जेएच 01 ईएफ 7676 ने एक मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार रालो गांव निवासी प्यारेलाल यादव को गंभीर चोट आई, जबकि उनकी पत्नी 45 वर्षीय गीता देवी की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। स्थानीय लोगो की मदद से घायल प्यारेलाल यादव को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं सूचना मिलने पर बरही पुलिस घटना स्तर पर पहुंची और कार को जप्त कर बरही थाना लाया। परिजनों ने बताया की प्यारे लाल यादव अपने बाइक से गुरुवार सुबह अपनी पत्नी गीता देवी के साथ सरसो से तेल निकालने बरही की और आ रहे थे। इसी क्रम में खोड़ाहर के नजदीक तेज गति से आ रही कार ने अपने चपेट में ले लिया। बाइक और कार का टक्कर इतना जोरदार था की कार के परखच्चे उड़ गया। इधर बरही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुवे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। घटना की खबर सुनते ही रालो में मातम छा गया। वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### हॉस्पिटल में छुट्टियों से पूर्व मनाया गया दिपावली

**हजारीबाग:** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में दिन बुधवार की देर संध्या दिपावली की छुट्टियों से पूर्व धूमधाम एवं सादगी के साथ दिपावली मनाया गया। इस अवसर मिट्टी का दीया जलाकर एवं एक दूजे को दिपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं देकर मनाया गया। इस अवसर मुख्य रूप से सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास एवं परी फाउंडेशन के निदेशक रोली गुप्ता ने शामिल होकर सबो को दिपावली की अग्रिम ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विद्युतीय लाइट एवं आकर्षक सजावट की जगमगाहट की रौशनी से पूरा परिसर रौशन हुआ। मुख्य एवं प्रवेश द्वार समेत कई जगहों पर आकर्षक रंगोली एवं दीप जलाया गया। दीपोत्सव का संदेश भी लोगों के बीच साझा गया। इस दौरान सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास एवं परी फाउंडेशन के निदेशक रोली गुप्ता ने जरूरतमंदों एवं मेस कर्मचारियों को कंबल एवं मिठाई का भी वितरण किया। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने दीपावली की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दिपावली खुशियों का साझा करने का त्यौहार है। हर सक्षम संस्थान एवं व्यक्ति को अपने आसपड़ोस में जरूरतमंदों को अपनी खुशियों में अवश्य शामिल करना चाहिए। खुशी बांटने से ही हम सभी की जीवन में खुशहाली बढती है। उन्होंने कहा कि दिवाली के दिन भगवान राम 14 वर्षो का वनवास समाप्त करके अयोध्या वापस आए थे उन्हीं के आने की खुशी में अयोध्या वासियों ने घी के दिए जलाएं। तभी से दिया जलाने की परंपरा शुरू हुई। यह दिवाली आप सभी की घरों में सुख समृद्धि एवं सफलता लेकर आए। परी फाउंडेशन के निदेशक रोली गुप्ता ने कहा कि सुख, शान्ति और समृद्धि की मंगलकामनाओं के साथ दीपावली की पावन पर्व की अग्रिम हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**यादें** ब्रिटिश हुकूमत को जेपी ने आज ही के दिन किया था चैलेंज

# पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा ने जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

- जयप्रकाश ने पांच साथियों के साथ जेल की दीवार को फांद कर फरार हो गए थे
- शूरवीर का नाता इस हजारीबाग की पावन धरती से जुड़ा हुआ है



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग जब ब्रिटिश हुकूमत को मात देते हुए हजारीबाग सेंट्रल जेल को अपने पांच साथियों के साथ जेल तोड़कर अंग्रेजों के मुंह पर जोरदार तमाचा जड़ा था। इस पावन अवसर पर यशवंत सिन्हा ने जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार परिसर स्थित स्थापित महामानव जयप्रकाश नारायण की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज का दिन हम हजारीबाग वासियों के लिए बहुत-बहुत ही गर्व का दिन है। 9 नवंबर 1942 के दीपावली का दिन था जब जयप्रकाश नारायण जी अपने पांच शूरवीर साथियों के साथ जिनमें मुख्य रूप से योगेंद्र शुक्ला, रामानंद मिश्रा, सूरज नारायण सिंह, शालिग्राम सिंह, तथा गुलाबी सोनार के साथ सेंट्रल जेल की ऊंची दीवार को फांद कर और सलाखों को तोड़ते हुए अंग्रेजो की कैद से फरार हो गए।फरार होने के उपरांत पुनः भारत माता की आजादी के संग्राम में अपनी सक्रिय भूमिका में आकर आजादी की लड़ाई को धार देने के काम में जुट गए। जेल से फरार होने की पूरी योजना प्रसिद्ध साहित्यकार रामवृक्ष बेनीपुरी के निर्देश पर बनी और सफल भी हुई कुछ समय बाद पुनः जयप्रकाश नारायण जी को अंग्रेजी हुकूमत ने गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद उन्हें भीषण यातना दिया गया, मगर वह आजादी की लड़ाई लड़ने में कभी भी पीठ नहीं दिखाई। ऐसे शूरवीर का नाता इस हजारीबाग की पावन धरती से जुड़ा हुआ है, यह हम सबके लिए गर्व की बात है आगे उन्होंने कहा कि इसी कारण से हम हजारीबाग के लोगों का परम कर्तव्य बनता है कि आज के दिन और 11 अक्टूबर के दिन को विशेष रूप से गर्व पूर्वक याद कर इस माह मानव के प्रति अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करें इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रोफेसर सुरेंद्र सिन्हा, क्यूम अहमद, विवेकानंद सिंह, शिव शंकर प्रसाद गुप्ता, के पी ओझा, टोनी जैन, प्रफुल कुमार, प्रियंवदा, कुंवर मनोज सिंह, दीपक नाथ सहाय, हर्ष अजमेर, विनोद कुमार बिगन, अरविंद जी सहाय, अरुण कुमार सिंह, अनुपम सिन्हा अनिल कुमार लाल, दीपक घोष, अरुण वर्मा वेद प्रकाश, रफीक अंसारी एवं अनिल सिन्हा सहित दर्जनों वरिष्ठ जन उपस्थित होकर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## स्केटिंग में पांच प्रतिभागियों ने परचम लहराया



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग झारखंड स्केटिंग चैंपियनशिप एवं ऑल इंडिया ट्रायल प्रतियोगिता में हजारीबाग के पांच प्रतिभागियों ने अपना परचम लहराया। प्रतियोगिता में आयु सीमा सात वर्ष से नौ वर्ष में सौ मीटर, दो सौ मीटर एवं पांच सौ मीटर में श्रेष्ठ सक्षम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीतने का गौरव प्राप्त किया। आयु सीमा सात वर्ष से नौ वर्ष इनलाइन स्केट में आयुष कुमार गुप्ता ने सौ मीटर में सिल्वर एवं पांच सौ मीटर में ब्राउंज मेडल जीतने का गौरव प्राप्त किया। दो सौ मीटर एवं पांच सौ मीटर में अभ्यांश कुमार गुप्ता ने गोल्ड मेडल जीतने का गौरव प्राप्त किया। आयु सीमा नौ से ग्यारह वर्ष सौ मीटर में राजवीर कुमार ने सिल्वर मेडल जीतने का गौरव प्राप्त किया। वहीं सौ मीटर, दो सौ मीटर एवं पांच सौ मीटर में रिषभ अभिजीत ने गोल्ड मेडल जीतने का गौरव प्राप्त किया। मौके पर हजारीबाग रोलेक्स स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र बिहारी, सचिव अरूण कुमार यादव एवं प्रेम सागर ने प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर हजारीबाग रोलेक्स स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र बिहारी एवं सचिव अरूण कुमार यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि पूरे झारखंड में रोलेक्स स्केटिंग में पांच प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में एक अलग छाप छोड़ दिया है।

## मानव विकास संस्थान ने बीज का किया वितरण



राष्ट्रीय खबर

**इचाक:** इचाक आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, हजारीबाग, झारखंड के द्वारा अनुसूचित जनजाति उपयोजना के तहत एक सराहनीय पहल में, रबी बीज वितरण 2023 में मानव विकास संस्था इचाक से जुड़े आदिवासी किसानों को एक एक सब्जी कीट दिया गया जिसमे दस प्रकार के बीज जैसे धनिया, पलक, प्याज, मूली, गाजर, मटर, बकला, मैथी और सरसो धानवीनतम उन्नत किस्म के बीज प्रदान किया गया था। इसका उद्देश्य आदिवासी किसानों को अधिक कुशल कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है, जिससे उनकी समग्र उत्पादकता, लाभप्रदता और जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि हो सके। बीज वितरण के अलावा, प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए गए थे, जिसमें आदिवासी किसानों को फसल प्रबंधन के लिए उन्नत तरीके सिखाए गए, और उन्हें अपनी कृषि गतिविधियों को अनुकूलित करने के लिए सशक्त बनाया गया। परंपरागत रूप से, ये किसान स्थानीय रूप से प्राप्त या स्वदेशी बीजों पर निर्भर रहते हैं। आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, हजारीबाग, झारखंड ने आईसीएआर संस्थानों के द्वारा विकसित इन उन्नत किस्मों के बीजों को व्यापक रूप से प्रसार के लिए तथा इसे अपनाने के लिए मुफ्त में आदिवासी किसानों को उपलब्ध कराया गया था। इन किस्मों के बीजों से हजारीबाग के आदिवासी किसान, सब्जियों के उत्पादन से उनकी पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि कर के अपनी आय में वृद्धि हुई है। हजारीबाग में रबी 2023 सीजन के दौरान इन सब्जियों के विभिन्न प्रकार की बीजों ने किसानों के खेतों पर आशाजनक परिणाम दिखाए हैं। इन नई बीज किस्मों ने न केवल विभिन्न स्थानों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

## अंतर्विभागीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** अंतर्विभागीय क्रिकेट टुनार्मेंट में करण के ताबड़तोड़ 8 गेंदों पर 26, परिणीत के 12 गेंदों 28 और विशाल के 16 गेंदों पर खेली गई 32 रनों की पारी के बदौलत आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस मैदान में गुरुवार को खेले गए अंतर्विभागीय क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग ने विज्ञान विभाग को 33 रनों से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। बता दें कि विशाल कुमार की अगुवाई में पहले बल्लेबाजी करते हुए वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में चार विकेट खोकर 128 रन बनाए। 129 रनों का स्कोर पूरा कर जीत के इरादे से मैदान पर उतरी विज्ञान विभाग की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 95 रन ही बना सकी और 33 रनों से मैच गंवा दिया। विज्ञान विभाग की ओर से कप्तान सुभाष कुमार ने 14 गेंदों पर जरूर 43 रनों की आतिशी पारी खेली लेकिन टीम के अन्य बल्लेबाज वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के गेंदबाजों के सामने टिक ना सके। विजयी टीम के परिणीत ने अपने स्पेल के दो ओवरों में 18 रन खर्च कर सबसे अधिक तीन विकेट झटके। परिणीत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और खेल की तकनीकी बारीकियों को सीखने की सलाह दी। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी सहित अन्य खेलों में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अलग-अलग खेलों की टीम विश्वविद्यालय की ओर से बनाई जाएगी और बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण देकर उनके खेल को और निखारा जाएगा, ताकि विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कामयाबी के नए-नए आयाम गढ़ सके।

## जेएसएलपीएस के दीदीओं के बीच पंप सेट वितरण

राष्ट्रीय खबर



**बरही:** बरही प्रखंड के करियातपुर में संयुक्त रूप से विजैया, करियातपुर, बरसोत, दुलमाहा पंचायत के जेएसएलपीएस के दीदिओ के बीच पंप सेट का वितरण किया गया। भूमि संरक्षण विभाग आवंटेड डीजल पंप सेट जिसकी कुल लागत 22700 रुपए हैं। जिसमें लाभुकों को सिर्फ 2900 रुपए ही देंना पड़ पड़ा बाकी का अनुदान भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा दिया गया। मुख्य रूप से इस योजना का लाभ एससी-एसटी जेएसएलपीएस महिला समूह के दीदियो को दिया गया। मौके पर उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी, बरसोत पंचायत समिति के प्रतिनिधि सुजीत कुमार, बीपीएम दीपक कुमार, एफटीसी राजीव कुमार पाण्डेय, आईपीआरपी संजू कुमारी, अकाउंटेंट ममता देवी, जेंडर सीआरपी लीलावती देवी, सेतु दीदी, नीलम कुमारी, बैंक सखी राखी कुमारी, उषा देवी आदि उपस्थिति थे। पंपसेट प्राप्त करते हुए महिलाओं में काफी हर्ष दिखा। पंपसेट पाने वालों लाभुक में खुशबू देवी, कंचन देवी, बेबी देवी, किरण देवी आदि शामिल है।

**आयोजन** दीपावली के शुभ अवसर पर शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन

# हजारीबाग में आपका एक दीया शहीदों के नाम

- स्मारक स्थल को साफ- सफाई कर स्वच्छ बनाया गया
- शहीद स्मारक, चहुंओर फैला शौर्य का उजास
- उमड़ा देशभक्तों का सैलाब



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग दीपावली पूर्व संध्या बुधवार को स्थानीय परिसदन के समक्ष अवस्थित शहीद स्मारक स्थल में लगातर सातवें वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ आपका एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम से पूर्व यहां प्रति वर्ष की भांति वर्तमान वर्ष भी पहले लगातर दो दिनों तक पूरे स्मारक स्थल को साफ- सफाई कर स्वच्छ बनाया गया तत्पश्चात शाम ढलते ही 3001 दिए कि दीपमालाओं से इसे रौशन किया गया और शहीदों की शहादत को याद किया गया। आस्था के साथ शहिदों की याद में जब दिए जगमगाए तो चहुंओर शौर्य और उजास छा गया। दीपों से प्रस्फुटित होती रोशनी प्रत्येक चेहरे पर गर्व की अनुभूति करा रही थी। सभी के दिलों में शहीदों के प्रति अपार सम्मान व कृतज्ञता का भाव झलक रहा था। शहीद स्मारक परिसर को उनकी यादों में रोशन किए गए थे। जिनके बलिदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता। मौके पर विशेष रुप से शहीद सुभाष बारला की मां पूनम बारला और शहीद संदीप पाल के भाई मनीष पॉल सहित जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन कुमार यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़ सहित कई अन्य गणमान्य लोग और हजारीबाग के हर उम्र के लोग उपस्थित हुए और आयोजकों का हौसला अफजाई किया। शहीदों के परिजनों ने खुद शहीद स्मारक पर घी के दिए जलाएं और दीपावली पूर्व संध्या अपने-अपने घरों में एक दिया शहीदों के नाम जलाने का अपील समस्त हजारीबाग वासियों से किया। शाहिद सुभाष बारला की मां पूनम बारला ने कहा कि जवान देश के लिए शहीद होता है और जब उनके याद में ऐसा कार्यक्रम आयोजित हो तो दिल प्रफुल्लित हो जाता है। उन्होंने खुद को शहीद की मां बताते हुए फर्क होने की बात कही। जिप अध्यक्ष उमेश मेहता और उपाध्यक्ष किसुन यादव ने भी ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि शहीदों के सम्मान में इस कार्यक्रम को यथावत रखना हजारीबाग के लिए गौरव की बात है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय शारीरिक और मानसिक दिव्यांग बच्चों के द्वारा भावनाओं के रंग को भरकर तैयार किया गया दीया और स्थानीय कुम्हारों द्वारा बनाए गए दीए का उपयोग कर दीपमालाओं से शहीद स्मारक स्थल को जगमग करते हुए देश के अमर शहीद जवानों की शहादत को याद करने हेतु हजारीबाग शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के सभी जाति-धर्म, राजनीतिक दल, सामाजिक और धार्मिक संगठन के अलावे अन्य लोगों को एकजुट कर उनके मन में राष्ट्र प्रेम और शहीदों के प्रति सम्मान जगाना रहा है। गानू ने संदेशे आते हैं। वो भारत देश है मेरा, मेरे देश की धरती.. जैसी देशभक्ति गीतों की प्रसूति जिसमे अधिकतर ने तिरंगे के थीम पर पर लिखा था आपका एक दिया शहिदों के नाम के साथ आन, बान और शान से लहराता तिरंगा संग तस्वीरों में कैद करने को मजबूर कर रहें थे। आकर्षण रंगोली के बीच जलते दिए के लौ से पुरा परिसर अलौकित हो रहा था और पूर्व सैनिक संघ और पीसी एकेडमी में सैनिक की तैयारी में जुटे युवाओं के साथ कई शहीद परिवार के परिजन और कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले लोग भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय हिन्द के नारे से पूरे वातावरण को गुंजायमान कर रहें थे।

## न्यूज फटाफट

### बिजली करेंट लगने से मौत



**पीरटांड़ :** पीरटांड़ थाना क्षेत्र के चिरकी पंचायत अंतर्गत मंझलाडीह गांव निवासी 58 वर्षीय राफेल मुर्मू पिता लखन मांझी की मौत बिजली के करंट लगने से हो गई है। जानकारी के मुताबिक मृतक राफेल मुर्मू बुधवार को जानवर चराने जंगल गया था। लेकिन वह देर शाम तक घर नहीं लौटा परिजन खोजबीन करना प्रारंभ किया लेकिन वह नहीं मिल पाया । गुरुवार प्रात उसकी लाश को प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय चिरकी के पीछे के जंगल में बिजली। के तार से लपटा हुआ मिला। जिसके बाद घटना की जानकारी जब ग्रमीणों को मिली तब घटना स्थल पर ग्रमीणों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकी पीरटांड़ थाना को दी गई। थाना प्रभारी गौरव भगत दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे ओर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद बीडीओ मनोज कुमार मरांडी, प्रमुख सविता टुडू, झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह भी पहुँचे ओर मृतक के परिवार को हर सम्भव मदद की बात कही। वहीं बीडीओ ने मृतक के परिजनों को 50 किलो चावल मुहया कराया है। जबकि ग्रमीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए बोला कि विभाग की लापरवाही के कारण यह घटना घटी ओर इसकी जान चली गई।

### बिशुनपुर में हाथियों ने मचाई उत्पात



**पीरटांड :** बिशनपुर पंचायत में हाथियों ने मचाई उत्पात पीरटांड़ प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले कई सालों से प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में गजराज का जूल्म बद दस्तुर जारी है। अब तक कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं। पिछले तीन दिनों से लगातार हाथियों का झुंड पीरटांड़ के बिशनपुर में डेरा जमाए बैठा है। वन विभाग का टीम एवं स्थानीय लोग प्रत्येक दिन हाथियों को टुंडी सीमाना में ले जाकर छोड़ आते हैं। लेकिन पुनः हाथियों का दल बिशनपुर क्षेत्र में आ जा रहा है। गुरुवार प्रातः भी हाथियों के झुंड को बिशनपुर में देखा गया है। हाथियों द्वारा बड़े पैमाने पर धान के फसल को नुक्सान पहुंचाया जा रहा है। कई एकड़ में लगे धान के फसल को हाथी खा गए हैं। एवं रौंद भी दिए हैं जिससे फसल नष्ट हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बुधवार रात को भी वन विभाग के सहयोग से हाथियों को खदेड़ दिया गया था। एक और जहां फसल नष्ट हो जाने से किसानों में मायुसी छाई है। वहीं ग्रामीण भयभीत हो रहे हैं और रतजगा कर रहे हैं।

### रंगोली व दिया सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन



**हजारीबाग :** हजारीबाग एसबीएमटी टीसी के प्रांगण में बीएड सत्र 2023-25 सेमेस्टर -प्रथम के प्रशिक्षुओं को 25-25 की संख्या में स्वामी विवेकानंद हाऊस, रवीन्द्रनाथ टैगोर हाऊस डाएपीजेअब्दुल कलाम हाऊस एवं विनोबा भावे हाऊस के बीच दिन-वृहस्पतिवार को रंगोली व दीया सज्जा प्रतियोगिता आयोजन हुआ। रंगोली एवं दीया सज्जा प्रतियोगिता में बीएड के प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया एवं रचनात्मक प्रतिभा दिखाई। रंगोली व दीया सज्जा महाविद्यालय के प्राध्यापकों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। निर्णायक की भूमिका में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शशिकांत यादव, सहायक प्राध्यापक, श्री पंकज कुमार, श्री अमित सिंह समन्वयक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, एवं सहायक प्राध्यापिका श्रीमती मंजरी कुमारी थीं। रंगोली एवं दीया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-स्वामी विवेकानंद हाऊस ,व्दितीय स्थान रविन्द्रनाथ टैगोर हाऊस और तृतीय स्थान-डॉ एपीजे अब्दुल कलाम एवं विनोबा भावे हाऊस रहा। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायक प्राध्यापक संजय कुमार, डॉ सुषमा कुमारी, कुणाल कुमार यादव, रविकांत मणी, श्वेता कुमारी एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में विवेक कुमार रवि, सुधीर कुमार, रविशंकर प्रसाद , चंचल कुमारी, रंजीत आदि का योगदान सराहनीय रहा।

### कैंपियन एकेडमी में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**इचाक :** इचाक मानव विकास द्वारा संचालित कैंपियन बेसिक एके-डमी मे रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर महिला सशक्तिकरण, विविधता में एकता, विश्व कल्याण, आदित्य -1 जैसे थीम पर पर बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर और आकर्षक रंगोली बनाई गई। कक्षा प्रथम से पंचम तक के विद्यार्थियों के द्वारा विविधता में एकता थीम चुना गया वहीं कक्षा षष्ठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के द्वारा महिला सशक्तिकरण पर रंगोली का प्रदर्शन किया गया। निर्णायक की भूमिका में हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रताप, झारखंड ग्रामीण बैंक, इचाक के शाखा प्रबंधक प्रलाद कुमार, गुंज संस्था दिल्ली से अजीत कुमार, पत्रकार अभिषेक कुमार, रामअवतार स्वर्णकार तथा रंजीत कुमार ने निभाई। विद्यार्थियों को कुल दो श्रेणियों ए और बी में बांटा गया। कक्षा प्रथम से पांचवी तक में कक्षा 1 अ ने प्रथम स्थान कक्षा 4 ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 3 इ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी से दसवीं तक में कक्षा 8 ने प्रथम कक्षा 6 ए ने द्वितीय तथा कक्षा 7 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा की दीपावली असत्य पर सत्य का पर्व है। रंगोली प्रतियोगिता अपनी संस्कृति को जीवन्त रखने का सबसे अच्छा माध्यम है। विद्यालय के सचिव बीरबल प्रसाद ने कहा की विद्यालय में पढाई के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियो में सामूहिकता का विकास होता है तथा उनमें अपनी संस्कृति के प्रति जागरुकता बढ़ती है । शाखा प्रबंधक प्रलाद सर ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का मानसिक विकास होता है।वही प्राचार्या सुरभि वर्मा ने कहा की कोई भी देश की सबसे बड़े पूंजी वहां की संस्कृति और सभ्यता होती है,इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चे अपनी परंपराओं के बारे में जानते व समझते हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक संदीप सिंह, गौरव कुमार,आरिफ हुसैन, रजनी कुमारी,विवेक पांडे, सुजीत कुमार, धनेश्वर कुमार,रजा आलम, रंजीत शर्मा, अनिता दास, कविता कृष्णा, स्मिता कुमारी सोनी कुमारी, मोहन करमाली, कैंपियन किड्स के सरिता कुमारी, नीतू कुमारी, सबी कुमारी, ममता सिंह, बेबी देवी तथा गुड्डू कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर प्रदेश
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

**अभियान** आर्थिक अपराध इकाई के एडीजी नैयर हसनैन खान का बड़ा आदेश

# मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए राज्य में चलेगा अभियान

- सभी जिला को दिये गये हैं खास निर्देश
- झारखंड में अफीम की खेती का संकेत
- इलाकों की पहचान कर निगरानी हो



**दीपक नौरंगी**

**भागलपुर:** 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी जो बिहार के कई महत्वपूर्ण जिलों में एसपी रहे पटना एसएसपी रहे पटना आईजी रहे मुजफ्फरपुर आईजी रहे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भी पर भी रहे, उन्होंने एक बड़ा आदेश जारी किया है क्योंकि लगातार युवाओं के द्वारा नशा करने की बात चारों तरफ चर्चा में है आर्थिक अपराध इकाई के एडीजी ने सूबे के सभी पुलिस कप्तानों को पत्र भेज कर मादक पदार्थों के तस्करी एवं दुरूपयोग की रोकथाम को लेकर कारगर कार्रवाई का निर्देश दिया है। एडीजी का कहना है कि मादक पदार्थों के सेवन एवं युवा पीढ़ी पर उसके दुष्प्रभाव से सभी अवगत हैं। यह सभ्य समाज के लिये एक चुनौती है। राज्य एवं केन्द्र सरकार मादक पदार्थों की तस्करी एवं गांजा तथा अफीम की अवैध खेती तथा मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणाम के प्रति अत्यंत ही संवेदनशील एवं इसकी रोकथाम हेतु दृढ़ संकल्पित हैं।

राज्य अन्तर्गत विशेषकर सीमावर्ती क्षेत्रों से मादक पदार्थो की तस्करी की शिकायतें प्राप्त हो रही है। समय-समय पर आसूचना संकलन कर अभियान चलाकर मादक पदार्थो की जब्ती एवं तस्करों की गिरफ्तारी की गई हैं। जिला स्तर पर कार्रवाई की सूचना है, परन्तु जिला स्तर पर मादक पदार्थों की खेती, तस्करी तथा सेवन की रोकथाम हेतु सतत आसूचना संकलन कर कारगर कारवाई के साथ ही मादक पदार्थो के सेवन के दुष्परिणाम से अवगत कराने हेतु जागरूकता अभियान की आवश्यकता है। इसलिए जिन क्षेत्रों में एनडीपीएस के केस प्रतिवेदित हुए है, उनमें सप्लाई लाइन (नदी / सड़क मार्ग) को चिन्हित कर तद्नुसार आसूचना तंत्र सुदृढ़ कर पैनी नजर रखी जाए। सप्लाई लाइन में सम्मिलित संदिग्धों को सर्विलांस पर रखा जाए। गांजा, अफीम की खेती विशेषकर गया जिले में प्रारंभ होने से ही ड्रोन के माध्यम से भूतल पर सत्यापन एवं पता लगाकर विनष्टीकरण की कार्रवाई, जिला वन पदाधिकारी को अधिसूचित वन क्षेत्रों में प्रभारी बनाते हुए कराना सुनिश्चित करें। छापामारी, गिरफ्तारी में आवश्यकतानुसार झारखण्ड पुलिस एवं प्रतिनियुक्त अर्द्धसैनिक बल की भी सहायता ली जाये।

एनडीपीएस केस प्रतिवेदित होने पर काण्ड अनुसंधान के क्रम में वित्तीय अनुसंधान भी कराया जाये। जब्ती की विवरणी एसआईएसएम पोर्टल पर अवश्य अपलोड करें। आवश्यकता पड़ने पर आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना के पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के मो0नं0 9431017026 से संपर्क कर सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। जिन इलाकों में हिरोइन, स्मैक, गांजा का सेवन चोरी छिपे या खुले रूप से किशोर एवं युवा द्वारा किये जाने की शिकायत मिलती है, उन्हें हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित करते हुए पोस्टर वैनर एवं लोकल केवल ऑपरेटर के माध्यम से नशा मुक्ति जन जागरण अभियान चलाये।

## भाकपा ने समाहरणालय गेट को किया दो घंटे जाम

**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय से जुलूस के शक्ल में नारा लगाते हुए रैली निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह एआइएसएफ जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने किया। इससे पहले सदर प्रखंड के चिंयाकी से सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो के साथ जिला सचिव तिवारी ने नारा लगाते हुए रेड़मा में स्थित पार्टी कार्यालय में पहुंच कर सभी साथियों के साथ पलामू में घर बनाने के लिए बालू फ्री करो, पलामू को अकाल क्षेत्र घोषित करो आदि नारा लगाते हुए पलामू समाहरणालय के गेट को दो घंटा तक जाम किया। मौके पर सदर एसडीओ मौजूद थे। मौके पर भाकपा जिला सचिव रुचिर तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पलामू में 2 वर्षों से अकाल पड़ा है वही बालू की धुलाई 2 साल से बंद पड़ा है, जिले में रोजगार के लिए कोई नया उद्योग नहीं लगा छात्र नौजवान बेरोजगारी का दंस झेल रहे हैं प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक भ्रष्टाचार फैला हुआ है नगर निगम क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है और क्षेत्र के स्थानीय विधायक और संसद इन सब से बेफिक्र होकर अमृत महोत्सव का प्रचार कर रहे हैं।

## कॉलेज के विकास में निभायेंगे अहम भूमिका: रौनक



**राष्ट्रीय खबर**

**पलामू:** करीब छह माह से भंग एके सिंह कालेज जपला के शासी निकाय भंग होने की वजह कालेज कर्मियों सहित अन्य कार्यों के निष्पादन में कठिनाई हो रही थी। विश्वविद्यालय के निर्देश पर गुरुवार को मेदिनीनगर परिसदन भवन में बैठक हुई।अध्यक्षता पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने की। वहीं प्रफुल्ल कुमार सिंह को शिक्षाविद चुना गया है। बैठक होने से शासी निकाय के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। शासी निकाय के निवर्तमान सचिव रौनक सिंह ने नवगठिक शासी निकाय के अध्यक्ष व शिक्षाविद भगत सिंह की जेल डायरी नामक पुस्तक देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद कमलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में 2020 में एके सिंह कॉलेज जपला के शासी निकाय का गठन होने के बाद से कॉलेज को पुनर्जीवित किया गया। 2020 के पूर्व कालेज की स्थिति क्या थी, आज क्या है यह विद्यार्थी और कालेज कर्मी जानते हैं। 2020 के बाद कॉलेज के सोसाइटी का गठन, यूजीसी से मान्यता दिलाई गई। इतना ही नहीं, कर्मचारियों का ईपीएफ कटौती होने लगी। 2020 के बाद विश्वविद्यालय को समय पर सभी रिपोर्ट मिलना शुरू हुई।परिणामस्वरूप वर्षों से बाधित सरकारी अनुदान प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

## महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष गोपा का निधन, मिलने पहुंचे मंत्री



**राष्ट्रीय खबर**

**देवघर:** कांग्रेस नेत्री गोपा रानी दास के निधन की समाचार सुनते ही देवघर जिला कांग्रेस परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि यह समाचार काफी दुखद है कि अब गोपा रानी दास हम लोगों के बीच नहीं रही। वो कांग्रेस की एक सच्चे सिपाही एवं समर्पित कार्यकर्ता थी। सेवा दल में जिला संगठक से लेकर प्रदेश संगठक के रूप में जिम्मेदारी संभाल चुकी है। उनकी कमी हमें खलेगी। ईश्वर दिवंगत पुण्य आत्मा को चरणों में सायुज्य प्रदान करें तथा उनके परिवारजनों एवं चाहनेवालों को इस असहनीय पीड़ा का सहन करने की असीम शक्ति दें। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद कृषि एवं पशुपालन मंत्री बादल पत्रलेख शोक संतप्त परिवार जनों से मिलने बरमसिया स्थित अंबेडकर चौक के पास उनके आवास पर पहुंचे। मंत्री बादल उनके सुपुत्र सौरभ कुमार दास जो वर्तमान में जिला कांग्रेस के सचिव हैं, उनसे मिले और घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की। साथ ही दिवंगत पुण्य आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। उन्होंने नम आंखों से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि गोपा रानी दास अंतिम समय तक कांग्रेस का एक सच्चा सिपाही के रूप में झंडा ढोती रही। असमय उनके जाने से कांग्रेस परिवार को एक अपूर्णीय क्षति हुई है। इस दुख की घड़ी में हम सभी परिवार जनों के साथ हैं। इस दौरान देवघर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश, जिला प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल,महासचिव गणेश दास,सचिव राहुल राज,अश्विनी कुमार,संजय दास आदि मौजूद थे।

## टीवी रोगियों के बीच पोषाहार टोकरी वितरित



**राष्ट्रीय खबर**

**गोड्डा:** प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत गुरूवार को टेरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में निःक्षय मित्र बनकर सुंदर पहाड़ी प्रखंड अंतर्गत सभी टीवी रोगियों को पोषाहार टोकरी का वितरण किया। इस मौके पर डॉ कुमार प्रीतम दत्ता, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी गोड्डा,डॉ अनिल सोरेन, एमओआईसी, सुंदर पहाड़ी, दीपक कुमार, जिला कार्यक्रम सामान्य, टीवी, मनोज सौरन, अख्तर, श्रीमति मर्सी मार्केट हेंब्रम, मुखिया, पहाड़पुर, सुंदर पहाड़ी एवं मनीष कुमार झा, सीएसआर हेड टेरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड, गोड्डा एवं टेरी मीनिंग के अन्य सदस्य अजीत कुमार झा, सुषमा सोरेन, सर्वजीत कौर, एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। यक्ष्मा पदाधिकारी के के द्वारा टीवी रोगियों को मदद के लिए संस्थान को धन्यवाद दिया गया साथ ही डा0 अनंत कुमार झा, सिविल सर्जन, गोड्डा के द्वारा टेरी मीनिंग प्राइवेट लिमिटेड, गोड्डा के तरह ही अन्य संस्थाओं को निःक्षय मित्र बनकर टीवी रोगियों को पोषाहार टोकरी वितरण करने निवेदन किया गया।

**सम्मेलन** कांग्रेस भवन के सभागार में पत्रकार सम्मेलन का आयोजन

## पलामू की समस्याओं को लेकर कांग्रेस करेगी पद यात्रा: बिट्टू

- ग्रामीण जनता दरबार में आने के लिए विवश है
- प्रखंड में आम जनों की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है




**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर:** कांग्रेस भवन के सभागार में पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पलामू की समस्या को लेकर पद यात्रा के माध्यम से कांग्रेस पार्टी उपायुक्त महोदय से मुलाकात कर बहुत जल्द करेगी प्रखंड में आम जनों की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है,वैसे स्थिति में बाधक हो कर ग्रामीण जनता दरबार में आने के लिए विवश है । जिले में कुछ ऐसा कर हो रहा है जो नहीं होना चाहिए उपायुक्त महोदय को मूल्यांकन करना चाहिए जनता दरबार में मंगलवार एवं शुक्रवार को जिले में काफी भीड़ रहती है जो ग्रामीण प्रखंड से आते हैं वहां के प्रखंड विकास पदाधिकारी हैं या अंचल पदाधिकारी हो ग्रामीणों का काम प्रखंड में क्यों नहीं हो रहा है । जो मजबूरन में उन सभी को उपायुक्त महोदय से मुलाकात करना पड़ रहा है । उपायुक्त महोदय को मूल्यांकन करना चाहिए कि जिले में 100 बेड का अस्पताल तैयार है लेकिन आम लोगों को उसे अस्पताल का सुविधा क्यों नहीं मिल रहा है रात को 11:00 बजे भवन निर्माण विभाग में निवेदक को निरस्त किया जाता है जो किसके आदेश से यह भी एक जांच का विषय है प्रमुख हमारी मांग है कि थाना के बगल से जेलहाता जो रास्ता तालाब होकर जाता था विगत वर्षों से बंद किया जा चुका है जिसे खुलवाया जाए जिससे आम जनता को लाभ मिल सके।

100 बेड की अस्पताल को जल्द से जल्द चालू कराया जाए प्रखंड की समस्या प्रखंड में ही समाधान हो जिससे आम जनों को परेशानी कम हो आगे पत्रकार सम्मेलन में बिट्टू पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने-अपने प्रखंड में मंगलवार एवं शुक्रवार को अवश्य रहे । और समस्याओं को समाधान करवाने का प्रयास करें दिनांक 15 नवंबर से आप की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का फिर से शुभारंभ हो रहा है महागठबंधन कि सरकार चाहती है कि आम जनों की समस्याओं को समाधान हो ऑन द स्पॉट वैसे पदाधिकारी को भी चिन्हित किया जाएगा जो प्रगति में बाधक ला रहे हैं जरूरतमंदों की समस्याओं को समाधान नहीं कर रहे प्रखंड से जिला में तोड़वाने का काम कर रहे हैं कांग्रेस पार्टी कभी इस तरह की कार्य को बर्दाश्त नहीं कर सकती है सो प्रथम समस्याओं को समाधान करने के लिए उपायुक्त महोदय से मुलाकात करके ज्ञापन सोपा जाएगा उसके बाद भी अगर कार्य नहीं हुई तो निश्चित रूप से आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी ।पत्रकार सम्मेलन में प्रमुख रूप से जिला के उपाध्यक्ष विनोद तिवारी,ईश्वरी प्रसाद सिंह, शमीम अहमद राइन,जितेंद्र कमलापुरी विद्या सिंह चेरो,महिला जिला अध्यक्ष इंदु भगत,मुकेश सिंह,अनिल सिंह सौरभ पांडे ,शैलेश मेहता, कामाख्या नारायण यादव, नीरज पासवान ,रविन्द्र कुमार,खुर्शीद आलम, रंजीत पासवान इत्यादि

## प्रदेश >> अपडेट

### दिल्ली के महासचिव का पूर्व शिक्षकों ने किया स्वागत

**महेशपुर(पाकुड़):** मुख्यालय के अंबेदकर चौक के पास स्थित लक्ष्मी मार्केट भवन में मंगलवार देर शाम को ऑल इंडिया प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन दिल्ली के महासचिव कमला कांत त्रिपाठी की उपस्थिति में प्रखंड के शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रारंभ होने से पुर्व शिक्षकों ने महासचिव का भव्य स्वागत किया। बैठक में मुख्य रुप से प्रखंड स्तर के शिक्षकों की ग्रास रुट लेवेल समस्याओं को लेकर चर्चा की गई।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कालाजार प्रतिवेदन का किया जांच

**महेशपुर (पाकुड़):** केंद्रीय टीम के डॉ. विनोद कुमार रैना ने मंगलवार शाम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण किया गया। जहां कालाजार एवं फाइलेरिया से संबंधित अभिलेख एवं प्रतिवेदनों की जांच की गई। साथ ही चल रहे कालाजार उन्मूलन संबंधी कार्यों का मूल्यांकन किया गया। एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार किस्कू को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रतिवेदनों की जांच के बाद कालाजार के अति प्रभावित गांव भिलाई का भ्रमण किया गया। गांव के कालाजार मरीजों से मिलकर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई।

### थाना प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**गोड्डा:** पुलिस अधीक्षक नाथुसिंह मीणा के निर्देश पर पर्व त्योहार के मद्देनजर गुरुवार को नगर थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर गोड्डा कॉलेज मोड़, पथरा चौक, रोहतारा टीओपी के पास एवं मॉल के आसपास सहित कई विभिन्न जगहों पर सघन वाहन चैकिंग एवं एन्टी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया । इस दौरान उक्त सड़को से गुजरने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गई ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दीपावली में रात दस बजे तक ही फोड़ सकेंगे पटाखे

**पलामू:** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने निर्देश जारी किए हैं। पर्षद ने पटाखे छोड़ने का समय निर्धारित किया है। आदेश में बताया है कि झारखंड की एयर क्वालिटी अच्छी है। इसे बरकरार बनाए रखने के लिए निर्धारित समय में ही पटाखें फोड़ें।झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक एनजीटी, नई दिल्ली ने दीवाली के मद्देनजर एयर पॉल्यूशन को देखते हुए आदेश जारी कर रखा है। इसी आदेश के आलोक में पटाखे फोड़ने का निर्देश दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि दीपावली की रात 8 बजे से रात 10 बजे तक ही पटाखे फोड़ें। इसके अलावा छठ, क्रिसमस, नव वर्ष आदि त्योहारों के समय भी पटाखे मात्र दो घंटे चलाए जाएंगे। इस निर्देश के उल्लंघन पर आइसीसी की धारा 188 एवं वायु प्रदूषण निवारण और नियंत्रण एक्ट 1981 की धारा 37 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत विधि सम्मत कार्रवाई जिले के डीसी स्तर से की जायेगी।

### डीएसओ ने दिया छठपूजा के पूर्व राशन वितरण का निर्देश

**मेदिनीनगर:** आगामी छठ पूजा को देखते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने डीआरडीए के सभागार में जिले के सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के साथ राशन वितरण को लेकर बैठक किया। बैठक में डीएसओ ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को छठ पूजा के पूर्व अक्टूबर माह 2023 एवं नवम्बर माह 2023 का खाद्यान्न वितरण करने का निदेश दिया। साथ ही ग्रीन राशनकार्ड का वितरण, एक वर्षो से खाद्यान्न का उठाव नही करने वाले लाभुकों का भौतिक सत्यापन का कार्य, आधार सीडिंग एवं मोबाइल सीडिंग, जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के दूकान का निरीक्षण करने को लेकर निदेशित किया।

## न्यूज फटाफट

### 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक होगी 'आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम



**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के साथ बैठक कर ₹आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक जिला अंतर्गत सभी पंचायतों में पंचायत स्तरीय शिविर किया जाना है। उन्होने पदाधिकारियों एवं कर्मियों से इसे रूटीन कार्य की तरह नहीं बल्कि उत्सव के रूप में किये जाने की बात कहीं। ग्रामीणों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता, माइकिंग सिस्टम दुरुस्त रखे जाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी शिविर में अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाये जाने का निर्देश दिया गया। सभी अहर्ता प्राप्त एवं जरूरतमंद तक पहुंचे सरकार की योजनाओं का लाभ। उपायुक्त ने 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दिये जा रहे लाभ को समाज के अंतिम लाभुक तक पहुंचाना है। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर सभी पंचायत, सभी गांवझटोला में शिविर आयोजन के 4 दिनों पहले से व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया ताकि अधिकाधिक लोग शिविर का लाभ ले सकें। उन्होने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को स्टॉल लगाने का निर्देश दिया।

### कांग्रेस पार्टी की हुई बैठक

**लिट्टीपाड़ा:** आज लिट्टीपाड़ा प्रखंड आदिवासी कांग्रेस की एक बैठक सिद्धो कान्हु मुर्मू कार्यालय लिट्टीपाड़ा में हुई बैठक में मुख्यरूप से कांग्रेस नेता और प्रदेश कोडिनेटर आदिवासी कांग्रेस रासका हेंब्रम उपस्थित थे हेंब्रम ने कहा की हमलोग पिछले दिनों हमलोग रांची में एक बैठक में शामिल हुए थे जिसमे हमलोग को प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे जी प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी माननीय मंत्री आलमगीर आलम साहब ने कहा की सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाकर आदिवासी समाज को अधिक से अधिक कांग्रेस में जोड़े और संगठन को मजबूत करे साथ ही जल्द लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया है ताकि संगठन में अधिक ऊर्जा मिले बैठक में लिखन किस्कू बंजर हसदा लखीराम मुर्मू दिनेश मुर्मू महेंद्र हसदा संत लाल बेसरा मिस्त्री हेंब्रम मंगल मरांडी अनिल मरांडी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### आउटरीच कार्यक्रम के तहत दी गई कानूनी जानकारी

**पाकुड़ :** झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में आज बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सह प्रभारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ राकेश कुमार के निर्देश पर सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में पाकुड़, हिरणपुर, एवम् अमडापाड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक सेवा सप्ताह एवम विशेष जागरुकता सह आउटरीच कार्यक्रम आयोजित की गई।उक्त कार्यक्रम पाकुड़ के शहरकोल पंचायत के अंतर्गत हिरानंदनपुर,गोकुलपुर, गोसाईपुर, हिरणपुर के मोहनपुर एवम् अमडापाड़ा के आलुबेड़ा में विधिक जागरुकता कार्यक्रम के तहत लोगों को कानूनी जानकारी दी गई साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।मौके पर पीएलवी मोकमाउल शेख, विजय राजवंशी, एजारूल शेख, नीरज कुमार राउत, ने जागरुकता पर्ची बांटी।

### तबीयत खराब होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत किया घोषित

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड के बड़कियारी गांव निवासी अकबर अली के एक वर्षीय बच्चे तामीम रहमान की तबियत बुधवार सुबह अचानक बिगड़ गई। बुखार व ठंड से बच्चे की परेशानी को देखते हुए परिजन तत्काल इलाज के बच्चे को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। जहां प्रभारी डॉ. सुनील कुमार किस्कू, डॉ. अंजनी कुमार भगत ने स्वास्थ्य कर्मी अजय कुमार के साथ मिलकर बच्चे की जांच की। उसके बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे के मौत की खबर सुनते ही बच्चे के पिता अकबर अली, माता तपासी खातुन सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। थोड़ी देर बाद परिजन बच्चे के शव को लेकर अपने घर चले गए। डॉ. सुनील कुमार किस्कू ने बताया की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चा मृत अवस्था में ही लाया गया था।

### चोरी की घटना में संलिप्त आरोपी को किया गिरफ्तार

**महेशपुर (पाकुड़):** थाना क्षेत्र के रोलाग्राम स्थित अबुल हुसैन स्टोर से बीते 29 अक्टूबर की रात को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना का पुलिस ने उद्वेदन कर लिया है। थाना परिसर में बुधवार को पुलिस निरीक्षक प्रभु सहाय एक्का ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस इस कांड में संलिप्त तीन युवकों का पहचान किया है। पुलिस ने चोरी के सामानों के साथ थाना क्षेत्र के कोलाबाड़ी गांव निवासी कालेश्वर हंसदा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है।

### पुलिस अधीक्षक ने की अपराध गोष्ठी की समीक्षात्मक बैठक

**पाकुड़ :** पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ की अध्यक्षता में मासिक पीएम अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक का आयोजन कर दुगार्पूजा 2023 त्यौहार शांति एवं सफलता पूर्वक संपन्न होने पर सभी पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस कर्मियों को सुभकामनाएं दी । पुलिस अधीक्षक ने दीपावली, कालीपूजा, छठ पूजा के मद्देनजर शांति समिति का बैठक करने एवं सुरक्षा- सतर्कता के संबंध में सभी आवश्यक कारवाई करने हेतु सभी थाना - ओ.पी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 08.11.23 को नगर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर घटित गोली कांड के मद्देनजर सक्रिय भूमि माफियाओं के अपराधिक इतिहास के आधार पर विधि समत आवश्यक कारवाई करने का आदेश दिया गया।5. लूट,डकैती,चोरी की घटनाओं का उद्भेदन करने, तस्करों व लॉटरी ,जुवा अड्डों पर छापामारी अभियान चलाकर पूर्णता अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया।परिवाद पत्र/पासपोर्ट/चरित्र सत्यापन का निष्पादन निर्धारित समय में करने के साथ-साथ आगामी लोकसभा चुनाव 2023 की तैयारी हेतु सभी आवश्यक विवरणी संधारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

### गोली कांड के आरोपी इंद्रनील चटर्जी न्यायिक हिरासत में भेजे गए जेल

**पाकुड़ :** जमीन विवाद में गोली कांड के आरोपी इंद्रनील चटर्जी को गुरुवार को नगर थाना पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में पेश की। इंचार्ज सीजीएम अजय गुड़िया के आदेश पर इंद्र नील चटर्जी को न्यायिक हिरासत में मंडल कारा भेज दिया गया। इससे पूर्व इंद्रनील चटर्जी को सदर अस्पताल में ले जाकर मेडिकल चेकअप कराया गया। तत्पश्चात कोर्ट में प्रस्तुत कर उन्हें जेल भेज दिया गया।उल्लेखनीय है कि बुधवार को पाकुड़ हरिणडंगा बाजार में तेल टंकी के पास जमीन घेराबंदी को लेकर उसे पर उत्पन्न विवाद में इंद्रनील चटर्जी ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से गोली चला दी थी। गोली चलने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल होने पर फिलहाल उनका इलाज पश्चिम बंगाल के बरहमपुर में चल रहा है जो अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है। पाकुड़ में जमीन विवाद को लेकर पहली बार हुई गोली कांड की घटना को लेकर पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस घटना को लेकर इंद्र नील चटर्जी की फुफेरी बहन अनिदिता जायसवाल ने नगर थाना में केस दर्ज कराया है।

## शहर >> अपडेट

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष की धर्मपत्नी का निधन



कुडू :इस दु :ख के घड़ी में भाजपा जिला लोहरदगा के द्वारा दिवगंत पुण्य आत्मा को शांति,परिवारजनों पीड़ा सहने की शक्ति हेतु प्रार्थना ,एवं शोक प्रकट किया । इसमें राष्ट्रीय जनजाति मोर्चा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ,लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव,और गणमान्य लोग शमिल थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### शोकाकुल परिवारों से मिले सुखदेव भगत

कुडू : प्रखंड के प्रसिद्ध समाज सेवी भाजपा नेता नवीन कुमार टिंकू की पत्नी का आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी मिलते ही लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत कांग्रेसियों के साथ कुडू पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किये। एवं शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाये। श्री भगत के साथ शोक व्यक्त करने वालों में लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति के सदस्य सह खिजरी विधानसभा के एलडीएम कोऑर्डिनेटर आलोक कुमार साहू ,लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह गुमला विधानसभा के एलडीएम कोऑर्डिनेटर पवन गौतम, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष जफर खान, युवा कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष लाल विकास नाथ शाहदेव इत्यादि थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### एनपीए ग्राहकों के लिए आया है स्वर्णिम अवसर : शाखा प्रबंधक



जयनगर : प्रखंड के बैंक ऑफ इंडिया शाखा अदालत जयनगर में आयोजित कर रहा है तथा आकर्षक शर्तों पर एनपीए उधारकताओं को एक मुश्त समाधान (ओटीएस) का अवसर प्रस्तुत कर रहा है। शाखा प्रबंधक मनीषा कुमारी ने बताया कि दिनांक 10 नवंबर को शाखा अदालत बैंक आफ इंडिया जयनगर में रखा गया है इसलिए एनपीए ग्राहकों के लिए आया है स्वर्णिम अवसर। उन्होंने कहा कि ग्राहक बैंक में आए और कम से कम रुपया देकर समझौता कर एनपीए से मुक्त हो सकते हैं।

## खुलासा > पुलिस ने नाना व नाती के चर्चित अपहरण मामले का किया उद्भेदन

# दो महिला समेत चार आरोपी गिरफ्तार

- रामविलास व नितिश सकुशल बरामद
- संपति विवाद में हुआ थाअपहरण
- गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में खुला राज

राष्ट्रीय खबर




**कोडरमा :** जिले के तिलैया डैम ओपी अंतर्गत नाना व नाती का अपहरण किए जाने के मामले का उद्भेदन करते हुए दोनों को सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में दो महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने बुधवार देर शाम पत्रकार वार्ता में बताया कि जयनगर थाना (तिलैया डैम ओपी) काण्ड सं 223/23 के तहत एक मामला वादी मितलाल महतो ने दर्ज कराया था। आवेदन में भिखारी महतो उम्र 50 वर्ष पिता स्व धनी महतो, कांटी, तिलैया डैम एवं इनके परिवार के सदस्यों व अन्य अज्ञात लोगों द्वारा वादी के पिता रामविलास महतो एवं भांजा नितिश कुमार का अपहरण का आरोप लगाया गया था। मामला दर्ज होने के बाद कांड के उद्भेदन को लेकर माईका अंचल निरीक्षक निरंजन उरांव, डैम प्रभारी अमृता खलखो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा अनुसंधान के क्रम में सूचना संकलन के आधार पर छापेमारी करते हुए अपहृत रामविलास महतो एवं नितिश कुमार को सकुशल बरामद कियस गया। वहीं कांड में संलिप्त 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अपहरण में प्रयुक्त चार पहिया सवारी वाहन एवं मोटरसाईकिल को जप्त किया गया। साथ ही अपहृत नितिश कुमार का मोबाईल अभियुक्त के सवारी वाहन से बरामद किया गया। एसपी अनुदीप सिंह ने आगे बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर इस घटना का मुख्य कारण पूर्व का सम्पत्ति विवाद बताया गया। उन्होंने बताया कि इस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। शेष की गिरफ्तारी भी जल्द ही कर ली जाएगी। मामले में चंदन कुमार (उम्र 20 वर्ष, पिता भिखारी महतो) पोदमी देवी (उम्र 43 वर्ष, पति भिखारी महतो), करिश्मा देवी (उम्र 20 वर्ष, पति जय कुमार) और नीना देवी (उम्र 50 वर्ष, पिता स्व धनी महतो, कांटी, थाना जयनगर) को गिरफ्तार किया गया जो आपस में रिश्तेदार हैं। मामले के उद्भेदन में माईका अंचल इंस्पेक्टर निरंजन उरांव, रामनरायण ठाकुर, डैम प्रभारी अमृता खलको, क्लेमेन्ट लिंडा, उमेश कुमार सिंह व क्यूआरटी टीम एवं तिलैया डैम ओपी, जयनगर के सशस्त्र बल की भूमिका रही।

## जलाशय में मत्स्य बीज छोड़ा गया

राष्ट्रीय खबर



**मरकच्चोः** प्रखंड के पंचखेरो जलाशय में जिला मत्स्य विभाग कोडरमा के पदाधिकारियों के उपस्थिति में लगभग चार लाख मत्स्य अंगुलिका बीज को छोड़ा गया। जिला मत्स्य पदाधिकारी विजय कुमार सिंह , जिला भू अर्जन पदाधिकारी सह डीआरडीए निदेशक गौरांग महतो, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव प्रसाद, बीपीओ कोडरमा रवि शंकर वर्णवाल, बी सी ओ संजय शर्मा स्थानीय मत्स्य बीज उत्पदक रंजीत कुमार बर्मा, संजय बर्मा, सिकन्दर कुमार बर्मा, महेश्वरी प्रसाद कुशवाहा, अर्जुन प्रसाद कुशवाहा, कुलदीप सिंह, राजकुमार सिंह, गौतम गोस्वामी, मुंशी प्रसाद वर्मा, सोल्टी कुमार वर्मा, मनोहर प्रसाद कुशवाहा, निरंजन प्रसाद वर्मा, पंकज कुमार, पप्पू प्रसाद वर्मा, राजेंद्र प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, सिकंदर वर्मा, अजय कुमार पासवान, प्रदीप कुमार सिंह, सुभाष प्रसाद वर्मा द्वारा 75 पैसे के हिसाब से मत्स्य बीज खरीद कर प्रखंड प्रमुख बिजय कुमार सिंह, मुखिया रणजीत कुमार सिंह, बीडीओ पप्पु रज्जक, लक्ष्मी वर्मा कुशवाहा, मत्स्य जीवी सहयोग समिति अरकोषा पुनर्वास के समक्ष 4 लाख मेजरकार्प और एक लाख ग्रासकार्प अंगुलिका को खरीदकर पंचखेरो जलाशय में छोड़ा गया। जिला मत्स्य पदाधिकारी ने बताया की आज उक्त जलाशय में छोड़ा गया मत्स्य बीज लगभग दस महीने में डेढ़ किलो साइज का होगा और समिति के लोग इसे निकालकर अपना जीवीकोपार्जन कर सकेंगे। मौके पर कामदेव प्रसाद वर्मा, पंकज वर्मा, अजित वर्मा, भोला प्रसाद कुशवाहा समेत कई लोग मौजूद थे।

## विस्थापितों ने कंपनी के खिलाफ खोला मोर्चा



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में ओबी एवं कोयला रेजिंग का कार्य कर रही पीएनएम कंपनी द्वारा स्थानीय विस्थापितो को काम से हटा दिए जाने के बाद विस्थापितो ने क्षेत्रीय कल्याण समिति सीसीएल के सदस्य गिरधारी यादव के नेतृत्व में तेतरियाखांड स्तिथ पिट ऑफिस में गुरुवार को धरना दिया। मौके पर जानकारी देते हुए गिरधारी यादव ने बताया की पीएनएम कंपनी द्वारा लातेहार एसडीओ एवं लातेहार विधायक की उपस्थिति में स्थानीय लोगो को काम पर रखने को लेकर पूर्व में समझौता हुआ था। लगभग तीन वर्षों से कंपनी द्वारा 25 से अधिक स्थानीय लोगो को ड्राइवर, सुपरवाइजर, गार्ड की नौकरी पर रखा गया था। लेकिन बीते 31 अक्टूबर से सभी स्थानीय लोगो को काम से हटा दिया गया। और उनके जगह पर बाहरी लोगों को बहाल कर दिया गया। इसको लेकर परियोजना पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें कंपनी के मैनेजर शंभू प्रसाद सिन्हा उपस्थित थे। वहीं कंपनी में कार्यरत कर्मियों ने परियोजना पदाधिकारी को एक आवेदन देकर आरोप लगाया है। कि मनोज यादव पिता कैलाश यादव ग्राम पिंडरकोम तथा प्रदीप यादव पिता वकील यादव ग्राम नगडा दोनों उग्रवादी संगठन के पृष्ठभूमि आते है। और कोयले का लिफ्टिंग के नाम पर बहुत बड़े पैमाने पर कोल माफिया है। विस्थापित एवं स्थानीय होने के वजह से पूरे तेतरियाखांड हाईजैक हुए हैं। जो जांच का विषय है। और पीएनएम कंपनी से इन लोगों का सांठ-गांठ है। वही इस सम्बंध में पूछे जाने पर प्रदीप यादव ने बताया कि हमलोग एक सामाजिक व्यक्ति है। कोयला का व्यवसाय करते है। लेकिन उन्होंने द्वारा हमलोगों को बदनाम करने की नीयत से झूठा आरोप लगाया जा रहा है।

## बाल सरंक्षण विभाग में एक दिवसीय प्रशिक्षण

राष्ट्रीय खबर



**चतराः** उपायुक्त चतरा अबु इमरान के निदेर्शानुसार विकास भवन सभा कक्ष में बाल संरक्षण विभाग द्वारा बाल विवाह उन्मूलन हेतू सुरक्षित बचपन, खुशहाल जीवन अभियान के तहत मीडिया कर्मी एवं स्वयं सेवी संस्थान के प्रतिनिधि का एक दिवसीय उन्मुखीकरण/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित पदाधिकारियों, मीडिया कर्मी एवं स्वयं सेवी संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा विधिवत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम एवं कानूनी प्रावधानों के बारें में बिस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि को बाल संरक्षण के मुद्दों पर साकारात्मक पहल करने तथा जन जन तक बच्चों के प्रति हिंसा शोषन से संरक्षण करने एवं बच्चों के हित में नीति निर्धारण करने हेतु नीति निमार्ता एवं सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए सभी मीडिया कर्मी को जागरूक किया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरूणा प्रसाद द्वारा बाल विवाह एवं बाल संरक्षण के अन्य मुद्दों जेजे.एक्ट व पॉक्सो एक्ट, चाइल्ड मैरेज एक्ट, मादक द्रव्यों के सेवन से बालको को संरक्षण एवं बाल संरक्षण से संबंधित जानकारी दी गई। वहीं एक्स.आईएसएस यूनीसेफ के प्रतिनिधि अंकित कुमार के द्वारा भी इससे संबंधित दायित्वों के बारें में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई। भूमि सुधार उप समाहर्त्ता द्वारा बाल संरक्षण एवं विशेषकर बाल विवाह होने के कारण को बताते हुए मीडिया कर्मी से जागरूकता लाने में उनकी अहम भूमिका को बताया। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा बाल विवाह उन्मूलन हेतू सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी दी गई।

## रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैयाः** सेक्रेड हार्ट स्कूल में गुरुवार को दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पानी, पावन, धरती और आकाश हाउस की छात्राओं ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता सीसीए इंचार्ज हंसपाल कुमार की देखरेख में हुई। प्रतियोगिता में आकाश हाउस को प्रथम, पवन हाउस को द्वितीय और पानी हाउस को तृतीय स्थान मिला। निर्णायक की भूमिका अभिलाष सिंह और दीक्षा सिंह ने निभाई। रिजल्ट की घोषणा एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने की। इस मौके पर डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और कहा कि बच्चों के द्वारा अलग-अलग थीम पर जो रंगोलियां बनाई गई है वह काफी सराहनीय है। प्रतियोगिता में अभिलाषा कुमारी, नंदनी कुमारी, निशा राज, ऋषिका कुमारी, एंजेल भारती, साक्षी राज, सृष्टि कुमारी, वैष्णवी शिवप्रिया, अंशिका सिंह, रिद्धिमा कुमारी, निशा कुमारी, आकांक्षा गुप्ता, तन्वी कुमारी, मिस्टी, ऋषिका, आशा कुमारी, खुशी कुमारी, पायल सोनी की सराहनीय प्रस्तुति रही। प्रतियोगिता के विजेता आकाश द्वारा इस विषय पर रंगोली बनाई गई थी कि 21वीं सदी में भारत ने हर क्षेत्र में आशातीत सफलता अर्जित की है, किंतु आज भी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। उन पर लगातार जुल्म और अत्याचार हो रहे हैं। इस रंगोली को काफी सराहा गया। इस मौके पर दीपक सर्राफ, सीमा जैन, राकेश पांडेय, पायल सिंह सहित कई शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

## बैठक > आगामी लोक सभा चुनाव की तैयारी बैठक में बोले उपायुक्त

# आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार को सफल बनायें

- तीसरा चरण 15 से 29 दिसंबर तक
- शिविर लगाकर होगा परिसंपत्तियों का वितरण

राष्ट्रीय खबर




**चतराः** उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आगामी लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारी एवं जिला समन्वय समिति, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) व अन्य सभी विकास तथा कल्याणकारी योजना की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत किये जा रहे कार्यों, लोक सभा चुनाव 2024 से संबंधित की जा रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। जिला समन्वय समिति की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बाबा साहब भीम रावं अम्बेडकर आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संर्वधन योजना समेत अन्य योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की गई। इसी क्रम में राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण राज्य समेत जिले में भी संचालित होनेवाली आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार के तीसरे चरण के कार्यक्रम 15 नवंबर से 29 दिसंबर 2023 तक संचालित की जाएगी। उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आम जनों को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाभुकों के बीच कैंप में ऑन स्पॉट परिसंपत्तियों का भी वितरण किया जाएगा इसके लिए सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी पूरी तैयारी पूर्ण कर लें। यह सुनिश्चित करें कि अबुआ आवास योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को कैंप के माध्यम से मिले इसके लिए पंचायत स्तर पर लगाए जाने वाले कैंप में अबुआ आवास योजना का स्टॉल अलग से लगायेंगे और पर्याप्त मात्रा में इससे जुड़े आवेदन स्टॉल में उपलब्ध रखेंगे। साथ ही साथ व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम जनों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मण्डल, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिन्द्र भगत, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकीर समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### आदिवासी किसानों के बीच सब्जी किट वितरण



पेटरवार : पेटरवार प्रखंड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में गुरुवार को एक समारोह का आयोजन कर 47 आदिवासी महिला - पुरुष किसानों के बीच सब्जी किट का वितरण वरीय वैज्ञानिक व प्रधान डॉ अनिल कुमार व डॉ आदर्श कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। किट का वितरण ट्राइबल्स सर्प प्लान के तहत किया गया। उक्त सब्जी किट में रबी मौसम में लगने विभिन्न सब्जियों का बीज है। प्रखंड के कोजरम, एटके ओर कोह के 47 आदिवासी महिला - पुरुष किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से निशुल्क उपलब्ध कराया गया।मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ रूपा रानी, डॉ नंदना कुमारी, रश्मि कांडुलना, सुनील कुमार पांडेय सहित किसान मौजूद थे।

### नितीश ने किया महिलाओं को अपमानित:कविता



**जयनगर :** प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि कविता कुमारी ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं को अपमानित करने और लाज शर्म धो कर पी जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है बिहार के मुख्यमंत्री को माफी नहीं बल्कि अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। वह किसी भी पद पर रहने के लायक नहीं है। अपने पद का नाजायज फायदा उठाकर अनाब-शनाप बयान बाजी करते हैं। श्रीमती कविता कुमारी ने नीतीश कुमार के बयान की कड़ी शब्दों में निंदा की है।

### 159 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच



**जयनगर :** प्रखंड के डीवीसी तिलैया जल विद्युत केंद्र तिलैया के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम महुवाटांड में मलेरिया जांच जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संचालन डीजीएम सीएसआर हरिश्चंद्र सिंह ने किया। उपस्थित ग्रामीणों को डॉ. एएम मिश्रा ने बताया कि मलेरिया मच्छर जनित बीमारी है इसका इलाज अपने नजदीकी सुभाष केंद्र पर जांच कारण और अपने आसपास साफ सफाई रखें। रात में मच्छरदानी का प्रयोग करें और शाम के समय मच्छर से बचने के लिए पूरा कपड़ा पहने जिसे पूरा शरीर ढकें। वही हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि अपने आसपास साफ सफाई रखें। उन्होंने कहा कि अपने घर के अगल-बगल नाली या पानी जहां जमा होता है वहां सफाई करें। वही लगभग दो गांव से 159 ग्रामीणों का इलाज और मलेरिया जांच किया साथ ही नि:शुल्क दवा उपलब्ध कराया। इस शिविर में मेडिकल टीम से नारायण प्रसाद, रूपेश कुमार साव, सुरेंद्र मोदी, कुलदीप कुमार, अशोक यादव, द्रोपती देवी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### त्योहार पर हो जाएं सावधान, मामूली चूक से खाली हो जाएगा अकाउंट

**झुमरीतिलैया :** त्योहार के मौके पर साइबर ठग ऑफर का जाल फेंकर आपको फंसाने के फिराक में सक्रिय हैं। फर्जी वेबसाइट और लिंक के साथ ऑफर के जाल में मामूली चूक से आपका बैंक अकाउंट खाली हो सकता है। मैसेज या ईमेल पर आने वाले लुभावने ऑफर के लिंक की पड़ताल करने के बाद ही उसे खोलें। साइबर ठग इन दिनों बिजली बिल, क्रेडिट कार्ड अपडेट, कोरियर भेजने, रिवार्ड प्वाइंट, कैशबैक जैसे प्रलोभन इंटरनेट मीडिया पर भेज रहे हैं। फर्जी लिंक भेजकर फर्जी वेबसाइट एक्सेस कराई जाती है या फिर मोबाइल को रिमोट पर लेने वाले एप को डाउनलोड कराकर खाते से रकम की निकासी कर ली जा रही है। साइबर थाने में पिछले दो माह में कई मामले सामने आ चुके है। इसमें 80 प्रतिशत ठगी के मामले में ही है।इन बातों का ध्यान रखना जरूरी एलडीएम निवास कुमार ने बताया कि लुभावने ऑफर वाले किसी आज्ञात लिंक पर क्लिक न करें और न ही ओटीपी साझा करें। अंजान मोबाइल एप को डाउनलोड करने से बचें, यह आपका फोन कंट्रोल कर सकता है। उचित सत्यापन या प्रमाणीकरण के बिना फेक संदेश, लिंक या मेल फारवर्ड न करें। इसके अलावा, किसी भी अंजान के द्वारा भेजे गए लिंक के माध्यम से कभी भी एप इंस्टॉल न करें। हमेशा कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट या एप से ही कस्टमर केयर का नंबर लें। ओटीपी न बताएं न बैंक संबंधी डिटेल दें। किसी को आधारकार्ड या पैनकार्ड न भेजें। अगर आप ठगी का शिकार हो गए हैं तो तत्काल टोल फ्री नंबर पर कॉल करें।

### कंप्यूटर ऑपरेटर संघ का चरणबद्ध आंदोलन 9 से

**मरकच्चो :** झारखण्ड राज्य आजीविका कंप्यूटर ऑपरेटर संघ 9 नवम्बर से 11 नवम्बर तक चरणबद्ध तरीके से काला बिल्ला लगाकर विरोध कर आन्दोलन कर रहे है। इस आन्दोलन में जेएसएलपीएस में कार्यरत 24 जिला के करीब 400 डाटा एंट्री ऑपरेटर इस आन्दोलन में काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। इनके मुख्य मांग जेएसएलपीएस के मानव संसाधन नियमावली के लेवल 7 में जोड़कर लाभ देने एवं मानदेय 26,300 रु देने का है। झारखण्ड राज्य आजीविका कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि हम लम्बे समय से अपनी लंबित मांगो को पूरा कराने के लिए मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल सहित सचिव ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार से शिष्टमंडल वार्ता कर अनुरोध किए। परन्तु आज तक कोई करवाई नही हुई। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव , झारखण्ड सरकार द्वारा 12 सितम्बर को डाटा एंट्री ऑपरेटर मानव संसाधन नियमावली के लेवल 7 में जोड़कर, इनके मानदेय 26,300 रु देने का पीत पत्र दी गयी, परन्तु आज तक कोई करवाई नही हुई। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक हमारी मांगो पर विचार नही किया जाता है तब तक हम सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर आन्दोलन करते रहेगे और 23 नवम्बर को राज्य कार्यालय का घेराव करेंगे। उसके उपरांत अनिश्चित कालीन हड़ताल और धरना प्रदर्शन करेंगे। आन्दोलन में कोडरमा जिला से प्रभात कुमार, आनंद राज, सुप्रिया बादल, विनीत यादव, रतन कुमार, प्रशांत कुमार, संदीप कुमार आदि शामिल हुए।

## न्यूज फटाफट

### गोवा में 02 स्वर्ण 02 रजत पदक जीत झारखंड तीरदाजी का टाटानगर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर जोरदार स्वागत



**रांची :** 37वी राष्ट्रीय खेल, गोवा में स्वर्णिम प्रदर्शन कर झारखंड , टाटा नगर लौटी झारखंड तीरंदाजी टीम का आज दूरंतो एक्सप्रेस से टाटानगर रेलवे स्टेशन में पहुंचने पर झारखंड तीरंदाजी संघ के वरीय अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार एवं सभी प्रशिक्षक एवं तीरंदाज ने जोरदार स्वागत किया इसमें पदक विजेता मृणाल चौहान, कोमोलिका बारी,श्रेय भारद्वाज, गुरुचरण बेसरा, अग्नि कुमारी, प्रशिक्षक बी.एस राव, हरेंद्र सिंह, शिशिर महतो, ईस्ट सिंहभूम के उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा, सुमित मिश्रा, सुशांतो पत्रों, अनिल कुमार, रवि कुमार रजत कुमार, प्रभाकर कुमार, राम उपाध्याय, उत्तमी सिंह, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज भगवती चानू, डी साईं, झारखंड आर्चरी संघ उपाध्यक्ष सुमन चंद मोहंती शामिल थे ।

### लीजेंड्स ट्रॉफी के साथ ताज नगरी पहुंचे दिग्गज



**आगरा :** क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए वंदे भारत ट्रेन से 'भारत भ्रमण' पर निकले दिग्गज क्रिकेटर गुरुवार को लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के साथ ताजनगरी आगरा पहुंचे जहां उनका गर्मजोशी से इस्तकबाल किया गया। इंग्लैंड के मोंटी पनेसर 'ताजमहल' की खूबसूरती निहारने के लिये ट्रेन से उतर गये जबकि दक्षिण अफ्रीका के जोंटी रोड्स, सैयद किरमानी और ईश्वर पांडे आगे की यात्रा के लिए रवाना हो गए। लीजेंड्स लीग क्रिकेट लीग का दूसरा संस्करण 18 नवंबर से शुरू हो रहा है। लीग नौ दिसंबर तक लीग चलेगी। लीग पांच शहरों रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापटनम और सूरत में आयोजित की जाएगी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने भारतीय रेल के साथ मिलकर एक राष्ट्रीय अभियान की घोषणा की है। इसी अभियान के तहत लीग की ट्रॉफी आठ नवंबर से वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा कर रही है। ट्रॉफी पूरे देश में 17 विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जाएगी। इसी कार्यक्रम के तहत वंदे भारत से जोंटी रोड्स और मोंटी पनेसर यात्रा पर निकले हैं। इस अभियान में गौतम गंभीर, सुरेश रैना, इरफान पठान, क्रिस गेल, केविन पीटरसन, एस श्रीसंत, पार्थिव पटेल, शेन वॉटसन, प्रवीण कुमार, झूलन गोस्वामी जैसे खिलाड़ी भी शामिल होंगे। उत्तर, दक्षिण, मध्य, पूर्व और पश्चिम जैसे पांच रेलवे क्षेत्रों में फैली वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रा करेंगे। विश्व कप को लेकर उनसे प्रतिक्रिया जानी गई तो उनका कहना था कि वर्ल्ड कप में भारत का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है और इस समय वर्ल्ड कप की प्रबल दावेदार भारत ही नजर आ रहा है।

### मीत हेयर ने प्रनीत कौर को दो स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी

**चंडीगढ़ :** पंजाब की तीरन्दाज़ प्रनीत कौर ने एक और कीर्तिमान स्थापित करते हुए बैंकॉक में चल रही एशियन चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते हैं। प्रनीत कौर ने व्यक्तिगत और टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने गुरुवार को पंजाब की होनहार तीरन्दाज़ प्रनीत कौर को इस गौरवमयी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि हाल ही में एशियन गेम्ज़ में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब एशियन चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतकर पंजाब और देश का नाम रोशन किया है। खेल मंत्री ने प्रनीत कौर की इस उपलब्धि का सेहरा उसकी कड़ी मेहनत के साथ उसके प्रशिक्षक सुरिन्दर सिंह और माँ-बाप के सिर बांधा। मानसा जिले के गाँव मंढाली की प्रनीत कौर ने जहाँ अब एशियन चैंपियनशिप में व्यक्तिगत और टीम वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीते, वहीं इससे पहले एशियन गेम्ज़, विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप में टीम वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीते है।

**घोषणा** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी और पांच आईसीसी महिला टी20 विश्व कप खिताब की विजेता

# ऑस्ट्रेलिया महिला कप्तान मेग लैनिंग ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

- लैनिंग का पहला आईसीसी खिताब 2012 में श्रीलंका में टी20 विश्व कप में आया था
- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 17 शतक बनाये है

**एजेंसियां**





**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लैनिंग ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि दो आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी और पांच आईसीसी महिला टी20 विश्व कप खिताब की विजेता लैनिंग ने अपने देश के लिए सभी प्रारूपों में आठ हजार से अधिक रन बनाकर 31 साल की उम्र में संन्यास ले लिया है।

लैनिंग ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर जाने का निर्णय लेना कठिन था लेकिन मुझे लगता है कि अब मेरे लिए सही समय है।'' उन्होंने कहा, ''मैं 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का आनंद लेने के लिए अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली रही हूं, लेकिन मुझे पता है कि अब मेरे लिए कुछ नया करने का सही समय है।''

लैनिंग ने कहा, ''टीम की सफलता के कारण ही आप खेल खेलते हैं, मैं जो हासिल कर पाई हूं उस पर मुझे गर्व है और इस दौरान टीम के साथियों के साथ साझा किए गए पलों को मैं संजो कर रखूंगी।'' उन्होंने कहा, 'मैं अपने परिवार, अपनी टीम के साथियों, क्रिकेट विक्टोरिया, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे उच्चतम स्तर पर मेरे पसंदीदा खेल को खेलने की अनुमति दी।''

उन्होंने कहा, ''मैं उन सभी प्रशंसकों को भी बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने मेरे पूरे अंतरराष्ट्रीय करियर में मेरा समर्थन किया है।'' लैनिंग का पहला आईसीसी खिताब 2012 में श्रीलंका में टी20 विश्व कप में आया था और इसके बाद उन्होंने अगले वर्ष भारत में एकदिवसीय विश्व कप का खिताब जीता। दाएं हाथ की इस खिलाड़ी ने 2014 की शुरुआत में जोडी फील्ड्स से कप्तानी की बागडोर संभाली और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा क्योंकि उन्होंने 182 मौकों पर आत्मविश्वास के साथ अपने देश का नेतृत्व किया और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के लिए स्वर्णिम दौर में पांच आईसीसी खिताब जीते। लैनिंग को 2014 में आईसीसी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर नामित किया गया था और अगले वर्ष आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। उनके नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया ने और भी खिताब जीते और इस खिलाड़ी ने अपने देश को बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक भी दिलाया।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 17 शतक बनाये है। उन्होंने 2017 में ब्रिस्टल में श्रीलंका के खिलाफ करियर की सर्वश्रेष्ठ 152 रन की पारी खेली। 15 शतकों की यह संख्या महिला एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे अधिक है, जिसमें न्यूजीलैंड की अनुभवी सुजी बेट्स 12 शतकों के साथ उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी हैं। उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच में इस वर्ष की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में अपने देश को टी20 विश्व कप खिताब दिलाया था।

## श्रीलंका न्यूजीलैंड को श्रीलंका 171 रनों पर रोका

**एजेंसियां**



**बेंगलुरु :** न्यूजीलैंड ने आज गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौल्त आईसीसी विश्वकप के 41वें मुकाबले में श्रीलंका को 46.4 ओवरों में 171 रनों पर ढेर कर दिया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आज न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम ने बेहद खराब शुरुआत की है। तीन रन पर टिम साउदी ने पथुम निसांका दो रन को विकेटकीपर डेवोन कॉन्वे के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 30 रन पर श्रीलंका का दूसरा विकेट कुसल मेंडिस छह रन के रूप में गिरा। उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने रचिन रवींद्र के हाथों कैच कराया। सदीरा समरविक्रमा एक रन बनाकर आउट हुए उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया। इसके बाद चरिथ असालंका आठ रन बनाकर आउट हुए। कुसल परेरा 28 गेंदों में 51 रन को फ़र्ग्युसन की गेंद पर सैटनर ने कैच आउट किया। एंजेलो मैथ्यूज 27 गेंद में 16 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल सैंटरन ने उन्हें डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया। चमिका करुणारत्ने 17 गेंद में छह रन बनाकर पवेलियन लौटे। लॉकी फर्ग्यूसन ने उन्हें टॉम लाथम के हाथों कैच कराया। दुष्मंता चमीरा 20 गेंद में एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। रचिन रवींद्र ने उन्हें ट्रेंट बोल्ट के हाथों कैच कराया। 128 के स्कोर पर नौ विकेट गिरने के बाद महीश थीक्षणा नाबाद 38 रन और दिलशान मदुशंका 19 रन ने दसवें विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 171 तक पहुंचा। मदुशंका को रविंद्र ने लेथम के हाथों कैच आउट कराकर 47 ओवर में श्रीलंका की पारी का अंत कर दिया। न्यूजीलैंड की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने तीन विकेट लिये।

## साइकिलिंग में कर्नाटक ने स्वर्ण, तमिलनाडु ने रजत और महाराष्ट्र ने कांस्य पदक जीता



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** 37वें राष्ट्रीय खेलों की साइकिलिंग स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में कर्नाटक के नवीन जॉन ने स्वर्ण, तमिलनाडु के श्रीनाथ लक्ष्मीकांत ने रजत और महाराष्ट्र ने चिन्मय केवलरमानी ने कांस्य पदक जीता है। वर्ना-बिड़ला बाईपास एयरपोर्ट रोड, इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में कल खेले गये मुकाबले में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कर्नाटक के नवीन जॉन ने साइकिल दौड़ में 55:19.32 समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं तमिलनाडु के श्रीनाथ लक्ष्मीकांत को 56:32.04 के समय के साथ रजत पदक मिला। महाराष्ट्र ने चिन्मय केवलरमानी को 57:30.11 के समय के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। स्पर्धा में पंजाब के विश्वजीत सिंह 57:32.60 समय के साथ चौथे नंबर पर रहे। सर्विस के दिनेश कुमार 59:02.44 समय और सतीश कुमार 1:18.14 समय के साथ क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहे।

## खेल जगत अपडेट्स »

### हॉकी महिला जूनियर विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा



**नयी दिल्ली :** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से 10 दिसंबर 2023 तक होने वाले बहुप्रतीक्षित एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। भारत को पूल सी में जर्मनी, बेल्जियम और कनाडा के साथ रखा गया है। भारत विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ करेंगे और इससे पहले पूल सी मैचों में क्रमशः 30 नवंबर और दो दिसंबर को जर्मनी और बेल्जियम से भिड़ेंगे। क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए पूल ए में नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और चिली हैं जबकि पूल बी में अर्जेंटीना, स्पेन, जिम्बाब्वे और कोरिया हैं। पूल डी में इंग्लैंड, अमेरिका, न्यूजीलैंड और जापान प्रतिस्पर्धा करेंगे। क्वार्टरफाइनल मुकाबला छह दिसंबर और सेमीफाइनल आठ दिसंबर और फाइनल 10 दिसंबर को खेला जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले विश्व कप मुकाबले में भारत मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गया था और चौथे स्थान पर रहा था। इस बार भारतीय जूनियर टीम की कप्तान प्रीति और उप कप्तानी रुतुजा दादासो पिसल है। टीम में गोलकीपर खुशबू और माधुरी किंडो शामिल हैं। डिफेंडर नीलम, प्रीति, ज्योति सिंह और रोपनी कुमारी को मिडफील्डर महिमा टेटे, मंजू चोरसिया, ज्योति छत्री, हिना बानो, सुजाता कुजूर और रुताजा दादासो पिसल के साथ टीम में रखा गया है। फॉरवर्ड लाइन में साक्षी राणा, मुमताज खान, अन्नू, दीपिका सोरेंग, दीपी मोनिका टोप्पो और सुनेलिटा टोप्पो शामिल हैं, जबकि डिफेंडर थौनाओजम निरुपमा देवी और मिडफील्डर ज्योति एडुला को मार्की इवेंट के लिए प्रतिस्थापन खिलाड़ियों के रूप में नामित किया गया है। टीम चयन पर भारतीय महिला जूनियर टीम के कोच तुषार खांडकर ने कहा, ''हमारे पास अविश्वसनीय प्रतिभा पूल है, अंतिम टीम का चयन करना आसान नहीं था।

## तनीषा मुखर्जी ने झलक दिखला जा में दी लाजवाब परफार्मेंस



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने झलक दिखला जा में अपने लाजवाब प्रदर्शन से लोगों का दिल जीत लिया। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के प्रतीक्षित डांस शो 'झलक दिखला जा'11 नवंबर को रात 9:30 बजे से शुरू हो रहा है।इस सीज़न में शानदार जजिंग पैनल दिखाई देगा, जिसे 'एफएएम' नाम दिया गया है, जिसमें फराह खान, अरशद वारसी और मलायका अरोड़ा साथ मिलकर डांस के प्रति अपने जुनून को साझा करेंगे और सितारों का मार्गदर्शन करेंगे। तनीषा मुखर्जी ने अपने कोरियोग्राफ़र-पार्टनर, तरुण निहलानी के साथ ह्यलैला मैं लैलाह्ल में अपने शानदार परफॉर्मेंस से सभी को हैरान कर दिया। जज फराह खान ने कहा, मैं तनीषा को फॉलो कर रही हूं, और मैंने उनका करियर ग्राफ़ देखा है। वह डांसर नहीं है। मेरा मानना ??है कि जब आपको सही कोरियोग्राफ़र मिल जाए, तो आप अच्छा डांस कर सकती हैं।

तनीषा, आपको अभी तक सही इंसान नहीं मिला है जो आपकी खूबियों को पहचाने, आपकी कमज़ोरियों को छिपाए और आपको सर्वोत्तम ढंग से पेश करे। मुझे लगता है, तरूण, आप वही व्यक्ति थे, और यह ऊर्जावान परफॉर्मेंस था। तरूण, आपने तनीषा की खूबियों का बहुत अच्छा इस्तेमाल किया। मैं आपको बता दूं, तनीषा, अपनी पारिवारिक विरासत के साथ यहां आने और किसी न्यूकमर की तरह शुरुआत करने के लिए साहस की ज़रूरत होती है। आने वाले सप्ताहों के लिए शुभकामनाएं। तनीषा मुखर्जी ने कहा,फराह मैम, मैंने आपको काजोल और रानी को कोरियोग्राफ़ करते देखा है, और जब मुझे पता चला कि आप ह्यझलक दिखला जाह्ल में एक जज के तौर पर शामिल होने वाली हैं, तो मैं बहुत डरी हुई थी। मुझे पता था कि फराह सच बोलेंगी और बिना पक्षपात के मेरी आलोचना ज़रूर करेंगी। फराह, आप मुझे जानती हैं, मैं एक नॉन-डांसर हूं। काजोल ने बचपन में थोड़ा-बहुत कथक सीखा था, लेकिन मैंने कभी डांस नहीं सीखा। मैंने फिल्मों में जो भी किया है वह बस शॉट-दर-शॉट परफॉर्मेंस था, लगातार 2:30 मिनट का परफॉर्मेंस नहीं। जब टीम ने मुझे बताया कि यह परफॉर्मेंस एक टेक में होने वाला है और मुझे 2:30 मिनट का परफॉर्मेंस पूरा करना है, तो मैं डर गई थी कि गलती किए बिना इसे कैसे किया जाए। लेकिन जब मैंने दूसरों को देखा, तो हर कोई शानदार था। मैं बैठ कर सोच रही थी कि कोई कहीं कुछ गलती नहीं कर रहा है या अपने स्टेप्स नहीं भूल रहा है। सच कहूं तो, मैं कोई स्टार नहीं हूं। मैं सेलिब्रिटी के उस स्तर तक नहीं पहुंची हूं। जब आपने कहा कि मैं एक स्टार की तरह प्रदर्शन कर रही हूं तो मेरी आंखों में आंसू आ गए।

## भोजपुरी फिल्म छठ के बरतिया देखने की अपील की

**एजेंसियां**



**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने दर्शकों से भोजपुरी फिल्म छठ के बरतिया देखने की अपील की। एआरके वर्कस चैनल रत्नाकर कुमार प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म छठ के बरतिया 10 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। पंकज त्रिपाठी ने अपने वीडियो मैसेज में कहा कि जल्द ही छठ का पवित्र त्योहार आने वाला है इसी अवसर पर भोजपुरी फिल्म छठ के बरतिया 10 नवंबर को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में हमारे बहुत सारे सीनियर जूनियर लोग हैं।। फिल्म के नायक अनुष्मन शरण, पंकज सिन्हा, स्मृति सिन्हा सहित कई कलाकार हैं। मैं मेरी तरफ से फिल्म की टीम को शुभकामनाएं देता हूं। और भोजपुरी दर्शकों से इस फिल्म को देखने की अपील करता हूं। छठ के बरतिया के निर्देशक कन्हैया एस विश्वकर्मा हैं। कॉन्सेप्ट एव प्रोजेक्ट डिजाइन देव पाण्डेय ने किया है। इस फिल्म में स्मृति सिन्हा, अंशुमन मिश्रा, माही श्रीवास्तव, समर्थ चतुर्वेदी, रितु पाण्डेय प्रतिभा साहु, शुभकिशन शुक्ला, अनामिका तिवारी, अंजली तिवारी, अशोक गुप्ता सहित कई कलाकार हैं।

## 10 मई 2024 को रिलीज होगी श्री :द इंस्पायरिंग जर्नी ऑफ श्रीकांत बोला

**एजेंसियां**



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्री : द इंस्पायरिंग जर्नी ऑफ श्रीकांत बोला' 10 मई 2024 को रिलीज होगी। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स प्रस्तुत तुषार हीरानंदानी निर्देशित 'श्री' में राजकुमार राव, अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की अहम भूमिका है। यह फिल्म 10 मई 2024 को देश भर में रिलीज होगी। जगदीप सिद्धू और सुमित पुरोहित द्वारा लिखित, फिल्म श्री एक उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृशयहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की।, इस फिलम को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और निधि परमार हीरानंदानी द्वारा निर्मित किया जा रहा है।

## वेब सीरीज चांद चकोर 10 नवंबर को होगी रिलीज

**एजेंसियां**



**मुंबई:** सच्ची घटना पर आधारित रोमांटिक वेब सीरीज चांद चकोर 10 नवंबर को रिलीज होगी। रोमांटिक वेब सीरीज चांद चकोर 10 नवंबर को एवीएन फिल्म्स ओटीटी पर रिलीज होगी। फिल्म की कहानी बिहार की है और इसे हाजीपुर के महनार में शूट किया गया है।चांद चकोर के निर्माता रमेन्द्र कुमार सहनी हैं, जबकि सह निर्माता गीता कुमारी हैं और निर्देशक नीरज सिन्हा हैं। नीरज सिन्हा ने अपनी इस सीरीज को लेकर कहा कि यह रियल बेस्ड स्टोरी पर बनी सीरीज है, जिसकी कहानी हरि नाम के किरदार के आसपास है, जिसे अपने ही गांव की लड़की से प्यार हो जाता है। लेकिन यह रूढ़िवादी समाज को कहां मंजूर, सो प्यार के साथ कहानी में एक्शन की भी एंट्री होती है। इस सीरीज की कहानी बेहद इंटरेस्टिंग है, उम्मीद है सभी दर्शकों को पसंद आएगी। वहीं, फिल्म को लेकर निर्माता रमेन्द्र कुमार सहनी ने कहा कि फिल्म की कहानी बिहार की है, तो हमने अपनी फिल्म में बिहार को जीवंत करने के लिए लोकेशन हाजीपुर चुना और इस सीरीज में बिहार के कलाकारों को मौका भी दिया। उन कलाकारों से मुंबई के कलाकारों के साथ मिलकर एक बेहतरीन आउट पुट मिला। उन्होंने बताया कि वेब सीरीज चांद चकोर 10 नवंबर को आएगी। उम्मीद है लोगों को पसंद आएगी। रोमांटिक वेब सीरीज चांद चकोर का निर्माण एवीएनफिल्म्स के बैनर से किया गया है।

## दिसंबर से 'वॉर 2' की शूटिंग पर जुटेंगे ऋतिक रौशन

**एजेंसियां**



**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन दिसंबर से 'वॉर 2' की शूटिंग पर जुटेंगे। ऋतिक रौशन ने हाल ही में उन्होंने सिद्धार्थ आनंद की 'फाइटर' की शूटिंग पूरी की है। ऋतिक ने अब अयान मुखर्जी निर्देशित 'वॉर 2' की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने मेकर्स के साथ एक प्रोमो शूट किया है। हालांकि, वह पूरी तरह से दिसंबर में इस पर जुटेंगे। नवंबर तक वे फिल्म 'फाइटर' के पोस्ट प्रोडक्शन का काम कंप्लीट करेंगे। इस प्रोमो शूट में अभी सिर्फ ऋतिक के ही शॉट लिए गए। जूनियर एनटीआर के शॉट बाद में लिए जाएंगे। एनटीआर इन दिनों साउथ में अपने किसी प्रोजेक्ट की शूटिंग में बिजी हैं। दिसंबर एंड से टीम अबु धाबी का रुख करेगी। वहां दो हफ्ते तक इसकी शूटिंग होगी।वॉर का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया था, वहीं वॉर-2 का डायरेक्शन अयान मुखर्जी कर रहे हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### प्रियंका चित्रकूट में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी

**सतना :** कांग्रेस नेत्री मती प्रियंका गांधी वाड्रा आज मध्यप्रदेश के चित्रकूट में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। कांग्रेस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कांग्रेस महासचिव मती प्रियंका गांधी वाड्रा चित्रकूट में विधानसभा क्षेत्र के मिचकुरिन में कांग्रेस प्रत्याशी निलांशु चतुर्वेदी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### खडगे-राहुल ने स्थापना दिवस पर दी उत्तराखंड के लोगों को शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दी और कामना की है कि अद्वितीय प्राकृतिक संपदा से भरपूर इस राज्य का हर नागरिक देश के विकास में सहभागी बने। खडगे ने कहा उत्तराखंड की अद्वितीय प्राकृतिक संपदा और नैसर्गिक सौंदर्य पूरे विश्व में प्रख्यात है। हिमालय की गोद में बसा ये राज्य और यहाँ की सभ्यता भारत को और भी खूबसूरत बनाती है। उत्तराखंड स्थापना दिवस पर यही कामना है कि राज्य का हर व्यक्ति भारत के विकास का सहभागी बनें और खुशहाल रहे। गांधी ने कहा प्राकृतिक सुंदरता और अद्भुत सभ्यता से संपन्न, देवभूमि उत्तराखंड भारत की विविधता का अभिन्न अंग है।
उत्तराखंड स्थापना दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### तेलंगाना में कांग्रेस उम्मीदवार के आवास, कार्यालयों पर आयकर का छापा

**खम्मम :** तेलंगाना के पलेरु में आयकर विभाग (आईटी) के अधिकारियों ने कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व सांसद पोंगुलेटी निवास रेड्डी के आवास और कार्यालयों पर पहुंचे। रेड्डी आज अपना नामांकन दाखिल करने वाले हैं, जिसके चलते उनके परिवार के सभी सदस्य खम्मम स्थित आवास पर एकत्र होंगे। आईटी अधिकारी सुबह साढ़े चार बजे पहुंचे और रेड्डी के परिवार के सदस्यों और कार्यकर्ताओं के सेल फोन जब्त कर लिए। सूत्रों ने बताया कि इसके अलावा, आईटी अधिकारी हैदराबाद के जुबली हिल्स में रेड्डी के आवास पर तलाशी ले रहे हैं।
आधिकारिक सूत्रों के अनुसार छापेमारी आज तड़के खम्मम, नारायणपुरम और हैदराबाद में कई स्थानों पर की गई।

### योगी ने मंत्रियों संग रामलला के दरबार में लगायी हाजिरी

**अयोध्या :** अयोध्या में मंत्रिमंडल की बैठक से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी और रामलला के मंदिर में माथा टेका और पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक समेत मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहे। अयोध्या में पहली बार मंत्रिमंडल की हो रही बैठक में भाग लेने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सुबह राम की नगरी पहुंचे जहां से वह मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ हनुमानगढ़ी और रामजन्मभूमि के लिये रवाना हो गये। योगी ने विधिविधान से रामलला के दर्शन किये और मंदिर की परिक्रमा की। बाद में योगी और मंत्रियों ने रामजन्मभूमि स्थल पर भव्य मंदिर निर्माण कार्यो का अवलोकन किया। इस अवसर पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये थे। योगी मंत्रिमंडल की बैठक कई मायनो में दिलचस्प है। दरअसल, अयोध्या में नौ नवम्बर 1989 को पहली बार राम मंदिर का शिलान्यास हुआ था। नौ नवम्बर 2019 को राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया था।



**हमला**

यूक्रेन का जवाबी हमला अनुमान से धीमी गति से बढ़ रहा

# हमले में अवदीवका शहर पूरी तरह तबाह

- छिपने के लिए जमीन पर लेट जाता है
- सीमावर्ती शहर में रहने वाले अधिकांश लोग चले गए
- बड़ी संख्या में सैनिक और बख्तरबंद वाहन भेजे गए

**एजेंसियां**



**कियेब:** एक यूक्रेनी पुलिस अधिकारी आधी नष्ट हो चुकी इमारत का निरीक्षण कर रहा है, तभी अचानक, वह छिपने के लिए छिपकर जमीन पर लेट जाता है। उसके बॉडी कैमरा वीडियो में, जब एक गोला पास में गिरता है, तो वह अपने साथी को चिल्लाता है, आ रहा है। अवदीवका में इन दिनों पुलिस बहुत कम है क्योंकि इस सीमावर्ती शहर में रहने वाले अधिकांश लोग चले गए हैं। लेकिन लगभग 1,600 लोग बचे हैं, और यह इकाई - व्हाइट एंजल्स - उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए वहां मौजूद है। यूनिट के एक सदस्य लेफ्टिनेंट दिमित्रो सोलोवी ने एक फोन साक्षात्कार में बताया, औसतन, हम प्रति दिन अवदीवका से चार लोगों को निकालते हैं। 2014 में जब मॉस्को समर्थक अलगाववादियों ने पास के शहर डोनेट्स्क सहित डोनबास क्षेत्र के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया था, तब शहर को अग्रिम पंक्ति में छोड़ दिया गया था, और फरवरी 2022 में रूस द्वारा पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से यह आग की चपेट में है। लेकिन 10 अक्टूबर को, मॉस्को ने एक केंद्रित दबाव शुरू किया, जिसमें बड़ी संख्या में सैनिक और बख्तरबंद वाहन भेजे गए, साथ ही शहर में गोलाबारी भी तेज कर दी गई। अवदीव्का पर हमला तब हुआ है जब युद्ध की अग्रिम पंक्तियाँ अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई हैं, यूक्रेन का जवाबी हमला शुरू में अनुमान से कहीं अधिक धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। कुछ विश्लेषकों ने शुरू में सुझाव दिया था कि रूसी कदम कियेब को दक्षिणी और पूर्वी सीमा रेखाओं पर अपने हमलों के लिए इस्तेमाल की जा रही कुछ ताकतों को हटाने के लिए मजबूर करने के लिए बनाया गया था, लेकिन यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि लक्ष्य वास्तव में आगे बढ़ना है जबकि कियेब कहीं और केंद्रित है। .स्थिति तनावपूर्ण है, सोलोवी ने कहा, लोगों को समझाते हुए कि वे अब अपने आप नहीं जा सकते, उन्हें निकाले जाने का इंतजार करना होगा। बढ़ी गोलाबारी के कारण, लोगों ने अधिक बार साइन अप करना शुरू कर दिया है। अवदीवका के कई निवासी पूर्ण पैमाने पर आक्रमण से पहले ही भाग गए थे, और लगभग 30,000 की युद्ध-पूर्व आबादी वाला शहर छोड़ दिया था। शहर में बचे ज्यादातर लोग बुजुर्ग हैं, ज्यादातर पुरुष। वे अपने घर नहीं छोड़ना चाहते थे, सोलोविय ने समझाया। अब स्थिति गंभीर है। जैसा कि आप समझते हैं, हर दिन 10-15 बम गिराए जाते हैं। हवाई हमलों और तोपखाने के बीच, शहर में आपूर्ति लाइनें भी धीमी हो गई हैं और इसलिए सोल्वी की इकाई को आगे बढ़ना पड़ा है।
फिलहाल, हम ही सहायता ला रहे हैं। हम मानवीय सहायता, रोटी, दवाइयाँ लाते हैं, उन्होंने कहा। हम हर दिन जाते हैं, कोई छुट्टी का दिन नहीं है। अवदीव्का में तीन किराना स्टोर संचालित होते थे। उनमें से दो को मिसाइलों से नष्ट कर दिया गया। अब केवल एक दुखद छोटी किराने की दुकान खुली है, उन्होंने कहा। रोटी खरीदने के लिए कहीं नहीं है इसलिए सप्ताह में एक बार, हम कुछ लाते हैं ताकि लोगों को रोटी मिल सके।

## पद छोड़ना चाहिए नीतीश को, माफी से काम नहीं चलेगा : शिवराज



**एजेंसियां**

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विधानसभा में दिए विवादित बयान को लेकर आज कहा कि सिर्फ माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, उन्हें पद छोड़ना चाहिए। चौहान ने वीडियो संदेश जारी करते हुए कुमार और इंडिया गठबंधन पर हमला बोला। उन्होंने स्वयं के संदर्भ में कहा कि वे बेटियों की पूजा करते हैं, बहनों के पैर धोते हैं। कांग्रेस के लोग कई बार इसका भी मजाक उड़ाते हैं। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह कहते हैं, ह्यमुख्यमंत्री नाटक करता है। उन्होंने कहा कि कन्याओं का पूजन और बहन का सम्मान नाटक-नौटंकी है क्या। ये हृदय का भाव है, लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग बहनों के बारे में क्या विचार रखते हैं। कांग्रेस का जिनसे गठबंधन है, उन नीतीश कुमार ने विधानसभा में महिलाओं के बारे में कितनी अमर्यादित और अश्लील टिप्पणी की, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज तक कांग्रेस ने उन टिप्पणियों का विरोध नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा व्यक्ति जो मां बहन और बेटियों के बारे में ऐसी अमर्यादित टिप्पणियां करे, उसको मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें पद छोड़ना चाहिए, सिर्फ माफी मांगने से कुछ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भारत वो धरती है।

पिता और दादी ने देश के लिए खून बहाया

## जनता ही प्यारी थी उनके लिए: प्रियंका



**एजेंसियां**

**सतना:** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज अपनी दादी पूर्व प्रधानमंत्री मती इंदिरा गांधी और प्रधानमंत्री रहे अपने पिता राजीव गांधी का स्मरण करते हुए कहा कि देश और जनता की सेवा ही उनके लिए सर्वोपरि थी और दोनों ने देश के लिए अपना खून भी बहा दिया। मती वाड्रा ने उत्तरप्रदेश की सीमा से सटे मध्यप्रदेश के विंध्य अंचल के सतना जिले के चित्रकूट में राज्य विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने भगवान राम और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भी जिक्र किया और कहा कि यह देश भगवान राम की परंपराओं पर चलने वाला है और महात्मा गांधी ने राम के आदर्शों को अपनाया। यही वजह है कि जब महात्मा गांधी को गोली मारी गयी, तो उनके मुख से हे राम निकला और कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी की परंपरा पर ही चलने वाली है। उन्होंने कहा कि इसी तरह उनकी दादी और पिता ने भी देश के लिए खून बहा दिया। वे हमेशा इस देश की जनता के प्रति जवाबदेह रहे, जबकि आज का भाजपा का नेतृत्व ऐसा नहीं है। कांग्रेस महासचिव ने केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेतृत्व पर जमकर हमला किया और कहा कि अपने आप को फकीर और मामा कहने वाले बड़ी बड़ी बातें करते हैं, लेकिन गरीबों, किसानों, महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के लिए कुछ नहीं करते। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शिवराज सिंह चौहान का नाम लिए बगैर कहा कि फकीर कहने वाले नेता ने उत्तरप्रदेश के गन्ना किसानों को 15 हजार करोड़ रुपयों की राहत प्रदान नहीं की और सरकारी पैसे से 16 हजार करोड़ रुपयों के दो विमान अपने लिए खरीद लिए। इसी तरह राज्य में खाद, बीज और अन्य समस्याओं के उठने पर प्रदेश के मुखिया कहते हैं कि मामा है ना। लेकिन वे करते कुछ नहीं हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि मामा तो कंश भी था।

# राजस्थान में कांग्रेस की पुनः सरकार बनेगी: खेड़ा



**एजेंसियां**

**अजमेर:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने कहा है कि देश के हालात खराब है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आने वाली पीढ़ी में विवाद की नींव डाल रही है , जबकि कांग्रेस संवाद स्थापित करती है। संवाद से हल निकलते है और सौहार्द बना रहता है। खेड़ा गुरुवार को राजस्थान के अजमेर में कांग्रेस की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को नौजवानों और किसानों की चिन्ता है। राज्य में अशोक गहलोत सरकार ने जितने जनहित में काम किये है, वे ह्यमार्केबल हैं। गहलोत सरकार ने 97 फीसदी वायदे पूरे किये हैं। उन्होंने दावा किया कि राजस्थान में कांग्रेस की पुनः सरकार बनेगी। अभी रोटी को पलटने का समय नहीं है। अभी विकास की रोटी सिकने का समय है। कांग्रेस की यही चिन्ता है कि इतने अभूतपूर्व कामों और जनकल्याणकारी योजनाओं के बावजूद कदाचित स्थिति बदली हुई निकली तो फिर कांग्रेस क्या कोई पार्टी भविष्य में विकास कराने से ये सोचकर गुरेज करेगी कि काम का भी कोई फायदा नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि इसीलिए कांग्रेस को गारंटी जैसे शब्द मैदान में लाने पड़े। गहलोत की गारंटी राज्य की जनता को राहत देने का काम कर रही है और आगे भी करेगी। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने एक लाख 65 हजार नौकरी देकर बेरोजगारी दूर करने का काम किया। उन्होंने दोहराया कि राजस्थान में कांग्रेस की पुनः सरकार बनेगी और स्थिर सरकार बनेगी। गहलोत-पायलट विवाद की यथास्थिति टिकट वितरण में परिलक्षित होने तथा टिकट में शान्ति धारीवाल को पुरूस्कृत करने तथा महेश जोशी -धर्मेंद्र राठौड़ को दण्डित करने के यूनीवार्ता के सवाल पर खेड़ा ने कहा कि कुछ बातें गोपनीय होती हैं।

## चुनाव में राम नाम की दुशाला ओढ़ लेती है कांग्रेस: शिवराज

**एजेंसियां**

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर हमला बोलते हुए आज कहा कि भगवान राम का विरोध करने वाली कांग्रेस चुनाव के समय राम नाम की दुषाला ओढ़ लेती है, पर उनका पाखंड उनकी जुबान पर आ ही जाता है। चौहान ने अपने वीडियो संदेश में मती वाड्रा और राहुल गांधी के संदर्भ में कहा कि दोनों भाई-बहन मध्यप्रदेश में आकर झूठ बोलते हैं। कल उन्होंने इतिहास को भी गलत बता दिया। मती वाड्रा ने कहा कि भगवान राम को 13 वर्ष का वनवास हुआ था, जबकि भारत का बच्चा-बच्चा जानता है कि वनवास 14 वर्ष का हुआ था। भगवान राम का विरोध करने वालों को सही जानकारी कहां से होगी । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग चुनाव के कारण राम-नाम की दुषाला ओढ़ते हैं, पर ये जो पाखंड करते हैं वह उनकी जुबान पर आ ही जाता है। इसके साथ ही चौहान ने कहा कि कल मती वाड्रा स्वर्गीय राजीव गांधी की पोल खोल रही थी, कि उन्होंने कभी विकास किया ही नहीं। वे अपने क्षेत्र अमेठी में जाते थे तो जनता उन्हें डांटती थी, एक साल हो गया, सड़क नहीं बनवाई, स्कूल की मरम्मत नहीं करवाई। उन्होंने खुद यह बता दिया कि कांग्रेस का विकास से कोई लेना-देना ही नहीं है, उनके स्वर्गीय पिताजी ने भी कोई विकास नहीं किया। कांग्रेस का विकास से कभी वास्ता रहा नहीं । चौहान ने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रियों कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर हमला बोलते हुए कहा कि कमलनाथ मध्यप्रदेश को कभी मद्य प्रदेश, चौपट प्रदेश जैसे नामों से बुलाते हैं।

**हादसा**

यूक्रेन के सैन्य प्रमुख के सहयोगी की ग्रेनेड विस्फोट से मौत

# जन्मदिन में मिला था जिंदा ग्रेनेड का उपहार

- अपार्टमेंट में पांच और गैर-विस्फोटित ग्रेनेड मिले
- बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया
- बक्से के अंदर शराब की एक बोतल और छह ग्रेनेड थे

**एजेंसियां**



**कियेब:** यूक्रेन की सेना के कमांडर-इन-चीफ के एक सहयोगी को जन्मदिन के उपहार के रूप में एक जीवित ग्रेनेड मिलने का वजह से मौत हो गयी। दरअसल उन्हें एक मित्र ने जिंदा ग्रेनेडों का एक बक्सा भेंट किया था। दूसरे लोगों का ध्यान जब इस तरफ नहीं था तो उसके 13 वर्षीय बेटे ने विस्फोट कर दिया था। यूक्रेनी आंतरिक मंत्री इहोर क्लिमेंको ने टेलीग्राम पर लिखा, मेजर गेनाडी चास्त्यकोव, जो वालेरी जालुजनी के सहायक के रूप में कार्यरत थे। सोमवार को उनके जन्मदिन के लिए एक सहकर्मी से एक उपहार बॉक्स मिला था। जिसमें कई पश्चिमी मॉडल ग्रेनेड थे। क्लिमेंको ने लिखा, चास्त्यकोव के 13 वर्षीय बेटे ने फिर हथगोले में से एक उठाया और रिंग को घुमाना शुरू कर दिया। जैसे ही चास्त्यकोव ने उससे ग्रेनेड लिया, अंगूठी बाहर खींच ली गई और हथियार में विस्फोट हो गया।
यूक्रेन की सेना के प्रमुख जालुजनी ने टेलीग्राम पर लिखा कि उनके सहायक और करीबी दोस्त की दुखद परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। क्लिमेंको ने कहा, पुलिस को अपार्टमेंट में पांच और गैर-विस्फोटित ग्रेनेड मिले। कियेब क्षेत्रीय पुलिस ने बताया कि विस्फोट से सहायक का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया, और उसका चिकित्सकीय इलाज किया जा रहा है। क्लिमेंको के अनुसार, पुलिस ने उस साथी सैनिक की पहचान की जिसने चास्त्यकोव को उपहार दिया था, और उसके कार्यालय की तलाशी के दौरान दो समान ग्रेनेड मिले। पुलिस ने कहा कि आपराधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है और जांच जारी है, हालांकि यूक्रेनी आंतरिक मंत्रालय ने बाद में कहा कि वह प्रारंभिक जानकारी के आधार पर मौत को दुर्घटना मानता है।
आंतरिक मंत्रालय की प्रवक्ता मारियाना रेवा ने राष्ट्रीय टीवी पर कहा, अब हमारे पास जो जानकारी है, उसके अनुसार हम कह सकते हैं कि यह एक दुर्घटना थी, लापरवाही से गोला-बारूद संभालने की घटना। यह संभव है कि एकत्र किए गए सबूतों के आधार पर मामले को फिर से वर्गीकृत किया जाएगा। रेवा ने कहा, उपहार एक बक्से के रूप में था, जिसके अंदर शराब की एक बोतल और छह ग्रेनेड थे। उन्होंने कहा कि सहकर्मी ने ये हथगोले एक सहयोगी को यह बताते हुए पेश किए कि ये हथगोले लड़ाकू हथगोले थे। रेवा ने कहा, दुर्भाग्य से, मृतक ने इन शब्दों को गंभीरता से नहीं लिया। क्लिमेंको ने रूस के साथ युद्ध में यूक्रेनी सैनिकों का नेतृत्व करने वाले सैन्य प्रमुख के रूप में जालुजनी की सहायता की।

## न्यूज फटाफट

### पूर्वी सीरिया में अमेरिकी ठिकाने पर मिसाइलों से हमला

**दोहा :** सीरिया के शहर दीर एज़्-ज़ूर के पूर्व में अल-उमर तेल क्षेत्र के पास एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर रात भर में कम से कम 15 मिसाइलों से हमला किया गया है। अल मयादीन ब्रॉडकास्टर ने स्थानीय स्रोतों के हवाले से गुरुवार को यह खबर दी। इससे पहले दिन में अमेरिकी सैन्य जेट विमानों ने कथित तौर पर सीरियाई क्षेत्र पर हमले किए। हमलों में संभवतः शिया सशस्त्र समूहों को निशाना बनाया। अमेरिकी रक्षा विभाग के अनुसार 17 अक्टूबर से 6 नवंबर के बीच, विरोधी सैन्य समूहों ने सीरिया और इराक में अमेरिकी ठिकानों पर 38 बार हमला किया। हमलों में कुल 46 सैनिक घायल हुए।

### पुतिन कजाकिस्तान के राष्ट्रपति से बातचीत करने के लिए अस्ताना पहुंचे

**अस्ताना :** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आधिकारिक दौरे पर अस्ताना पहुंचे, जहां वह अपने कजाख समकक्ष कासिम-जोमार्ट टोकायेव के साथ बातचीत करेंगे और एक अंतरक्षेत्रीय सहयोग मंच में भाग लेंगे। पुतिन कजाकिस्तान के नेता के निमंत्रण पर अस्ताना का दौरा कर रहे हैं। टोकायेव ने स्वयं हवाई अड्डे पर अपने रूसी समकक्ष से मुलाकात की। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पहले कहा था कि वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने सहयोग के सभी क्षेत्रों पर की तुलना करने की योजना बनायी है, उन्होंने कहा कि इनमें आपसी निवेश भी शामिल है। दोनों नेता क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

### गाजा पट्टी में संघर्ष विराम की मांग को लेकर न्यूयॉर्क में प्रदर्शन

**न्यूयॉर्क :** अमेरिका के न्यूयॉर्क में सैकड़ों प्रदर्शनकारी फिलिस्तीनी झंडे लेकर सड़कों पर उतरे और गाजा में युद्धविराम की जोरदार मांग की। रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को हुए इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी 'फिलिस्तीन को आजाद करो', 'अभी संघर्ष विराम करो' और 'नरसंहार बंद करो' के नारे लगा रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्ट ले रखा था, जिस पर 'नेतन्याहू और बिडेन युद्ध अपराधी' और 'इज़रायल एक आतंकवादी देश है, जो खुले तौर पर नरसंहार कर रहा है' लिखा हुआ था। विरोध प्रदर्शन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय की इमारत से होकर गुजरा और फिर 42वीं स्ट्रीट के साथ डाउनटाउन मैनहट्टन की ओर मुड़ गया। इस दौरान पुलिसकर्मी मौजूद थे, लेकिन किसी झड़प या गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि संरा के अनुसार, इज़रायल-हमास संघर्ष के कारण में 10,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। यह संघर्ष 7 अक्टूबर को हमास की ओर से इजरायल में हमला करने के बाद शुरू हुआ था। हमास की ओर से किए गए हमले में 1,400 लोग मारे गए थे। इसके बाद इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख की आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश देते हुए पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। बाद में मानवीय सहायता वाले ट्रकों को गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकाबंदी में ढील दी गई।

### फिलिस्तीन को तीन गुना ज्यादा सहायता देगा स्पेन

**मैड्रिड :** स्पेन ने 2023 में फिलिस्तीन को दी जाने वाली सहायता में तीन गुना की वृद्धि करने की योजना योजना बनाई है। स्पेन के कार्यवाहक विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस ने यह जानकारी दी है। इससे पहले लक्ज़मबर्ग में यूरोपीय संघ की विदेश मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद उन्होंने कहा था कि स्पेन की सरकार ने फ़िलिस्तीन के निवासियों के लिए मानवीय सहायता बढ़ाकर 2.1 करोड़ यूरो कर दी है और निकट भविष्य में इस राशि को दोगुना करने की तैयारी की जा रही है। अल्बेरेस ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, हमने गाजा पट्टी में मानवीय संकट के बीच फिलिस्तीनी लोगों के लिए 2.6 करोड़ यूरो की राशि में एक नया सहायता पैकेज तैयार किया है। हम फिलिस्तीन के साथ सहयोग को तीन गुना करेंगे। हम 2023 में 4.85 करोड़ यूरो प्रदान करेंगे।

### गाजा पट्टी में बाहरी शासन का विरोध करता है जॉर्डन: सफादी

**अम्मान :** जॉर्डन के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री अयमान सफादी ने कहा है कि जॉर्डन भविष्य में गाजा पट्टी में बाहरी शासन के किसी भी विचार का विरोध करता है। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा था कि गाजा का भविष्य फिलिस्तीनियों को खुद तय करना चाहिए, लेकिन इजरायल के साथ मौजूदा संघर्ष की समाप्ति के बाद क्षेत्र के प्रशासन की संरचना अभी तक निर्धारित नहीं की गई है।

### आज का इतिहास

- 1483 : ईसाई धर्म में एक नयी धारा की शुरुआत करने वाले मार्टिन लूथर का जन्म हुआ।
- 1766 : न्यू जर्सी के अंतिम रॉयल गवर्नर विलियम फ्रैंकलिन ने क्वीन्स कॉलेज की स्थापना के लिए चार्टर पर हस्ताक्षर किए, जिसे अब रटगर्स विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाता है।
- 1785 : हॉलैंड और फ्रांस ने संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1793 : फ्रांस में बलपूर्वक ईश्वर की पूजा कराने का नियम समाप्त किया गया।
- 1885 : गोटलिएब देमलेर ने दुनिया की पहली मोटरसाइकिल पेश की।
- 1908 : कन्हाई लाल दत्त ने भारत की आज़ादी के लिए फाँसी के फंदे पर झूलकर शहादत दी।
- 1909 : अमेरिकी संगीतकार और गीतकार जॉनी मार्क्स का जन्म हुआ।
- 1920 : भारतीय मज़दूर संघ के संस्थापक दत्तोपन्त ठेंगडी का जन्म हुआ।
- 1940 : रोमानिया के बुखारेस्ट में 7.7 तीव्रता के भूकंप में 1000 से अधिक लोग मारे गये तथा करीब चार हजार लोग घायल हुए।
- 1950 : अमेरिकी लेखक विलियम फॉकनर को साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मनित किया गया।
- 1951 : अमेरिका में पहली बार कोस्ट-टू-कोस्ट डायरेक्ट डायलिंग टेलीफोन सेवा शुरू की गयी।
- 1970 : चीन की महान दीवार को पर्यटन के लिए खोला गया।
- 1975 : उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी नाव एसएस एडमंड फिट्जगेराल्ड के सुपीरियर लेक में डूब जाने से 29 लोगों की मौत हो गयी।
- 1982 : सोवियत संघ पर 20 वर्ष तक शासन करने वाले नेता लियोनिड ब्रेजनेव की मौत हुई।
- 1983 : बिल गेट्स ने विंडोज 1.0 सार्वजनिक रूप से पेश किया।
- 1986 : बंगलादेश में संविधान फिर लागू किया गया।
- 1989 : जर्मनी में बर्लिन की दीवार को गिराने का कार्य शुरू हुआ।
- 1990 : चंद्रशेखर भारत के आठवें प्रधानमंत्री बने।
- 1991 : भारत ने विश्व कैरम चैंपियनशिप में टीम खिताब अपने नाम किया।
- 1997 : चीन-रूस घोषणा पत्र से दोनों देशों के बीच सीमांकन विवाद समाप्त।
- 2000 : गंगा-मेकांग सम्पर्क परियोजना का कार्य प्रारम्भ। इसमें भारत, म्यामां, थाईलैण्ड, कम्बोडिया, लाओस और वियतनाम शामिल हैं।
- 2001 : भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया।
- 2001 : यूनेस्को द्वारा इस तारीख को संपूर्ण विश्व में 'शांति एवं विकास हेतु विश्व विज्ञान दिवस' के रूप में मनाने का फैसला लिया गया।

## विधानसभा नियुक्ति घोटाला अगली सुनवाई अब सात दिसंबर को

रांची: झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर आज गुरुवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई हुई। इस दौरान विधानसभा की ओर से उपस्थित अधिवक्ता अनिल कुमार ने कोर्ट को बताया कि उन्हें जस्टिस एस जे मुखोपाध्याय कमिटी की रिपोर्ट मिल चुकी है।

छापेमारी — सीओ प्रदीप कुमार के घर में छापेमारी भी

# रांची में एसीबी की बड़ी कार्रवाई, रातू सीओ रिश्वत लेते गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजधानी रांची में एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। रांची के रातू सीओ प्रदीप कुमार सहित तीन लोगों को एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते-रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। रातू सीओ को प्रदीप कुमार एक व्यक्ति से जमीन के मामले में 25 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किए गए है। रिश्वत मामले में रातू अंचल कार्यालय के कर्मचारी सुनील कुमार और एक दलाल को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद सीओ प्रदीप कुमार के इंद्रपुरी रोड नंबर एक स्थित घर में छापेमारी भी की गई है।मिली जानकारी के अनुसार एंटी करप्शन ब्यूरो को एक व्यक्ति के द्वारा यह शिकायत मिली थी कि रातू सीओ अपने कर्मचारी और एक दलाल के माध्यम से एक जमीन के काम के लिए 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायतकर्ता के द्वारा कई बार बिना पैसे दिए अपने काम को करवाने की कोशिश की गई लेकिन कर्मचारी और दलाल की वजह से उसका काम नहीं हो रहा था।मामले को लेकर शिकायतकर्ता के द्वारा को प्रदीप कुमार से भी मुलाकात की गई लेकिन बिना रिश्वत के काम नहीं बना। इसके बाद शिकायतकर्ता सीधे एंटी करप्शन ब्यूरो के कार्यालय पहुंचा और ब्यूरो में लिखित आवेदन दिया। आवेदन मिलने के बाद ब्यूरो के द्वारा पूरे मामले की जांच करवाई गई तो मामले में सच्चाई पाई गई। जिसके बाद सीओ और दूसरे कर्मियों को ट्रैप करने की रणनीति बनाई गई।

एसीबी के द्वारा प्राप्त निर्देश पर शिकायतकर्ता गुरुवार को 25 हजार रुपये लेकर रातू सीओ के कार्यालय पहुंचा। वहां पहले से ही कर्मचारी सुनील कुमार और एक दलाल उपस्थित था। एसबीसी के दो अफसर भी शिकायतकर्ता के साथ सीओ के पास पहुंचे। जैसे ही शिकायतकर्ता के द्वारा पैसे अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार को दिया गया इस दौरान एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ धर दबोचा। मौके पर मौजूद कर्मचारी और दलाल दोनों ने फरार होने की भी कोशिश की लेकिन वे भाग नहीं पाए।

धनतेरस से पहले सज गया बर्तन बाजार, व्यापारियों ने कहा

# ऑनलाइन खरीदारी की वजह से दुकान पर नहीं पहुंच रहे ग्राहक

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** धनतेरस को लेकर बर्तन बाजार सज चुके हैं। रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों में भी बर्तन व्यापारी ने धनतेरस से पहले अपनी तैयारी पूरी कर ली है। रांची जिले में भी बर्तन से जुड़े व्यापारियों ने धनतेरस को देखते हुए दुकानों में महंगे से लेकर सस्ते बर्तन तक सजा दिए हैं।राजधानी रांची के अपर बाजार क्षेत्र में कई बर्तन दुकानदारों ने बताया कि लोग बर्तन खरीदने के लिए अभी से ही पहुंच रहे हैं। अपर बाजार के पास अपनी बर्तन की दुकान चला रहे व्यापारी सनी कुमार ने बताया कि धनतेरस और दीपावली के मौके पर लोग पूजा से जुड़े बर्तनों की खरीदारी ज्यादा करते हैं। उन्होंने बताया कि धनतेरस के समय ही लोग छठ के लिए भी बर्तन की खरीदारी करते हैं। इसीलिए धनतेरस बर्तन व्यापारियों के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तुलना में इस वर्ष बर्तन का व्यापार बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन व्यापारियों को उम्मीद है कि धनतेरस के आखिरी दिन तक बाजार में रौनक जरूर बढ़ेगी।वहीं, बर्तन के बड़े कारोबारी में शुमार साकेत मोदी ने बताया कि निश्चित रूप से जो उम्मीद की गई थी, वह उम्मीद पूरी नहीं हो रही है। धनतेरस के मौके पर ग्राहक तो जरूर पहुंच रहे हैं, लेकिन लोग खरीदारी नहीं कर रहे हैं। क्योंकि लोग ऑनलाइन बाजार पर ज्यादा फोकस हो गए हैं। उन्होंने बताया कि स्टील के ज्यादा सामान लोग ऑनलाइन मार्केट से ही खरीद लेते हैं। दुकानों पर बर्तन खरीदने लोग कम पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्टील के बर्तन की तो बिक्री सबसे ज्यादा होती है, लेकिन इस वर्ष कहीं ना कहीं तांबा और पीतल के भी बर्तन की मांग बढ़ी है।साकेत मोदी ने बताया कि स्टील के बर्तन 500 रुपए से 1500 रुपये तक मिल रहे हैं, तो वहीं तांबा और पीतल के बर्तन की कीमत 1800 से तीन हजार तक मिल रहे हैं। इसके अलावा वजन के अनुसार भी लोगों से बर्तनों की कीमत ली जा रही है। राजधानी रांची में कुल 15 बर्तन होलसेलर के दुकान हैं। चैंबर के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार रांची जिले में धनतेरस के दौरान दो से ढाई करोड़ का व्यापार होता है।धनतेरस से पहले बर्तन दुकान पर खरीदारी करने पहुंचे ग्राहकों ने कहा की परंपरा के अनुसार वह अपने घर के लिए नए बर्तन खरीद रहे हैं, लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में बर्तन के दामों में खासा बढ़ोतरी हुई है।

# इस बार गरीबों की दिवाली रहेगी फीकी, कार्ड धारकों को अभी भी पीडीएस से मिलने वाली चीनी और दाल का इंतजार

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** दीपोत्सव का त्योहार बेहद करीब आ गया है, लेकिन राज्य भर के अधिकांश राशन कार्डधारियों को अब भी राशन के अनाज के साथ चीनी मिलने का इंतजार है। हर कार्डधारियों को सस्ती दर पर मिलने वाली चीनी अभी भी गरीबों की रसोई तक नहीं पहुंच पाई है। वहीं कई इलाकों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के तहत मिलने वाला अनाज (चावल-गेहूं) भी नहीं मिल पाया है।बजट सत्र के दौरान राज्य के वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने राज्य को 61 लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों को एक किलो चना दाल देने की घोषणा की थी। यह योजना भी अब तक लागू नहीं हो सकी है। हरमू बाइपास रोड की पार्वती देवी कहती हैं कि चीनी नहीं मिली है। अभी तक राशन भी नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि अगर त्योहार में राशन जैसा कुछ पहले मिल जाता तो कुछ राहत होती। कडरू राज्य खाद्य निगम गोदाम के एजीएम दीपक कुमार किस्कू कहते हैं कि गोदाम से डीलर के पास राशन जाना शुरू हो गया है। जिन डीलरों ने चीनी की डिमांड भेजी है, उन डीलरों तक चीनी भी पहुंच जाएगी। जन वितरण प्रणाली के तहत दी जाने वाली चना दाल को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चना दाल जल्द ही गोदाम तक पहुंच जायेगी। राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि वे लाभुकों को जल्द से जल्द राशन के साथ चीनी और दाल उपलब्ध कराने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। फिर भी अगर 15 नवंबर तक दाल नहीं मिली तो इस माह में चना दाल जरूर मिल जायेगी। विभागीय मंत्री ने माना कि बजट सत्र के दौरान घोषणा के बावजूद चना दाल वितरण में देरी हुई है। उन्होंने कहा कि टेंडर और चना दाल की कीमत में भारी उतार-चढ़ाव के कारण समस्या उत्पन्न हुई है।

## राज्य सरकार उर्दू भाषा को नहीं दे रही है सम्मान : एस अली

रांची: विश्व उर्दू दिवस के अवसर पर आज पुंदाग बैंक्वेट हॉल में आमया संगठन के द्वारा परिचर्चा का आयोजन किया गया। मौके पर संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि झारखंड में उर्दू भाषी लोगों को मातृभाषा में शिक्षा लेने से वंचित किया जा रहा है। जबकि झारखंड सरकार शिक्षा विभाग के संकल्प 1278 वर्ष 2003 में उर्दू भाषा लिपि में शिक्षा देने का निर्देश है। सरकार की अधिसूचना 6807 वर्ष 2007 में उर्दू को द्वितीय राज्य भाषा घोषित किया गया। जिसके आधार पर सरकारी कार्यालयों के नाम, सरकारी दस्तावेजों, निबंधन, सरकारी नियम/परिनियम आदि हिन्दी भाषा के साथ उर्दू में होंगे। लेकिन इसका अनुपालन नही हो रहा है। 1999 में बिहार शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय जहां 10 उर्दू भाषी छात्र पढ़ते है, वहां उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति के लिए 4401 उर्दू शिक्षक के पद सृजित किए गए थे।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उषा मार्टिन के जीएम को हाई कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मनी लांड्रिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद कुमार फतेपुरिया की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने प्रमोद कुमार को अग्रिम जमानत प्रदान की। पूर्व में कोर्ट ने उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद कुमार फतेपुरिया के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई थी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने पैरवी की। दरअसल, उषा मार्टिन को आयरन अयस्क का एक्सपोर्ट करने की अनुमति नहीं थी। इसके बाद भी उषा मार्टिन की ओर से आयरन अयस्क को एक्सपोर्ट किया गया। जिसके बाद ईडी ने मामले में केस दर्ज किया। मामले को लेकर ईडी ने उषा मार्टिन के खिलाफ ईसीआईआर 2/ 2021 दर्ज किया था। इसी मामले में प्रमोद फतेपुरिया भी आरोपी हैं। उनकी ओर से हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है।

## इंस्पेक्टरों का तबादला

रांची: जिले के अलग-अलग थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। इन सब इंस्पेक्टरों का तबादला काम नहीं करने व लापरवाही बरतने की शिकायत के बाद किया गया है। गौरतलब है कि विधि व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिले के कुछ थाना प्रड्डारियों ने अपने थाना में पदस्थापित काम नहीं करने वाले सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी को हटाने और पदस्थापित करने का अनुरोध किया था। जिसपर एसएसपी ने यह कार्रवाई की है। लोअर बाजार थाना में तैनात एसआई विवेकानंद दूबे को डीसीबी शाखा, डीसीबी शाखा में तैनात शौरव शर्मा को सुखदेवनगर थाना, लालपुर थाना में तैनात मनीष पूर्ति को पुलिस केंद्र, कांके थाना में तैनात संजय नायक को बरियातु थाना और मेसरा ओपी में तैनात रणजीत कुमार सिंह को पुलिस केंद्र ड्रोज दिया गया है।

# हजारीबाग से पकड़े गए आतंकवादी की कोर्ट में पेशी, भेजा गया जेल

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड एटीएस की कार्रवाई में पकड़े गए दो आतंकियों में से एक आतंकी नसीम को कोर्ट में पेश किया गया। गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच नसीम को विशेष न्यायाधीश के स्पेशल कोर्ट लाया गया। सुरक्षा के मद्देनजर आतंकी के चेहरे को ढक दिया गया था।नसीम उर्फ मोहसिन हजारीबाग का रहने वाला है। एटीएस की टीम ने गुरुवार को कोर्ट में पेश किया है। जहां पर विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा ने उसे जेल भेजने का फैसला सुनाया। इसके बाद उसे रांची के होटवार जेल दिया गया है। वहीं दूसरा आतंकी आरिज हसनैन को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया था। जिसके बाद उसे होटवार जेल भेज दिया गया था। आरिज हसनैन झारखंड के गोड्डा जिला का रहने वाला है।इन दोनों आतंकियों को एटीएस ने गिरफ्तार किया था। दोनों के बारे में बताया जा रहा है कि इनके संबंध आईएसआई से हैं, दोनों आतंकी योजना बनाकर फिलिस्तीन के अल-अक्सा मस्जिद को यहूदियों के कब्जे से मुक्त करवाने के लिए फिलिस्तीन जाकर संघर्ष करना चाहते थे। आतंकी नसीम और आरिज के संबंध पाकिस्तान, जम्मू कश्मीर और अफगानिस्तान जैसे देशों के साथ भी होने की बात सामने आ रही है।इन दोनों आतंकवादियों की गिरफ्तारी एटीएस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। यह संभावना जतायी जा रहा है कि इनके अलावा और भी लोग शामिल हो सकते हैं। आगामी प्रक्रिया में इन दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा सकती है। जिसमें इनसे कई राज खुलने के आसार हैं। बता दें कि झारखंड में पहले भी आतंकवादियों की गिरफ्तारी मामले सामने आए हैं। जिसको लेकर एटीएस ने कार्रवाई भी की है। ऐसे में दोनों आतंकवादियों के पकड़ाना निश्चित रूप से बड़ी सफलता है। अब देखने वाली बात होगी कि पकड़ाए गए दोनों आतंकवादियों से पूछताछ में उनकी निशानदेही पर और कितने लोग इसमें सामने आते हैं।

अवैध व्यवसाय — मकान मालिक समेत तीन गिरफ्तार

# माफिया ने घर को ही बना डाला बॉटलिंग प्लांट

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजधानी में नकली शराब का कारोबार जोर-शोर से जारी है। स्थिति यह है कि शराब माफिया किराए का मकान लेकर उसी में नकली शराब को महंगे ब्रांड के बोतलों में भरने के लिए बॉटलिंग प्लांट तक लगा ले रहे हैं। उत्पाद विभाग के छापे में एक ऐसे ही बॉटलिंग प्लांट का खुलासा हुआ है। मामले में कारवाई करते हुए उत्पाद विभाग ने 150 पेटी से ज्यादा नकली शराब बरामद करते हुए तीन को गिरफ्तार भी किया है।उत्पाद विभाग को यह जानकारी मिली थी कि अरुणाचल प्रदेश और पंजाब जैसे राज्यो से बड़े पैमाने पर नकली शराब की खेप मंगवा उसकी रांची में महंगे ब्रांड की शराब की बोतलों में बॉटलिंग की जा रही है। जानकारी मिलने पर उत्पाद विभाग की टीम ने रांची के ओरमांझी और सिकिदरी इलाके में एक साथ रेड किया। इस रेड में सिकदरी में एक घर में चल रहे बॉटलिंग प्लांट का खुलासा किया गया। प्लांट से भारी मात्रा में शराब के रैपर, बोतल और सील करने वाले नकली ढक्कन बरामद किए गए। मौके से पुलिस ने 150 पेटी नकली शराब जब्त किया है। जिस मकान में बॉटलिंग प्लांट चल रहा था, उसके मकान मालिक सहित तीन को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक महंगी कार और एक पिकअप वैन बरामद किया गया है। शराब की तस्करी के लिए तस्करों ने महंगे कार के पिछले सीट को तहखाने के रूप में तब्दील कर दिया था, उसी में नकली शराब को रखकर उसकी तस्करी की जाती थी। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा ने बताया नकली शराब की बिक्री के वजह से राजस्व को भारी नुकसान पहुच रहा है, वहीं लोगों को खराब शराब भी खरीदना पड़ रहा है। सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए उत्पाद विभाग की टीम ने जिस घर में बॉटलिंग प्लांट चल रहा था उसके मकान मालिक सूरज रजवार, प्रवीण कुमार महतो और धर्मेंद्र पासवान को गिरफ्तार किया है। नकली शराब की बॉटलिंग में मकान मालिक भी पूरी मदद कर रहा था। बरामद कार मुजफ्फरपुर के रहने वाले एक व्यक्ति की है। वहीं जो पिकअप वैन बरामद किया गया है वह चोरी का बताया जा रहा है।


